

विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर फिर 700 अरब डॉलर के पार

- 12




पश्चिम एशिया में तनाव घटने से शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स 505 अंक चढ़ा

- 12



कर्नाटक : हत्या के मामले में कांग्रेस विधायक को उम्रकैद

- 13



डगआउट में फोन का इस्तेमाल करना रॉयल्स के मैनेजर भिंडर पर पड़ा भारी

- 14

आज का मौसम

41.0° अधिकतम तापमान

26.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.42 सूर्यास्त 06.34

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ बरेली कानपुर मुरादाबाद अयोध्या हल्द्वानी

बैशाख शुक्ल पक्ष प्रतिपदा 02:10 उपरांत द्वितीया विक्रम संवत 2083

शनिवार, 18 अप्रैल 2026, वर्ष 4, अंक 241, पृष्ठ 14 मूल्य 6 रुपये

### लोकसभा में पारित नहीं हो पाया महिला आरक्षण संबंधी संविधान संशोधन विधेयक

# अधर में अधिकार


| पक्ष में पड़े वोट | विपक्ष में पड़े मत | अनिवार्य थे इतने वोट | सदन में कुल पड़े वोट |
|---|---|---|---|
| 298 | 230 | 352 | 528 |

- **समर्थन में 54 वोट कम पड़े, मोदी सरकार बिल पास कराने में पहली बार नाकाम, संसद की सीटें बढ़ाकर 850 का था प्रावधान**
- **बिल पास कराने के लिए दो तिहाई बहुमत की थी जरूरत, लोकसभा में कुल 543 सीटें हैं, 3 सीटें खाली होने से 540 हैं मौजूदा सांसद**

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण 2029 के संसदीय चुनावों से लागू करने से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक शुक्रवार को संसद के निचले सदन में पारित नहीं हो पाया। सदन में संविधान (131वां) संशोधन विधेयक 2026, पर हुए मत विभाजन के दौरान इसके पक्ष में 298 और विरोध में 230 वोट पड़े। लोकसभा में संविधान संशोधन विधेयक को पारित करने के लिए दो तिहाई बहुमत की जरूरत होती है। विधेयक पर मत विभाजन में 528 सदस्यों ने हिस्सा लिया। इस विधेयक को पारित करने के लिए 352 सदस्यों के समर्थन की आवश्यकता थी।

सरकार ने कहा कि विपक्ष ने महिलाओं को अधिकार और सम्मान देने का एक ऐतिहासिक मौका गंवा दिया है। संविधान संशोधन विधेयक पारित नहीं होने के बाद, परिसीमन विधेयक, 2026 और संघ राज्य विधि (संशोधन) विधेयक, 2026 को भी सदन में आगे नहीं बढ़ाया जा सका, जिन्हें चर्चा और पारित कराने के लिए रखा गया था। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि संविधान संशोधन विधेयक के पारित नहीं होने के बाद, अब इससे संबंधित दोनों विधेयकों 'परिसीमन विधेयक, 2026' और 'संघ राज्य विधि (संशोधन) विधेयक, 2026' को आगे नहीं बढ़ा सकते। उन्होंने कहा, महिलाओं को अधिकार और सम्मान देने वाले विधेयक का विपक्ष ने सम्मान नहीं किया, यह बहुत खेद की बात है। ऐतिहासिक पल था, यह एक मौका था आपने गंवाया है।



### संविधान पर आक्रमण था विधेयक, हमने इसे रोका : राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने विधेयक पारित नहीं होने के बाद कहा कि यह संविधान पर आक्रमण था, जिसे विपक्ष ने नाकाम कर दिया। उन्होंने संसद परिसर में यह भी कहा कि यदि प्रधानमंत्री मोदी महिला आरक्षण लागू करना चाहते हैं तो 2023 में पारित कानून को लागू करें जिसमें विपक्ष पूरा सहयोग देगा। यह महिला (आरक्षण) विधेयक नहीं था, ये हिंदुस्तान के राजनीतिक और चुनावी ढांचे को बदलने की कोशिश थी, संविधान पर आक्रमण था। हमने इसे रोक दिया। मैं प्रधानमंत्री से कहना चाहता हूं, अगर आप महिला आरक्षण विधेयक लाना चाहते हैं, तो 2023 का विधेयक आज से लागू कर दीजिए, पूरा विपक्ष 100% समर्थन देगा।

### महिला आरक्षण का विरोध करने वालों से नारी शक्ति हिसाब मांगेगी : अमित शाह



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों पर महिला आरक्षण का विरोध करने का आरोप लगाते हुए लोकसभा में कहा कि देश की महिलाएं देख रही हैं कि उनके रास्ते का रोड़ा कौन है और विपक्ष के नेताओं को चुनाव में महिलाओं के आक्रोश का सामना करना पड़ेगा। शाह ने कहा कि जो लोग परिसीमन का विरोध कर रहे हैं, वे कहीं न कहीं अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (एससी-एसटी) के लिए आरक्षित सीटों में बढ़ोतरी का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के सभी सदस्यों ने अगर-मगर, किंतु-परंतु का उपयोग करके स्पष्ट रूप से महिला आरक्षण का विरोध किया है। यह दिखाने का प्रयास किया गया कि विरोध हमारे क्रियान्वयन के तरीके पर है। मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि यह विरोध क्रियान्वयन का नहीं, बल्कि केवल महिला आरक्षण का विरोध है।

# ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट को खोला कॉमर्शियल जहाज गुजर सकेंगे

- **ट्रंप बोले- शुक्रिया ईरान, लेकिन ईरान की नाकाबंदी जारी रहेगी**
- **क्रेमलिन ने लेबनान में 10 दिनों के युद्धविराम का किया स्वागत**

तेहरान/इस्लामाबाद/मास्को, एजेंसी


ईरान ने शुक्रवार को होर्मुज को खोलने का एलान किया। उसने कहा कि अब होर्मुज सभी वाणिज्यिक जहाजों के लिए पूरी तरह से खुला है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची की यह घोषणा ऐसे समय में आई है, जब एक दिन पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने लेबनान और इजराइल के बीच 10 दिन के युद्धविराम की घोषणा की थी। वहीं, ट्रंप ने कहा कि अमेरिका की मदद से ईरान होर्मुज से सभी समुद्री बारूदी सुरंगें हटा रहा है।

ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, लेबनान में हुए युद्धविराम के मद्देनजर, होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरने वाले सभी वाणिज्यिक जहाजों के लिए मार्ग युद्धविराम की शेष अवधि के लिए पूरी तरह से खुला घोषित किया गया है। उन्होंने हालांकि कहा कि जहाजों को ईरान के बंदरगाह और समुद्री संगठन द्वारा पहले से घोषित मार्ग पर ही चलना होगा। इसके कुछ मिनट बाद, राष्ट्रपति ट्रंप ने एक पोस्ट में इस घोषणा को साझा किया। ट्रंप ने कहा, ईरान ने अभी-अभी घोषणा की है कि ईरान पूरी तरह से खुला है। वहीं, रूस ने लेबनान और इजराइल के बीच युद्धविराम का स्वागत किया। राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री ने कहा, हमें उम्मीद है कि इन दिनों के दौरान ऐसे समझौते पर पहुंचना संभव होगा जिससे भविष्य में सैन्य संघर्षों की पुनरावृत्ति से बचा जा सके।

### लेबनान में सीजफायर के बाद लिया फैसला




### अमेरिका-ईरान के बीच बातचीत बहुत सफल रही



राष्ट्रपति ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत बहुत सफल रही है और समझौता होने की पूरी संभावना है। उन्होंने कहा कि अगर डील हो जाती है तो तेल की आपूर्ति सामान्य हो जाएगी, होर्मुज पूरी तरह खुला रहेगा और हालात बेहतर हो जाएंगे। ट्रंप ने यह भी कहा कि ईरान अपने उच्च संवर्धित यूरेनियम, जिसे उन्होंने 'न्यूक्लियर डस्ट' कहा, अमेरिका को सौंपने के लिए तैयार है और भविष्य में यूरेनियम संवर्धन नहीं होगा।

### होर्मुज रूट खुलने के बाद कच्चा तेल 13% सस्ता

ईरान के होर्मुज रूट को कॉमर्शियल जहाजों के लिए पूरी तरह खोलने के एलान के बाद क्रूड ऑयल (कच्चा तेल) 13% सस्ता हुआ है। शुक्रवार, 17 अप्रैल को दाम करीब 13 डॉलर गिरकर 86 डॉलर प्रति बैरल पर आ गए हैं। एक दिन पहले क्रूड ऑयल की कीमत 99 .39 डॉलर प्रति बैरल थी। 28 फरवरी को जंग शुरू होने से पहले कच्चा तेल 73 डॉलर प्रति बैरल था। जंग के दौरान 9 मार्च को दाम बढ़कर 120 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गए थे।तब से पेट्रोल-डीजल के रेट बढ़ने की आशंका जताई जा रही थी।

### ब्रीफ न्यूज

#### हरिवंश रास के निर्विरोध उपसभापति चुने गए

**नई दिल्ली।** मनोनीत सदस्य हरिवंश को शुक्रवार को राज्यसभा का उपसभापति निर्विरोध निर्वाचित किया गया। पत्रकारिता से राजनीति में आए हरिवंश का यह उपसभापति के रूप में तीसरा कार्यकाल है। हरिवंश के निर्वाचन के लिए केंद्रीय मंत्री और सदन के नेता जेपी नड्डा ने एक प्रस्ताव पेश किया और और एस फांग्नोन कोन्याक ने प्रस्ताव का समर्थन किया। प्रस्ताव को ध्वनिमत से पारित किए जाने के बाद हरिवंश तीसरी बार उपसभापति चुने गए। उपसभापति पद के लिए हरिवंश के पक्ष में कुल पांच प्रस्ताव पेश किए गए।

#### एअर इंडिया के पायलट के पास से गांजा बरामद अमेरिका ने वापस भेजा

**नई दिल्ली।** दिल्ली से अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को जाने वाली एक उड़ान में यात्री के तौर पर सफर करने वाले एअर इंडिया के एक पायलट के पास गांजा बरामद किया गया, जिसके बाद अमेरिका ने उन्हें वापस भेज दिया। विमानन कंपनी के प्रवक्ता ने शुक्रवार को कहा, हमारे चालक दल के एक सदस्य एक आगामी उड़ान के संचालन के लिए 14 अप्रैल को दिल्ली से सैन फ्रांसिस्को पहुंचे थे, जिन्हें स्थानीय कानूनों के अनुसार प्रवेश के लिए अयोग्य पाया गया और वापस भारत भेज दिया गया।

# प्रदेश में नई तबादला नीति लागू करने की तैयारी

- **कैबिनेट में पेश होगा प्रस्ताव सेटिंग-ट्रांसफर पर लगाम दंपती व दिव्यांगों को राहत**
- **पारदर्शी सिस्टम की तैयारी संदिग्ध छवि वाले अफसरों को नहीं मिलेंगे संवेदनशील पद**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में तबादलों को लेकर लंबे समय से बनी असहज स्थिति और भ्रष्टाचार के आरोपों के बीच योगी सरकार नई तबादला नीति लागू करने की तैयारी में है। सूत्रों के अनुसार इस नीति को इसी महीने कैबिनेट में पेश किया जा सकता है। इसके लागू होते ही लाखों सरकारी कर्मचारियों पर सीधा असर पड़ेगा।

नई नीति का सबसे बड़ा फोकस कर्मचारियों के पारिवारिक संतुलन और मानवीय पहलुओं पर रखा गया है। इसके तहत सरकारी सेवा में कार्यरत पति-पत्नी को एक ही जिले में तैनाती देने को प्राथमिकता दी जाएगी या उनकी पसंद के अनुसार पोस्टिंग का विकल्प दिया जाएगा। लंबे समय से अलग-अलग जिलों में तैनात दंपत्तियों की समस्याओं को देखते हुए इसे बड़ा राहत कदम माना जा रहा है। दिव्यांग कर्मचारियों के लिए भी सरकार विशेष प्रावधान ला रही है। प्रस्तावित नीति के अनुसार 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले कर्मचारियों के तबादले नहीं किए जाएंगे।

अन्य दिव्यांग कर्मियों को मनचाही पोस्टिंग का विकल्प मिलेगा। वहीं जिन कर्मचारियों के परिवार में गंभीर दिव्यांग आश्रित हैं, उन्हें भी विशेष प्राथमिकता देने की तैयारी है। प्रशासनिक सुधार के लिहाज से भी नीति में कई अहम बदलाव प्रस्तावित हैं। समूह 'क' के अधिकारियों को उनके गृह जिले में तैनाती नहीं दी जाएगी। यदि पद मंडल स्तर का है तो गृह मंडल में भी पोस्टिंग से बचा जाएगा। जिन कर्मचारियों की सत्यनिष्ठा संदिग्ध पाई गई है, उन्हें संवेदनशील पदों से दूर रखा जाएगा। सरकार तबादला प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने की दिशा में भी काम कर रही है, ताकि सिफारिश और 'सेटिंग' के आरोपों पर लगाम लगाई जा सके। नई नीति को प्रशासनिक व्यवस्था में बड़ा सुधार माना जा रहा है, जिससे कर्मचारियों का मनोबल बढ़ने के साथ-साथ सिस्टम में जवाबदेही भी मजबूत होगी।

### नई तबादला नीति की मुख्य बातें

- पति-पत्नी को एक ही जिले में तैनाती की प्राथमिकता
- 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग कर्मचारियों के तबादले नहीं होंगे
- अन्य दिव्यांग कर्मियों को मनचाही पोस्टिंग का विकल्प
- दिव्यांग आश्रित वाले कर्मचारियों को विशेष राहत
- समूह 'क' अधिकारियों की गृह जिले/मंडल में पोस्टिंग पर रोक
- संदिग्ध छवि वाले अफसरों को संवेदनशील पद नहीं
- ट्रांसफर प्रक्रिया को पारदर्शी और सिस्टम आधारित बनाने की तैयारी

# राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश

- **कथित दोहरी नागरिकता के मामले में हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने दिया आदेश**

विधि संवाददाता, लखनऊ

हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने कांग्रेस नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ कथित दोहरी नागरिकता मामले में एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि एफआईआर दर्ज होने के बाद राज्य सरकार चाहे तो मामले की जांच किसी केंद्रीय जांच एजेंसी से भी करवा सकती है।

यह आदेश न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने कर्नाटक निवासी याची एस विग्नेश शिशिर की याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। याची ने 28 जनवरी 2026 को विशेष कोर्ट, एमपी-एमएलए, लखनऊ द्वारा पारित उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें राहुल गांधी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग को खारिज कर दिया गया था। विशेष न्यायालय ने अपने आदेश में कहा था कि नागरिकता से जुड़े विवाद पर निर्णय देना उसके अधिकार क्षेत्र में नहीं आता। इसी के विरुद्ध याची ने हाईकोर्ट का रुख किया था । याची ने राहुल गांधी पर भारतीय न्याय संहिता, आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम, विदेशी अधिनियम तथा पासपोर्ट अधिनियम के तहत विभिन्न गंभीर आरोप लगाए हैं और मामले की विस्तृत जांच की मांग की है। उल्लेखनीय है कि यह शिकायत पहले रायबरेली की विशेष न्यायालय में दायर की गई थी। बाद में याचिकाकर्ता के अनुरोध पर 17 दिसंबर 2025 को उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ ने इस प्रकरण को रायबरेली से लखनऊ स्थानांतरित कर दिया था। इसके बाद 28 जनवरी 2026 को लखनऊ की विशेष न्यायालय ने याचिका खारिज कर दी थी, जिसके खिलाफ अब उच्च न्यायालय ने यह आदेश पारित किया है।




# एशिया के नए 'किंग' बने गौतम अडानी

**नई दिल्ली।** उद्योगपति गौतम अडानी रिलायंस इंडस्ट्रीज लि. के प्रमुख मुकेश अंबानी को पीछे छोड़कर एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। यह बदलाव उनके बंदरगाह से ऊर्जा क्षेत्र तक फैले समूह के शेयर में लगातार तेजी के कारण उनकी संपत्ति में हुई वृद्धि के कारण हुआ है।

एशिया के अमीर व्यक्तियों की ताजा रैंकिंग के अनुसार, अडानी की कुल संपत्ति 92.6 अरब डॉलर है, जबकि अंबानी की संपत्ति 90.8 अरब डॉलर आंकी गई है। इस तरह अडानी अब भारत और एशिया दोनों में सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। अडानी बंदरगाह नेटवर्क और देश के सबसे बड़े नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादक और निजी हवाई अड्डा संचालक करते हैं। वह वर्तमान में 'ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स' में 19वें स्थान पर हैं। यह दुनिया के 500 सबसे अमीर व्यक्तियों की सूची है।

### ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स




- **रिलायंस समूह के चेयरमैन मुकेश अंबानी को पीछे छोड़ा**
- **अदाणी की कुल संपत्ति 92.6 अरब डॉलर आंकी गई**

# सुप्रीम कोर्ट ने पवन खेड़ा को राहत देने से किया इन्कार

- **असम की अदालत का रुख करने को कहा**

**नई दिल्ली।** शीर्ष कोर्ट ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता पवन खेड़ा की उस याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया, जिसमें उन्होंने असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की पत्नी पर लगाए गए आरोपों को लेकर उनके खिलाफ दर्ज मामले में 20 अप्रैल तक गिरफ्तारी से संरक्षण देने का अनुरोध किया था। शीर्ष अदालत ने खेड़ा से कहा कि वह इस मामले में अग्रिम जमानत के लिए असम की सक्षम अदालत का रुख करें। उसने स्पष्ट किया कि राज्य की अदालत खेड़ा की याचिका पर बिना किसी प्रतिकूल टिप्पणी पर ध्यान दिए सुनवाई करेगी, चाहे वह इस न्यायालय द्वारा की गई हो या तेलंगाना उच्च न्यायालय द्वारा।

# पंजाब के उद्योग मंत्री और उनसे जुड़े लोगों के परिसरों पर ईडी की छापेमारी



- **शेयर बाजार में इनसाइडर ट्रेडिंग और यूएई से भारत में सट्टेबाजी के धन की 'राउंड-ट्रिपिंग' का मामला**

नई दिल्ली/लुधियाना, एजेंसी

ईडी ने पंजाब के उद्योग मंत्री संजीव अरोड़ा, उनके बेटे और कुछ अन्य लोगों से जुड़े परिसरों पर शुक्रवार को छापेमारी की। यह कार्रवाई विदेशी मुद्रा उल्लंघन की जांच के तहत की गई, जो शेयर बाजार में 'इनसाइडर ट्रेडिंग' और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से भारत में सट्टेबाजी के धन की 'राउंड-ट्रिपिंग' से जुड़ी है।

शेयर बाजार में 'इनसाइडर ट्रेडिंग' का मतलब उन व्यक्तियों द्वारा शेयरों की खरीद या बिक्री करना है, जिनके पास किसी कंपनी के बारे में गैर-सार्वजनिक, भौतिक जानकारी तक पहुंच होती है। वहीं, 'राउंड ट्रिपिंग' एक भ्रामक वित्तीय युक्ति है जिसमें एक ही या समान वित्तीय परिसंपत्तियों की बार-बार खरीद-बिक्री की जाती है। 'राउंड ट्रिपिंग' से अभिप्राय उस धन से होता है जो विभिन्न माध्यमों से देश के बाहर जाता है और फिर यही धन विदेशी निवेश के रूप में देश में वापस आता है। इसमें ज्यादातर काला धन शामिल होता है।

### रियल एस्टेट समूह के खिलाफ भी छापे मारे

**कोलकाता।** ईडी ने कोलकाता स्थित रियल एस्टेट कंपनी मर्लिन समूह और उससे जुड़ी कुछ इकाइयों के खिलाफ जारी धनशोधन जांच के तहत शुक्रवार को फिर से छापे मारे। एजेंसी ने इससे पहले भी आठ अप्रैल को समूह (मर्लिन प्रोजेक्ट्स लिमिटेड) और उसके प्रवर्तकों -सुशील मोहता एवं साकेत मोहता- से जुड़े परिसरों में छापेमारी की थी। मामले में शामिल कुछ इकाइयों के कोलकाता और उत्तर 24 परगना जिले में स्थित करीब चार-पांच परिसरों पर पीएमएलए के तहत शुक्रवार को छापे मारे जा रहे हैं।

### जनता दर्शन

**मुख्यमंत्री ने गोरखनाथ मंदिर में 200 लोगों की सुनीं समस्याएं, इलाज-आवास और शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई के दिए निर्देश**

# जन समस्याओं का त्वरित समाधान करें अधिकारी : योगी

राज्य ब्यूरो, गोरखपुर

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन जनता दर्शन में आम लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि हर शिकायत पर त्वरित और संवेदनशील कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर में आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने करीब 200 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री स्वयं लोगों के पास पहुंचे, उनके प्रार्थना पत्र लिए और समस्याओं का संज्ञान लिया।

इसके बाद उन्होंने संबंधित प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र सौंपते हुए निर्देशित किया कि सभी मामलों का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और संतुष्टिपरक तरीके से किया जाए। मुख्यमंत्री ने जनता को भरोसा दिलाते हुए कहा कि घबराइए मत, सरकार आपकी हर समस्या का प्रभावी समाधान सुनिश्चित करेगी। जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग लेकर पहुंचे। इस पर मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा।



**गोरखपुर :** गोरखनाथ मंदिर में लोगों की शिकायतें सुनते मुख्यमंत्री योगी।

### मुख्यमंत्री ने पात्र लाभार्थियों को शीघ्र योजना का लाभ देने के दिए निर्देश

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जरूरतमंदों के उपचार के लिए तत्काल एस्टीमेट तैयार कराकर उपलब्ध कराया जाए, ताकि सरकार शीघ्र आर्थिक सहायता प्रदान कर सके। इसके अलावा कुछ महिलाओं ने आवास की समस्या रखी, जिस पर मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि पात्र लोगों को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास योजनाओं के तहत पक्का घर उपलब्ध कराया जाएगा। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि ऐसे सभी पात्र लाभार्थियों को चिह्नित कर शीघ्र योजना का लाभ दिलाया जाए। मुख्यमंत्री के इस रुख से स्पष्ट है कि सरकार जन समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान के लिए प्रतिबद्ध है और प्रशासनिक तंत्र को भी इसी दिशा में सक्रिय किया जा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### पश्चिम बंगाल में योगी आज करेंगे जनसभाएं और रोडशो

**अमृत विचार, लखनऊ :** पश्चिम बंगाल के चुनावी परिदृश्य में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मांग तेजी से बढ़ती नजर आ रही है। तीन-तीन विधानसभाओं में हुई उनकी चुनावी सभाओं में उमड़ी भारी भीड़ ने न सिर्फ टीएमसी की मुश्किलें बढ़ाई हैं। पश्चिम बंगाल के चुनावी रण में शनिवार को एक बार फिर मुख्यमंत्री योगी निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री दोपहर 12 बजे कूच बिहार जिले की माथाभांगा विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद वे जलपाईगुड़ी जिले की धूपगुड़ी विधानसभा पहुंचेंगे, जहां दोपहर 1:20 बजे जनसभा को संबोधित कर भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में माहौल बनाएंगे। दिन के अंतिम चरण में मुख्यमंत्री का फोकस बांकुरा जिले पर रहेगा, जहां शाम 4:15 बजे उनका रोड शो प्रस्तावित है। जंगलमहल क्षेत्र के इस अहम जिले में रोड शो के जरिए शक्ति प्रदर्शन की व्यापक तैयारी की गई है।

### बिल्डरों के ऑफरों से सतर्क रहें खरीदार

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. विनियामक प्राधिकरण ने घर खरीदारों को बिल्डरों द्वारा दिए जाने वाले अशोर्ड रिटर्न और पजेशन से पहले निश्चित मासिक किराया जैसी भ्रामक प्रचार योजनाओं के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी है। स्पष्ट किया कि बिल्डरों द्वारा दिए जा रहे ऐसे ऑफर्स की कोई कानूनी वैधता नहीं है। खरीदार सतर्क और सोच-समझकर निवेश करें। रेरा ने देखा है कि कुछ रियल एस्टेट बिल्डर अब भी आकर्षक विज्ञापनों के माध्यम से लोगों को लुभा रहे हैं। इसके अलावा, फ्री कार, सोने के सिक्के और लग्जरी विदेशी यात्राएं जैसे ऑफर्स भी दिए जा रहे हैं। अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी ने स्पष्ट किया है कि प्राधिकरण लगातार इस क्षेत्र की निगरानी कर रहा है। ऐसे मामलों में जुर्माना, दंड या अन्य कार्रवाई की जा सकती है।

# सुरक्षा, जांच और आतंकवाद-रोधी इकाइयों को 600 करोड़

## आधुनिक पुलिसिंग, तेज जांच और कानून-व्यवस्था सुधार पर प्रदेश सरकार का फोकस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सुरक्षा, एसटीएफ, एटीएस, जांच, विशेष अनुसंधान व शोध इकाइयों को मिला बड़ा बजट

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए पुलिस विभाग को मजबूत बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। गृह विभाग ने करीब 600 करोड़ रुपये की धनराशि पुलिस महानिदेशक को दी है। यह निवेश सीधे तौर पर आम जनता की सुरक्षा और भरोसे को मजबूत करेगा।

यह बजट पुलिस की विभिन्न इकाइयों जैसे स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ), आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस), सुरक्षा शाखा, विशेष अनुसंधान दल और इंडिया रिजर्व वाहिनी के संचालन, वेतन और तकनीकी सुदृढ़ीकरण पर खर्च होगा। शासनादेशों के अनुसार, सबसे अधिक धनराशि सुरक्षा शाखा को करीब 181 करोड़ रुपये, जबकि एसटीएफ को 124 करोड़ रुपये और इंडिया रिजर्व वाहिनी के गठन के लिए 110 करोड़ रुपये दिए गए हैं। इसके अलावा एटीएस को लगभग 88 करोड़, स्पेशल पुलिस ऑपरेशन टीम को 69 करोड़ और विशेष अनुसंधान व शोध इकाइयों को भी अलग-अलग मदों में बजट आवंटित किया गया है।

सरकार ने स्पष्ट किया है कि यह धनराशि सीधे खर्च के लिए नहीं होगी, बल्कि वित्तीय नियमों और स्वीकृतियों के तहत ही उपयोग की जा सकेगी। साथ ही, व्यय में पारदर्शिता, मितव्ययिता और किसी भी प्रकार की अनियमितता से बचाव के लिए सख्त निर्देश भी जारी किए गए हैं।

### किसे कितनी मिली धनराशि



| इकाई / विभाग | स्वीकृत धनराशि |
|---|---|
| इंडिया रिजर्व वाहिनी | 1,10,38,63,000 |
| स्पेशल पुलिस ऑपरेशन टीम | 69,57,17,000 |
| सुरक्षा शाखा | 1,81,57,55,000 |
| स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) | 1,24,10,17,000 |
| आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) | 88,84,43,000 |
| विशेष अनुसंधान दल | 17,42,41,000 |
| शोध एवं सांख्यिकी इकाई | 7,85,68,000 |

कुल अनुमानित आवंटन : 5,99,75,04,000 (लगभग 600 करोड़ रुपये)

इन आवंटनों से साफ है कि सरकार का फोकस कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने पर है। विशेष रूप से एसटीएफ, एटीएस और अनुसंधान इकाइयों का बजट बढ़ाकर संगठित अपराध, आतंकवाद और जटिल मामलों की जांच को तेज और प्रभावी बनाने की रणनीति अपनाई गई है। शोध एवं सांख्यिकी इकाई, फिंगरप्रिंट ब्यूरो और स्पेशल ऑपरेशन टीम को मिले बजट से पुलिसिंग में तकनीक और वैज्ञानिक तरीकों का इस्तेमाल बढ़ेगा। इससे न केवल अपराधों की जांच की गुणवत्ता सुधरेगी, बल्कि आम जनता को भी बेहतर और तेज सुरक्षा सेवाएं मिल सकेंगी।

# हज यात्रा की लखनऊ से पहली उड़ान 22 को

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मंत्री दानिश आजाद अंसारी दिखाएंगे हरी झंडी

**अमृत विचार :** अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज व समिति के अध्यक्ष दानिश आजाद अंसारी शुक्रवार को सरोजनीनगर स्थित मौलाना अली मियां मेमोरियल हज हाउस में उप्र. राज्य हज समिति की बैठक कर रहे थे। बैठक में हज यात्रियों की सुविधाओं और प्रबंधन से जुड़ी तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई। साथ ही यात्रियों के हित में आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए गए।

सचिव-कार्यपालक अधिकारी एसपी तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि लखनऊ से हज की पहली उड़ान 22 अप्रैल को फ्लाईनास एयरलाइंस के माध्यम से रवाना होगी। इसके पहले हज हाउस में सुबह 7 बजे एक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मंत्री दानिश आजाद अंसारी, हज समिति के सदस्य, मुस्लिम धर्मगुरु और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के बाद पहले जत्थे को लेकर जाने वाली बस को मंत्री व अन्य अतिथियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा।

# 203 संविदाकारों के लाइसेंस हुए निरस्त, 24 कारखानों पर कार्रवाई

## नोएडा में श्रम कानून के उल्लंघन पर योगी सरकार का बड़ा एक्शन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/नोएडा

- 1.16 करोड़ की पेनल्टी नोटिस उद्योगों में 21% वेतन वृद्धि लागू

**अमृत विचार:** प्रदेश में श्रमिकों के अधिकारों को लेकर योगी सरकार ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ा कार्रवाई अभियान चलाया है। गौतमबुद्धनगर में श्रम कानूनों का उल्लंघन करने वाले 24 कारखानों से जुड़े 203 संविदाकारों के लाइसेंस निरस्त करके काली सूची डालने के साथ 1.16 करोड़ की पेनल्टी वसूली की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

अपर श्रमायुक्त राकेश द्विवेदी के अनुसार, हालिया घटनाओं में श्रमिकों के हितों की अनदेखी और नियमों के उल्लंघन के मामले सामने आने के बाद यह कार्रवाई की गई है। जिन संविदाकारों ने श्रमिकों को उनके देय भुगतान और वैधानिक लाभ नहीं दिए, उनके खिलाफ 1 करोड़ 16 लाख 5 हजार 67 रुपये की पेनल्टी का नोटिस जारी किया गया है, जिसे श्रमिकों को भुगतान करने के निर्देश दिए गए हैं।

सरकार ने स्पष्ट किया है कि श्रमिकों के अधिकारों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। जिन संविदाकारों की भूमिका संदिग्ध पाई गई है, उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने और वसूली की कार्रवाई भी की जाएगी। साथ ही अन्य दोषी संविदाकारों की पहचान कर उनके खिलाफ भी कार्रवाई जारी रहेगी। श्रमिकों के वेतन को लेकर भी बड़ा निर्णय लिया गया है। शासन स्तर पर गठित उच्च स्तरीय समिति की संस्तुति के आधार पर गौतमबुद्धनगर और गाजियाबाद में 74 अनुसूचित नियोजनों के श्रमिकों के वेतन में 21 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। यह वृद्धि 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी होगी और इसका भुगतान मई माह में किया जाएगा।

सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि ईपीएफ और ईएसआई के अतिरिक्त किसी अन्य प्रकार की कटौती मान्य नहीं होगी। ओवरटाइम का भुगतान दोगुनी दर से किया जाएगा और बोनस व ग्रेच्युटी जैसे सभी वैधानिक लाभ सुनिश्चित किए जाएंगे।

### उद्यमी संगठनों की भी पहल

- औद्योगिक इकाइयों से न्यूनतम वेतन वृद्धि लागू करने की अपील
- व्हाट्सएप ग्रुप्स के जरिए संदेश, ऑडियो-वीडियो प्रसारित
- शासन की गाइडलाइंस के पालन को लेकर जागरूकता अभियान
- औद्योगिक सौहार्द और शांति बनाए रखने में सहयोग



लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात करती फिल्म कृष्णावतारम की टीम। अमृत विचार

# योगी से मिली फिल्म कृष्णावतारम की टीम, मथुरा से ट्रेलर लांच

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में फिल्म निर्माण को बढ़ावा देने की दिशा में एक और सकारात्मक संकेत सामने आया है। फिल्म 'कृष्णावतारम पार्ट-1 : द हार्ट' की टीम ने शुक्रवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान फिल्म के निर्देशक हार्दिक गज्जर, निर्माता सज्जन राजगुरु, अभिनेता सिद्धार्थ गुप्ता और अभिनेत्री संस्कृति जयना मौजूद रहे।

मुलाकात के दौरान फिल्म की थीम, निर्माण और इसके संदेश को लेकर मुख्यमंत्री से विस्तार से चर्चा की गई। कलाकारों ने बताया कि फिल्म का ट्रेलर भगवान कृष्ण की नगरी मथुरा से लांच किया गया है और वे अपनी इस यात्रा की शुरुआत उत्तर प्रदेश से करना चाहते थे, इसलिए मुख्यमंत्री का आशीर्वाद लेने पहुंचे। यह फिल्म भारतीय सांस्कृतिक और आध्यात्मिक मूल्यों पर आधारित है, जिसे आधुनिक तकनीक और भव्यता के साथ प्रस्तुत किया गया है। निर्माताओं के अनुसार 'कृष्णावतारम' 7 मई को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मुलाकात के दौरान उत्तर प्रदेश में फिल्म निर्माण की संभावनाओं पर भी चर्चा हुई।

# सपा प्रतिनिधिमंडल को नोएडा जाने से रोका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- हाउस अरेस्ट करने का किया गया प्रयास

**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव के निर्देश पर नोएडा जा रहे सपा प्रतिनिधिमंडल को पुलिस द्वारा रास्ते में ही रोक लिया गया। जिसके बाद नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय समेत प्रतिनिधिमंडल के सभी नेता निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पीड़ित मजदूरों के पास नहीं पहुंच सके।

सपा के प्रतिनिधिमंडल में नेता प्रतिपक्ष के नेतृत्व में नोएडा, गौतमबुद्ध नगर में पीड़ित श्रमिकों से मिलने एवं उनकी समस्याओं को जानने के लिए रवाना हुआ, प्रतिनिधिमंडल में कमाल अख्तर, सुधीर भाटी, आश्रय गुप्ता, शाहिद मंजूर, अतुल प्रधान, पंकज कुमार मलिक, प्रशांत यादव, राज कुमार भाटी एवं सुनील चौधरी सहित अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।



पुलिस टीम के घेरे में पत्रकारों के सवालों का जवाब देते नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय।

पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने बताया कि पार्टी इस तरह की दमनकारी नीतियों के खिलाफ लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि प्रस्थान से पूर्व पुलिस प्रशासन द्वारा इन सभी नेताओं को उनके आवास पर ही नजरबंद करने का प्रयास किया गया, किंतु सभी नेता अधिकारों का प्रयोग करते हुए अपने-अपने आवासों से निकलकर नोएडा के लिए रवाना हुए थे।

### रास्ते में रोके गए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष

**अमृत विचार, लखनऊ :** नोएडा पुलिस के साथ झड़प से घायल जिला कांग्रेस कमेटी गौतमबुद्धनगर के अध्यक्ष दीपक चोटीवाला का कुशलक्षेम जानने जा रहे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय को पुलिस ने रास्ते में रोक दिया। प्रदेश अध्यक्ष ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि एक जनप्रतिनिधि और राजनीतिक दल के प्रदेश अध्यक्ष को अपने ही कार्यकर्ता से मिलने से रोकना बेहद निंदनीय और अलोकतांत्रिक कदम है। उन्होंने कहा कि सरकार विपक्ष की आवाज को दबाने और जनसरोकार के मुद्दों से ध्यान भटकाने का काम कर रही है। अजय राय ने पुलिस प्रशासन की इस कार्रवाई की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि प्रशासन को सत्ता के दबाव में आकर कार्य नहीं करना चाहिए।

# आजमगढ़ और बदायूं में पर्यटन विकास को करोड़ों की सौगात

**अमृत विचार, लखनऊ:** राज्य सरकार ने पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में आजमगढ़ और बदायूं जिलों के लिए बड़ी धनराशि मंजूर की है। आजमगढ़ में 11 परियोजनाओं के लिए कुल 889.77 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 617 लाख रुपये जारी कर दिए गए हैं। इन परियोजनाओं के तहत सगड़ी, मुबारकपुर, लालगंज, सदर, निजामाबाद, फूलपुर, पवई, दीदारगंज और गोपालपुर क्षेत्रों के प्राचीन धार्मिक स्थलों का विकास किया जाएगा। प्रमुख स्थलों में साल्हेपुर का शिव मंदिर, कठियांव का हनुमान मंदिर, ब्रह्म बाबा स्थल और दुर्वासा ऋषि आश्रम शामिल हैं। इसके अलावा दत्तात्रेय आश्रम, गढ़वा हनुमान मंदिर, बधवा महादेव पातालपुरी मंदिर और तेजवर बाबा मंदिर का भी जीर्णोद्धार होगा।

वहीं बदायूं जिले में छह परियोजनाओं के लिए 22.36 करोड़ रुपये की स्वीकृति के सापेक्ष 3.34 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। इन कार्यों के लिए उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम को कार्यदायी संस्था बनाया गया है। यहां सहस्त्रबाहु तीर्थ, तपोसिद्ध बाबा की गढ़ी, बाबा देवासदास मंदिर, लभारी का श्रीराम मंदिर और बहादुर सिंह हनुमान बाबा आश्रम का विकास किया जाएगा।

# फेंसेडिल तस्करी: सरगना शुभम के पिता एक वर्ष के लिए निरुद्ध

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- शुभम जायसवाल के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी

**अमृत विचार:** फेंसेडिल कफ सिरप तस्करी मामले में सोनभद्र पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गिरोह के सरगना शुभम जायसवाल के पिता भोला प्रसाद जायसवाल को पिट एनडीपीएस एक्ट के तहत एक वर्ष के लिए निरुद्ध कर दिया है। शासन ने पुलिस के प्रस्ताव पर मुहर लगा दी है, जबकि सरगना शुभम जायसवाल के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया गया है और उसे भगोड़ा घोषित करने की प्रक्रिया जारी है।

एसपी अभिषेक वर्मा के मुताबिक, नशीले पदार्थों की तस्करी में लिप्त अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए यह कार्रवाई की गई है। 15 अप्रैल 2026 से लागू आदेश के तहत भोला प्रसाद को जिला कारागार में रखा जाएगा।

जांच में सामने आया कि भोला प्रसाद कोडीन युक्त कफ सिरप के अवैध डायवर्जन और काले बाजार में बिक्री का अभ्यस्त अपराधी है। गिरोह फर्जी फर्म "शैली ट्रेडर्स" के माध्यम से दवाओं की फर्जी बिलिंग कर बड़ी मात्रा में कफ सिरप हासिल करता था। इसके बाद इसे अवैध रूप से बांग्लादेश तक भेजा जाता था, जिससे भारी मुनाफा कमाया जाता था।

मामले की जांच उत्तर प्रदेश स्पेशल टास्क फोर्स कर रही है। पुलिस अब गिरोह की संपत्तियों को कुर्क करने की तैयारी में जुटी है और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

# वकीलों की बीमा योजना पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रदेश सरकार से जवाब मांगा

**विधि संवाददाता, लखनऊ:** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने प्रदेश के वकीलों के लिए बीमा योजना और आर्थिक सहायता बढ़ाने के मुद्दे पर राज्य सरकार के विधि विभाग से जवाब मांगा है।

न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की खंडपीठ के समक्ष सुनवाई के दौरान अवध बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि वकीलों को दी जाने वाली आर्थिक सहायता बढ़ाने का प्रस्ताव विचाराधीन है। वरिष्ठ अधिवक्ताओं से चर्चा के बाद विस्तृत प्रस्ताव कोर्ट में पेश किया जाएगा। सुनवाई में यह भी बताया गया कि निजी वकीलों के लिए बीमा योजना लागू करने में आर्थिक बाधाएं आ रही हैं। करीब 14 हजार वकीलों के बीमा के लिए प्रति वकील लगभग 4,999 रुपये वार्षिक प्रीमियम देना होगा, जिससे कुल खर्च करीब 7 करोड़ रुपये बैठता है। इतनी बड़ी राशि वहन करना एसोसिएशन के लिए फिलहाल संभव नहीं है। मामले की अगली सुनवाई 12 मई 2026 को निर्धारित की गई है।

# सहायक आचार्य भर्ती परीक्षा आज से, सख्त इंतजाम

- 53 परीक्षा केंद्रों पर दो दिन 4 पालियों में होगी परीक्षा
- आयोग के अध्यक्ष ने की समीक्षा सीसीटीवी से निगरानी

**अमृत विचार, लखनऊ:** सहायक आचार्य भर्ती परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। 18 और 19 अप्रैल को चार पालियों में आयोजित होने वाली इस परीक्षा के लिए उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग ने व्यापक इंतजाम किए हैं।

आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने प्रदेश के 6 प्रमुख जिलों आगरा, मेरठ, लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी और गोरखपुर के 53 परीक्षा केंद्रों की तैयारियों की गहन समीक्षा की। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए सभी परीक्षा कक्षों और महत्वपूर्ण स्थानों को सीसीटीवी कैमरों से लैस किया गया है, जिन्हें जिला कंट्रोल रूम और आयोग के कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से जोड़ा गया है। हर जिले में आयोग के एक-एक सदस्य को प्रेक्षक के रूप में तैनात किया गया है। साथ ही जिला प्रशासन और पुलिस की टीमें लगातार परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करेंगी। केंद्रों के आसपास निषेधाज्ञा लागू रहेगी और पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा।

योगी सरकार के निर्देशों के तहत संदिग्ध और असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जाएगी। नकल कराने या परीक्षा की निष्पक्षता प्रभावित करने वालों के खिलाफ कड़े कानूनी कदम उठाए जाएंगे। आयोग ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे समय से परीक्षा केंद्र पहुंचें और प्रवेश पत्र में दिए गए निर्देशों का पालन करें।

आयोग ने परीक्षा को लेकर प्रसारित हो रही भ्रामक खबरों का खंडन किया है। अभ्यर्थियों को किसी भी अफवाह से बचते हुए केवल आयोग की आधिकारिक वेबसाइट www.upessc.up.gov.in एवं ''X'' हैंडल @upesscprayagraj पर सूचनाओं के संबंध में पुष्टि करने की सलाह दी गई है।

# महिला आरक्षण बिल के बहाने परिसीमन लाना चाहती थी सरकार : अखिलेश यादव



**अमृत विचार, लखनऊ:** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा के फैसलों को समझना और भी मुश्किल है। जब लोगों से कहा गया कि एसआईआर होगी, जिसमें वोटों का कटना रोका जाएगा। तब यूपी में देखा गया कि वह एसआईआर के बहाने एनआरसी करने लगे। जब भविष्य में एनआरसी करेंगे तो कौन से नए कागज मांगेंगे।

संसद परिसर में पत्रकारों से वार्ता करते हुए सपा प्रमुख ने कहा कि महिला आरक्षण के बहाने अपनी मनमर्जी परिसीमन करके लोकसभा बनाना चाहते हैं ताकि वे कभी हारे नहीं। उन्होंने कहा कि हम लोग महिलाओं के खिलाफ नहीं हैं। अब सरकार कह रही है, घर गिने जा रहे हैं, हमें क्यों नहीं गिना जा रहा है। जानवरों को गिना जा रहा है। आदमियों को नहीं गिना जा रहा है। जनगणना होगी तो जातीय जनगणना की मांग भी होगी।

**पहल** | शरीर, मन, बुद्धि और भावनाओं के संतुलित विकास की दिशा में बड़ा कदम

# पंचकोश पाठ्यक्रम से गढ़े जाएंगे नौनिहाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- नई शिक्षा नीति के अनुरूप पाठ्यक्रम, खेल-गतिविधि आधारित सीखने पर जोर



**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार बालवाटिका को केवल प्रारंभिक शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि भविष्य के सक्षम, संवेदनशील और सृजनशील नागरिकों के निर्माण की पहली प्रयोगशाला के रूप में विकसित कर रही है। 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए तैयार नया पाठ्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप है, जिसमें भारतीय ज्ञान परंपरा के 'पंचकोश' सिद्धांत को आधुनिक शिक्षा से जोड़ा गया है।

इस पाठ्यक्रम में अन्नमय, प्राणमय, मनोमय, विज्ञानमय और आनंदमय कोष की अवधारणा को बाल विकास के पांच प्रमुख आयामों से जोड़ा गया है। इसके तहत शारीरिक, भाषा एवं साक्षरता, संज्ञानात्मक, सामाजिक-भावनात्मक एवं नैतिक तथा सौंदर्यबोध विकास को केंद्र में रखा गया है। इससे बच्चों के सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) ने इस नई व्यवस्था के लिए 'चहक', 'कदम' और 'कलांकुर' जैसी पुस्तकों और गतिविधि आधारित सामग्री विकसित की है। इनमें वर्कबुक, चित्रकथा, संख्या ज्ञान, कला और संगीत से जुड़ी सामग्री शामिल है, जो खेल और अनुभव आधारित शिक्षण पद्धति को बढ़ावा देती है।

इस पहल का उद्देश्य बच्चों के व्यक्तित्व के हर पहलू को संतुलित रूप से विकसित करना है, ताकि उनकी सीखने की नींव मजबूत हो सके। बच्चों को कहानी, संवाद, चित्रकला और समूह गतिविधियों के माध्यम से सीखने का अवसर दिया जा रहा है, जिससे वे बिना दबाव के भाषा और संख्यात्मक दक्षताओं के साथ-साथ सामाजिक व्यवहार भी विकसित कर सकें। पाठ्यक्रम में शारीरिक विकास के लिए खेलकूद, भाषा विकास के लिए संवाद आधारित गतिविधियां, संज्ञानात्मक विकास के लिए जिज्ञासा आधारित सीखने की प्रक्रिया, सामाजिक एवं नैतिक विकास के लिए समूह सहभागिता और सौंदर्यबोध के लिए रचनात्मक गतिविधियों को शामिल किया गया है।

# प्रदेश में हरी खाद को बढ़ावा देगी सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- खरीफ-2026 में 4 लाख मिनीकिट और 45 हजार क्विंटल ढैंचा बीज मुफ्त
- कृषि मंत्री ने खरीफ सीजन की तैयारियों की समीक्षा की

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार रासायनिक खाद पर निर्भरता कम करने और मृदा स्वास्थ्य सुधारने के लिए अब हरी खाद को बढ़ावा देने जा रही है। इसी कड़ी में खरीफ-2026 सीजन के लिए 45 हजार क्विंटल ढैंचा बीज और 4 लाख निःशुल्क मिनीकिट किसानों को वितरित किए जाएंगे।

विधान भवन में शुक्रवार को कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने हरी खाद के उपयोग को व्यापक स्तर पर बढ़ावा देने के लिए सभी तैयारियां समय से पूरी करने के निर्देश दिए। कहा कि इससे न सिर्फ मिट्टी की उर्वरता बढ़ेगी, बल्कि फसलों की उत्पादकता में भी सुधार होगा।



कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही

सरकार द्वारा वितरित किए जाने वाले मिनीकिट में ढैंचा, मक्का, उड़द, ग्वार, भिंडी, लोबिया और ज्वार के बीज शामिल होंगे। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि बीज वितरण के लिए पोर्टल को जल्द शुरू किया जाए। खरीफ-2026 के लिए इस बार बीज वितरण का लक्ष्य भी बढ़ाया गया है। सभी फसलों के लिए कुल 2.33 लाख से अधिक वितरण लक्ष्य तय किया गया है, जो पिछले वर्ष के मुकाबले काफी अधिक है। इसमें धान, दलहन, तिलहन और बाजरा के साथ-साथ 'श्री अन्न' के तहत रागी, कोदो और सावा को भी शामिल किया गया है।

### गन्ना बीज की डिजिटल ट्रैकिंग से राहत

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में गन्ना किसानों को बेहतर बीज उपलब्ध कराने के लिए सरकार डिजिटल पहल करने जा रही है। गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग एक मोबाइल ऐप तैयार कर रहा है, जिससे बीज की ट्रैकिंग शोध केंद्र से लेकर किसानों के खेत तक की जा सकेगी। एडिशनल केन कमिश्नर वीके शुक्ला के अनुसार, 'सीड ट्रेस एंड ट्रैक' सिस्टम से बीज वितरण में पारदर्शिता आएगी और कालाबाजारी पर रोक लगेगी। किसान ऐप के जरिए बीज की उपलब्धता जान सकेंगे और अपनी मांग दर्ज कर पाएंगे। यह ऐप उत्तर प्रदेश रिमोट सेंसिंग एप्लिकेशन सेंटर और भास्कराचार्य नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर स्पेस एप्लिकेशंस एंड जियो-इन्फॉर्मेटिक्स के सहयोग से पीएम गति शक्ति योजना के तहत विकसित हो रहा है। इससे प्रदेश के करीब 46.5 लाख गन्ना किसानों को सीधा लाभ मिलेगा।

न्यूज ब्रीफ

## नाका हनुमानगढ़ी पर जयंती महोत्सव 19 को

**अयोध्या, अमृत विचार :** सनातन ब्राह्मण समाज न्यास के तत्वावधान में भगवान परशुराम जयंती महोत्सव का आयोजन 19 अप्रैल को सिद्ध पीठ नाका हनुमानगढ़ी में किया जाएगा। आयोजन अपराह्न तीन बजे तक होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता डॉ. विद्यासागर उपाध्याय विद्या वाचस्पति वेद मार्तंड, वाराणसी होंगे। यह जानकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित शिव शंकर शास्त्री ने दी। बताया कि कार्यक्रम की तैयारी में उपेंद्र शर्मा, आदित्य नारायण मिश्र, दिनेशानंद, संदीप तिवारी, रवि शुक्ल आदि सक्रिय भूमिका में हैं।

## आरबीआई के प्रबंधक बने उत्कर्ष



**अयोध्या, अमृत विचार :** उदया पब्लिक स्कूल के चीफ एजुकेशन अफसर जीवेन्द्र सिंह के पुत्र उत्कर्ष सिंह ने देश के प्रतिष्ठित व संस्थान रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) में प्रबंधक पद पर चयनित हो जनपद व विद्यालय का मान बढ़ाया है। उत्कर्ष इस समय राष्ट्रीय आवास बैंक नई दिल्ली में उप प्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने 12 वीं तक की शिक्षा उदया पब्लिक स्कूल से हासिल करने वाले उत्कर्ष ने छात्र जीवन में एनटीएसई स्कॉलर व केवीपीवाई फेलो रह चुके हैं। बिट्स पिलानी से बीटेक की डिग्री प्राप्त की है। उत्कर्ष ने सफलता का श्रेय अपनी मेहनत के साथ माता-पिता के आशीर्वाद को श्रेय दिया। उदया के चेयरमैन डॉ. सीपी त्रिपाठी, निदेशक अपूर्वा त्रिपाठी, प्रधानाचार्या निधि सिन्हा सहित शिक्षकों ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## जयंती व प्रतिभा सम्मान समारोह 19 को

**अयोध्या, अमृत विचार :** अखिल भारतीय चाणक्य परिषद एवं श्री श्री परशुराम सेवा ट्रस्ट से भगवान परशुराम जी का प्राक्ट्योत्सव और प्रतिभा सम्मान समारोह अक्षय तृतीया 19 अप्रैल को अनंत शिखर गेस्ट हाउस साकेतपुरी कॉलोनी देवकाली में 11 बजे मनाया जाएगा। यह जानकारी जिलाध्यक्ष लषणधर त्रिपाठी ने दी।

## विद्युत पोल से टकराई बाइक, दो घायल

**तारुन, अयोध्या, अमृत विचार।** तारुन-हैदरगंज मार्ग पर सरायशेख महमूद मजरे भक्तिन का पूरा गांव के पास शुक्रवार दोपहर तेज रफ्तार बाइक विद्युत पोल से भिड़ गई। जिससे सराय मनोधर गांव निवासी पवन कुमार पुत्र झिन्नू व उनका भतीजा कटटर पुत्र सीताराम घायल हो गया। पुलिस ने दोनों घायलों को तारुन सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉ. नन्हकूराम ने प्राथमिक उपचार के बाद दर्शन नगर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

## नोएडा में पुलिस कार्रवाई की निंदा

**अयोध्या, अमृत विचार :** वामदलों ने नोएडा में उद्योगों में कार्यरत श्रमिकों के पारिश्रमिक बढ़ाने समेत अन्य मांगों को लेकर हुए आंदोलन में पुलिस की दमनात्मक कार्रवाई की कड़ी निन्दा की है। भाकपा जिला सचिव अशोक कुमार तिवारी, माकपा जिला सचिव अशोक यादव एवं भाकपा (माले) जिला प्रभारी अतीक अहमद ने सभी गिरफ्तार श्रमिकों को अविलंब बिना शर्त रिहा करने, उन पर थोपे गए फर्जी मुकदमें वापस लेने और उनकी धर-पकड़ पर रोक लगाने की मांग की है। नेताओं ने श्रमिकों का पारिश्रमिक बढ़ाने, आठ घंटे काम लेने, साप्ताहिक अवकाश देने, वेतन का समय से भुगतान करने और सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने आदि मांगों को मान लेने की अपील की है।

# डीएसी नंबर के बाद भी नहीं मिल रहा गैस सिलेंडर



मवई में इंडेन गैस एजेंसी पर लगी उपभोक्ताओं की भीड़।

**मवई, अयोध्या**

**अमृत विचार :** क्षेत्र में एलपीजी गैस आपूर्ति को लेकर उपभोक्ताओं की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। कृष्णा इंडेन गैस सर्विस मवई पर उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया है कि डीएसी (डिलीवरी ऑथराइजेशन कोड) नंबर आने के बावजूद उन्हें हफ्तों तक गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है।

उपभोक्ताओं तौफीक खान, फूल चंद्र व शाबान खान का कहना है कि डीएसी नंबर जारी होने के बाद जब वे गैस एजेंसी पर संपर्क करते हैं तो उन्हें बताया जाता है कि उनका डीएसी/डीएससी नंबर रिजेक्ट हो गया है। दोबारा ऑनलाइन बुकिंग करनी होगी। प्रशासन के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद घर-घर गैस की डिलीवरी नहीं की जा रही है। उपभोक्ताओं ने प्रशासन से मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है।

# मोदहा आरओबी की दो लेन पर दौड़ने लगे वाहन

**अयोध्या कार्यालय।**

- अन्य दो लेन पर चल रहा काम, जून तक होगा पूरा
- 155 करोड़ की लागत से तैयार हो रहा 650 मीटर लंबा आरओबी

**अमृत विचार :** अयोध्या में यातायात सुधार की दिशा में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। उप्र. राज्य सेतु निगम लिमिटेड ने मोदहा रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) की चार लेन (फोरलेन) परियोजना में से दो लेन पर यातायात खोल दिया है। शेष दो लेन पर निर्माण का काम तेजी से चल रहा है। जो जून माह तक पूरा होने की संभावना है।



मोदहा रेलवे ओवरब्रिज बनकर तैयार। अमृत विचार

मोदहा चार लेन का आधुनिक आरओबी शहरवासियों और श्रद्धालुओं के लिए ट्रैफिक जाम से स्थायी राहत प्रदान करेगा। इसकी कुल लंबाई साढ़े 650 मीटर है। इसमें रेलवे का हिस्सा लगभग 72 मीटर का है। पूरा ओवरब्रिज फोर लेन का बनाया गया है, जो भारी वाहनों सहित सभी प्रकार की यातायात को सुगमता से संभाल सकेगा। इस परियोजना पर लगभग 155 करोड़ रुपये की लागत आई है। निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता वाले सामग्री और आधुनिक तकनीक का उपयोग करके पूरा किया गया है, ताकि दीर्घकालिक मजबूती सुनिश्चित हो सके। इस ब्रिज निर्माण से अब मोदहा रेलवे क्रॉसिंग पर लगने वाले जाम की समस्या से निजात मिलेगी, वहीं 14 व पांच कोसीय परिक्रमा में भी श्रद्धालुओं को राहत मिलेगी।

> यह परियोजना अयोध्या को आधुनिक और सुविधाजनक बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। मोदहा आरओबी के पूर्ण रूप से चालू होने के बाद अयोध्या की सड़क व्यवस्था और अधिक मजबूत हो जाएगी, जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। **-रोहित अग्रवाल, उप परियोजना प्रबंधक, सेतु निगम।**

# ड्युटी आवंटन में भारी गड़बड़ी वरिष्ठ शिक्षकों को बनाया प्रगणक

## जनगणना-2027 : एक की आईडी पिता के नाम से, विसंगति से शिक्षक परेशान

**अयोध्या कार्यालय।**

**अमृत विचार:** जनगणना-2027 के लिए प्रगणकों व सुपरवाइजरों की ड्यूटी लगाने में जिला प्रशासन की ओर से भारी विसंगतियां सामने आ रही हैं। इसमें न वरिष्ठता का ध्यान रखा गया, न वेतन क्रम का। बेसिक शिक्षा विभाग के वरिष्ठ शिक्षकों (मूल वेतन 70 हजार से अधिक और ग्रेड पे 4800) को प्रगणक पद पर ड्यूटी दे दी गई, जबकि 2011 की जनगणना में इन्हीं शिक्षकों ने सुपरवाइजर का दायित्व निभाया था। इसे लेकर प्रभावित शिक्षक अब परेशान हैं। शिक्षकों का कहना है कि खंड शिक्षा अधिकारियों ने सूची तैयार करने में बड़ी लापरवाही बरती है।

सबसे चौंकाने वाली घटना रुदौली ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय सरायनासिर की है। यहां सहायक अध्यापक गोविंद कुमार वर्मा के मोबाइल पर जनगणना ड्यूटी का मैसेज आया, लेकिन संबोधन उनके पिता जगराम वर्मा के नाम से था। यूजर आईडी व पासवर्ड भी पिता के नाम से बनाए गए। गोविंद कुमार वर्मा हैरान हैं कि जब विद्यालय के सभी शिक्षकों का सही विवरण खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा कराया गया था तो ऐसी बड़ी चूक कैसे हो गई? इतना ही नहीं मिल्कीपुर और खंडासा ब्लॉक के 22 शिक्षक भी इसी तरह से गलत ढंग से ड्यूटी लगाए जाने को लेकर परेशान हैं। बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में शुक्रवार को प्रभावित शिक्षकों ने पहुंचकर अपनी आपत्ति जताई और संशोधन की मांग की है।

यूटा अयोध्या मंडल अध्यक्ष बलबीर सिंह ने इस मामले को गंभीर बताते हुए कहा बात केवल वरिष्ठता की नहीं है। एक शिक्षक की ड्यूटी उसके पिता के नाम से लगाई गई और आईडी भी पिता की बना दी गई। कहीं किसी शिक्षक की ड्यूटी तो लगा दी गई, लेकिन मोबाइल नंबर दूसरे सहायक अध्यापक का कर दिया गया, जिससे मैसेज ही नहीं पहुंच रहा। कहीं मोबाइल नंबर किसी अनजान व्यक्ति का है, जिसका अता-पता तक नहीं। उन्होंने जिला जनगणना अधिकारी व तहसील जनगणना अधिकारी से मांग की है कि ड्यूटी सूची का तत्काल सत्यापन कर सभी त्रुटियां प्रशिक्षण से पहले दूर कराई जाएं।

> कुछ शिकायतें सामने आई हैं। यह एक मानवीय त्रुटि है। खंड शिक्षा अधिकारियों से पूछा जा रहा है। प्रयास किया जा रहा है कि संशोधन किया जाए, इतना बड़ा मामला नहीं है। **-लालचंद, बेसिक शिक्षा अधिकारी।**



जीआईसी में जनगणना कार्मिकों को प्रशिक्षण देते मास्टर ट्रेनर। अमृत विचार

## दी गई मकान सूचीकरण, डेटा प्रविष्टि, डेटा सत्यापन और स्व गणना की जानकारी

जनगणना कार्मिकों का दूसरे दिन का प्रशिक्षण

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** जनगणना कार्मिकों को दूसरे दिन मकान सूचीकरण, डेटा प्रविष्टि, डेटा सत्यापन और स्व गणना के बारे में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में अफसरों ने सतर्कता के साथ सावधानी की बात कही। जनगणना प्रशिक्षण के पहले दिन कार्मिकों को जनगणना का महत्व, जनगणना मकान, भवन, परिवार, और प्रकार को स्पष्ट किया गया था। साथ ही मकान नंबरिंग और मैपिंग का तरीका बताया गया था। इसके साथ ही मोबाइल एप का परिचय बताया गया था। दूसरे दिन के प्रशिक्षण में फील्ड ट्रेनरों ने मकान सूचीकरण फॉर्म के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बताया कि सरकार से नियत 33 से 35 प्रश्नों वाली सूची को कैसे भरा जाएगा। इसमें दीवार की सामग्री, छत की सामग्री, पानी, बिजली, शौचालय, खाए जाने वाले अनाज जैसे प्रश्न शामिल हैं। कार्मिकों को मोबाइल एप पर डेटा प्रविष्टि का अभ्यास कराया गया। इसके बाद जो डेटा एप में भरी गई है उसे सत्यापित करने के बारे में बताया गया। इसके साथ ही लोगों से खुद अपनी जानकारी भरने की प्रक्रिया का विवरण कैसे भरा जाएगा और जब प्रगणक घर-घर जाएंगे तो इनका सत्यापन कैसे किया जाएगा। इसको समझाया गया। मतगणना कार्मिकों के प्रशिक्षण में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अमित कुमार भट्ट, एसडीएम आरपी त्रिपाठी के साथ ही अन्य प्रशिक्षक और प्रगणक व सुपरवाइजर मौजूद थे।

## अब गांव के सूची का अंतिम प्रकाशन 10 जून को

**अयोध्या, अमृत विचार:** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा कराये गए विशेष पुनरीक्षण के बाद ग्राम पंचायतों की मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन की तिथि तीसरी बार फिर बढ़ा दी गई। अब सूची का अंतिम प्रकाशन 10 जून को किया जाएगा। इसके पहले यह तिथि 22 अप्रैल तय की गई थी। लंबे समय तक सूची के अंतिम प्रकाशन टाले जाने को लेकर अब सियासी दलों में चर्चाएं शुरू हो गई हैं। इसके पीछे के कारण तलाशे जा रहे हैं। चर्चा है कि पहले एसआईआर ने और अब जनगणना ने इसकी राह रोक दी। इसके साथ ही अन्य कारणों की भी चर्चा हो रही है। फिलहाल सूची के अंतिम प्रकाशन की तिथि 10 जून किए जाने की पुष्टि सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्य भान ने भी की है।

## 76 कार्यों को स्वीकृति, 26.88 करोड़ रुपये का आवंटन

**अयोध्या कार्यालय**

- त्वरित आर्थिक विकास योजना : विधायकों के प्रस्ताव पर स्वीकृति होते हैं काम

**अमृत विचार:** जिले में त्वरित आर्थिक विकास योजना के तहत 76 कार्यों को स्वीकृति मिली है। इन परियोजनाओं के लिए प्रदेश शासन ने 26.88 करोड़ रुपये अवमुक्त कर दिये हैं। यह परियोजनाएं सांसदों और विधायकों के प्रस्ताव पर स्वीकृति की जाती हैं।

त्वरित आर्थिक विकास योजना के लिए तहत ऐसी परियोजना पर शासन से कार्य कराया जाता है। जिससे आम लोगों के सेवा और आर्थिक विकास में मदद मिले। सामुदायिक केंद्र, सड़कों के साथ इंटरलॉकिंग सड़कों को इसमें शामिल किया जाता है। वित्तीय साल 2025-26 के लिए कई महीने पहले सांसद और विधायकों से प्रस्ताव लिए गए थे। इन प्रस्तावों को जिलाधिकारी ने शासन को भेजा। इसके बाद नियोजन विभाग ने इनमें से 76 प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान कर दी। इनके लिए अनुमोदित लागत लगभग 40.53 करोड़ रुपये बताई गई है।

बताया गया है कि इनमें से लगभग लगभग 14 करोड़ रुपये कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग को और शेष पैसा दूसरी कार्यदायी संस्थाओं को जारी किया गया है। परियोजनाओं पर काम शुरू किए जाने की जानकारी दी गई है। इसके लिए नोडल विभाग अर्थ एवं संख्या बताया गया है। डीएम निखिल टी. फुंडे इन परियोजनाओं की प्रगति रिपोर्ट स्वयं देखते हैं।

# सीबीएसई 10वीं की परीक्षा के दूसरे चरण की तैयारियां शुरू

- प्रथम चरण में शामिल रहे छात्र ही दूसरे चरण में कर सकेंगे प्रतिभाग

**अयोध्या कार्यालय।**

**अमृत विचार:** सीबीएसई की नवीन शिक्षा प्रणाली के तहत अब 10 वीं में दो बार बोर्ड परीक्षा का आयोजन हो रहा है। पहले चरण के प्रतिभागी वही छात्र जो कम से कम तीन विषयों की परीक्षा दे चुके हैं दूसरे चरण की परीक्षा में हिस्सा ले सकेंगे।सीबीएसई के जिला को-ऑर्डिनेटर व महाराजा पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य अजीत कुमार द्विवेदी ने बताया कि परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद असफल रहे छात्र व अपने विषय अंक को अपग्रेड करने के लिए दूसरे चरण की परीक्षा में हिस्सा लेंगे। दूसरे चरण की परीक्षा के लिए विद्यालयों ने अपने स्तर से छात्र-छात्राओं के फॉर्म भी भरवा दिए हैं।

बताया कि नई व्यवस्था के तहत बोर्ड ने कम्पार्टमेन्ट परीक्षा बंद कर दी है। प्रथम चरण की परीक्षा के परिणाम के बाद जो छात्र अपने विषय के अंकों से संतुष्ट नहीं होंगे या इम्प्रूवमेन्ट चाहते होंगे वही दूसरे चरण की परीक्षा में प्रतिभाग करेंगे। दोनों चरण की परीक्षा के बाद छात्र को प्रत्येक विषय में जो सर्वाधिक अंक होगा वही अंतिम परिणाम में शामिल किया जाएगा। दोनों चरणों की परीक्षा के बाद वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि फाइनल परिणाम के बाद भी यदि छात्र अपने विषय के अंकों से संतुष्ट नहीं होंगे तो वह पुरानी पद्धति से ऑनलाइन कॉपी मंगवा कर दोबारा जांच का दावा कर सकेंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि मई के प्रथम सप्ताह में 10 वीं कक्षा के पहले चरण की परीक्षा का परिणाम घोषित हो सकता है। उसी के बाद बोर्ड की विन्डो खुलते ही दूसरे चरण की परीक्षा के फाइनल फॉर्म जमा होंगे।

# 41 डिग्री पारा, स्कूलों में बच्चों को छांव में रखने के निर्देश

**अयोध्या कार्यालय**

- राम मंदिर में श्रद्धालुओं को दिया जा रहा ओआरएस घोल का पैकेट

**अमृत विचार :** जिले में गर्मी ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं, शुक्रवार को अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। सुबह से ही तेज धूप और उमस भरी हवा ने लोगों को परेशान कर रखा है। डीआईओएस डॉ. पवन तिवारी व बीएसए लालचंद ने निर्देश दिए हैं कि बच्चों को दोपहर की छुट्टी के दौरान या खेलकूद के समय छांव में रखा जाए। खुले मैदान में कोई भी गतिविधि न कराई जाए। वहीं राम मंदिर में श्रद्धालुओं को ओआरएस का घोल दिया जा रहा है। आचार्य नरेंद्र देव कृषि व प्रौद्योगिकी विवि के मौसम विभाग के वैज्ञानिक डॉ. अमरनाथ मिश्र ने बताया कि इस बार गर्मी जल्दी और तेजी से बढ़ रही है। आने वाले दिनों में तापमान 42 से 45 डिग्री तक पहुंचने की संभावना है।



कड़ी धूप में छाते के सहारे बच्चे को छांव देती मां।

## स्वास्थ्य विभाग ने कसी कमर, 85 बेड आरक्षित

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** इस वर्ष गर्मी सामान्य से अधिक पड़ने की संभावना है। राज्य स्तर पर लू-प्रकोप/ अत्याधिक गर्मी से मुकाबला करने के लिए हीट वेव बचाव अभियान आरंभ किया है। इसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने कमर कस ली है। हीटवेव को लेकर 85 बेड आरक्षित किए गए हैं। इसके अलावा पर्याप्त दवाओं का भी भंडारण करा दिया गया है। एपिडेमोलॉजिस्ट डॉ. अरविंद श्रीवास्तव ने बताया कि सभी सीएचसी पर चार-चार बेड आरक्षित किए गए हैं। मेडिकल कॉलेज में 15, जिला अस्पताल में आठ व श्रीराम चिकित्सालय में छह बेड रिजर्व कराए गए हैं। उन्होंने बताया कि जब किसी जगह का स्थानीय तापमान लगातार तीन दिन तक वहां के सामान्य तापमान से तीन डिग्री सेल्सियस या अधिक बना रहे तो उसे लू या हीट वेव कहते हैं। गर्मी में शरीर के द्रव्य बाडी फल्यूड सूखने लगती हैं। शरीर से पानी की कमी होने पर लू लगने का खतरा ज्यादा रहता है। हीट स्ट्रोक से बचने के लिए अधिक से अधिक पानी पीयें, हल्के रंग के पसीना शोषित करने वाले वस्त्र पहनें। धूप के चश्मे, छाता, टोपी, व चप्पल का प्रयोग करें। खुले में कार्य करते है तो सिर, चेहरा, हाथ पैरों को गीले कपड़े से ढके रहें तथा छाते का प्रयोग करें। यात्रा करते समय पीने का पानी अपने साथ ले जाएं। ओआरएस, घर में बने हुए पेय पदार्थ जैसे लस्सी, चावल का पानी, नींबू पानी, छाछ आदि का उपयोग करें। हीट स्ट्रोक, हीट रैश, हीट कैम्प के लक्षणों जैसे कमजोरी, चक्कर आना, सिरदर्द, उबकाई, पसीना आना, मूर्छा आदि को पहचानें।



श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामज्योति के साथ सिलीगुड़ी के श्रद्धालु।

## सिलीगुड़ी में रामलला मंदिर के लिए रामज्योति ले गए भक्त

**अयोध्या, अमृत विचार :** सिलीगुड़ी में एक बड़े धार्मिक अनुष्ठान के लिए श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर से श्रीराम ज्योति लेकर शुक्रवार को भक्तों के दल ने अयोध्या से प्रस्थान किया। इसे सिलीगुड़ी के श्रीराम लला मन्दिर में पहुंचाया जाएगा। श्रीराम ज्योति लेने अयोध्या आया आयोजकों का दल तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चम्पतराय से मिलने कारसेवकपुरम पहुंचा। श्रीराम सेवा परिवार से जुड़े ये श्रद्धालु राम ज्योति लेकर सिलीगुड़ी के राम महल जाएंगे। इसके लिए सुसज्जित वाहन का प्रबंध किया गया है।वहां श्रीराम लला मन्दिर में प्राण प्रतिष्ठा तो है ही, साथ ही सुलोचना मानसी स्किल डेवलपमेंट सेंटर और माता सीता की रसोई का उद्घाटन भी प्रस्तावित है। महासचिव से मिलकर आयोजक दल के सदस्यों ने पूरे समारोह की जानकारी दी और श्रीराम ज्योति प्रदान करने का आग्रह किया। आयोजक दल के मुकेश सिंघल ने बताया कि 19 अप्रैल से राम ज्योति का नेपाल, बिहार, सिक्किम, दार्जिलिंग, दोआस आदि स्थानों पर भ्रमण कराया जाएगा। सिलीगुड़ी के राम महल में पूजन अनुष्ठान 24 अप्रैल से प्रारम्भ होंगे, 28अप्रैल को नगर परिक्रमा निकाली जाएगी तथा हवन होगा। 29 को सुबह प्रतिष्ठा समारोह तथा शुभ उद्घाटन होगा। अयोध्या आने वालों में सुभाष चन्द्र अग्रवाल, सत्य नारायण गोयल, सुमित, नीतेश, रतन लाल अग्रवाल आदि शामिल थे।

# साइबर ठगों के फर्जी बैंक एकाउंट खोलने के दो आरोपी गिरफ्तार

**अयोध्या कार्यालय।**

- आठ मोबाइल, पांच बारकोड, एक स्वेप मशीन, 32 एटीएम कार्ड, 15 आधार कार्ड, आठ पैनकार्ड समेत एक कार बरामद

**अमृत विचार।** साइबर क्राइम थाना पुलिस ने कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर साइबर ठगों के फर्जी बैंक एकाउंट खुलवाने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से आठ मोबाइल, पांच बारकोड, एक स्वेप मशीन, 32 एटीएम कार्ड, 15 आधार कार्ड, आठ पैनकार्ड समेत एक कार व अन्य सामान बरामद हुआ है।

एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी ने शुक्रवार को बताया कि साइबर क्राइम थाना प्रभारी मो. अरशद व उनकी टीम द्वारा गिरफ्तार किए आरोपियों की पहचान विकास मिश्रा उर्फ विकेश निवासी सी-115 अवंटिका रोहिणी सेक्टर-01 थाना विजय बिहार जनपद रोहिणी दक्षिणी दिल्ली व विनय कुमार दूबे निवासी ग्राम पणनीकृपाल थाना कोतवाली नगर जनपद गोंडा, वर्तमान पता डी-455 अवंटिका रोहिणी सेक्टर-1 थाना विजय बिहार जनपद रोहिणी दक्षिणी दिल्ली के रूप में हुई। बताया यह आरोपी फर्जी कागजातों के आधार पर बैंक एकाउंट खुलवाकर उसे साइबर ठगों को देते थे। इनके पास से बरामद फर्जी 15 आधार व आठ पैन कार्ड इन्हीं दोनों के नाम पर थे। आरोपी विनय के खिलाफ गोंडा, जम्मू काश्मीर, महाराष्ट्र व दिल्ली में साइबर ठगी से संबंधित कई केस दर्ज है। आरोपियों से जुडी चेन व साथियों के बारे में जानकारी की जा रही है।

## श्रद्धालुओं का सामान चोरी करने के तीन आरोपी गिरफ्तार

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार।** कोतवाली अयोध्या पुलिस ने धार्मिक स्थानों पर श्रद्धालुओं के सामान चोरी करने के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इससे 24 घंटे में हुई तीन घटनाओं का खुलासा हुआ। सीओ आशुतोष तिवारी ने बताया कि 14 अप्रैल की दोपहर नयाघाट स्थित सरयू घाट पर गोरखपुर के सुभाष चंद्र नगर कॉलोनी के निवासी नितीश मिश्रा का बैग चोरी हो गया था। जिसमें एक मोबाइल, 65 सौ रुपये समेत अन्य सामान था। इसी दिन शाम अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर मनीष यादव निवासी रामनगर बाराबंकी का चार्जिंग में लगा मोबाइल व अभिषेक का स्मार्ट वॉच चोरी हो गया था। तीनों मामलों में केस दर्ज कर जांच कर रही अयोध्या कोतवाल पंकज सिंह व उनकी टीम ने सीसीटीवी व अन्य माध्यम से आरोपियों की पहचान करते हुए गुरुवार रात फटिक शिला ओवरब्रिज के नीचे से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। उनकी पहचान आकाश गुप्ता निवासी ग्राम मिश्र का धनौटी थाना तरकुलवा जनपद देवरिया, मुकेश कुमार सिंह निवासी ग्राम मधईपुर थाना बनकटा जनपद देवरिया व नितिन मौर्या निवासी ग्राम नसीमापुर थाना बदोसराय जनपद बाराबंकी के रूप में हुई। इनके पास तीनों मामलों में चोरी हुआ सामान बरामद हुआ। आरोपियों का चालान कर दिया गया है।

कवायद | अवैध रूप से चल रहे प्रतिष्ठानों के खिलाफ की जाएगी कार्रवाई


# होटल, धर्मशाला, मैरिज लान आदि प्रतिष्ठानों का होगा सर्वे

**अयोध्या कार्यालय।**

- सराय एक्ट में रजिस्ट्रेशन को लेकर कई को नोटिस जारी

**अमृत विचार:** शहर में संचालित होटल, धर्मशाला, गेस्ट हाउस, मैरिज लान आदि का सर्वे किया जाएगा। इसमें अवैध रूप से चल रहे प्रतिष्ठानों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सराय एक्ट में रजिस्ट्रेशन न कराने वालों को नोटिस जारी की जा रही है।

शहर में होटल, धर्मशाला, गेस्ट हाउस, मैरिज लान होम स्टे के साथ आवासीय सुविधा देने वाले अन्य प्रतिष्ठानों की पूरी जानकारी प्रशासन के पास होनी चाहिए। इसके लिए जिला प्रशासन के पास संबंधित होटल, धर्मशाला जैसी आवासीय सुविधा देने वाले प्रतिष्ठानों को सराय एक्ट में रजिस्ट्रेशन कराने की व्यवस्था है। राम मंदिर के फैसला आने और श्रद्धालुओं की आमद बढ़ने के साथ जिले में ऐसे प्रतिष्ठानों की बाढ़ आ गई। गली से मोहल्ले तक ऐसे प्रतिष्ठान आसानी से देखे जा सकते हैं।




मैरिज लान में आए दिन वैवाहिक समारोह भी होते हैं लेकिन रजिस्ट्रेशन कराने वालों की संख्या बहुत कम बताई जा रही है। सुरक्षा मानकों को दरकिनार कर इनको चलाए जाने की आशंका है। प्रशासन के पास केवल होम स्टे की जानकारी सही-सही उपलब्ध है, क्योंकि इसका प्रमाण पत्र अयोध्या विकास प्राधिकरण की ओर से जारी किया गया। इसके अलावा अन्य प्रतिष्ठानों की प्रशासन के पास सही-सही जानकारी नहीं है। अब प्रशासन की निगाह इस ओर गई है। नए सिरे इसकी छानबीन शुरू की जा रही है।

ऐसे प्रतिष्ठानों के सर्वे के लिए जिला प्रशासन की ओर से तहसील, एडीए, नगर निगम को निर्देश दिए गए हैं। बताया गया है कि सराय एक्ट के तहत लगभग दर्जन भर लोगों ने आवेदन जरूर कर दिया लेकिन इसकी कार्रवाई पूर्ण नहीं की गई। इन प्रतिष्ठानों को बिना पंजीकरण के संचालन को लेकर प्रभारी अधिकारी सिटी मजिस्ट्रेट की ओर से नोटिस जारी की गई है। उनसे अभिलेख उपलब्ध कराकर पंजीकरण का निर्देश दिया गया है। अन्यथा की स्थिति में सराय एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय ने भी नोटिस दिये जाने की पुष्टि की है।

# ऋषि टोला से सब्जी मंडी तक की जाए नाले की सफाई : महापौर

## 'नगर की सरकार आपके द्वार' अभियान के तहत किया निरीक्षण, नाले से अतिक्रमण हटाने के दिए निर्देश

अयोध्या कार्यालय।


ऋषि टोला में निरीक्षण के दौरान महापौर गिरीश पति त्रिपाठी व नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार। अमृत विचार

अमृत विचार : शहर के मध्य में स्थित ऋषि टोला से सब्जी मंडी जाने वाला नाला बरसात के पहले पूरी तरह से साफ किया जाये। जरूरत के मुताबिक जगह-जगह इसकी गहराई भी बढ़ाई जाए। नालों पर विभिन्न जगह पर किए गए अतिक्रमण को भी हटाया जाए। यह निर्देश महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने ''नगर की सरकार आपके द्वार'' अभियान के तहत शुक्रवार को निरीक्षण के दौरान दिये।

महापौर नगर आयुक्त जयेंद्र के साथ ऋषि टोला पहुंचे। पार्षद अनिल सिंह, हरिश्चंद्र अग्रहरि व सपा पार्षद दल के नेता विशाल पाल के साथ निरीक्षण शुरू किया। महापौर ने जलभराव खत्म करने के मद्देनजर नाले की ऊंचाई बढ़ाने की आवश्यकता महसूस की। उन्होंने नगर आयुक्त से स्टीमेट तैयार कर प्रस्ताव शासन को भेजवाने का निर्देश दिया। यहां लोगों ने बताया कि नाले की गहराई कम होने के कारण जल भराव की स्थिति बनी रहती है। कई जगह पर लोगों ने नाले पर अतिक्रमण कर रखा है।

निरीक्षण के दौरान पाया गया कि नाले पर रखी गई पटिया वाहनों के आवागमन के दबाव के कारण टूट गई है। नगर आयुक्त ने लोगों को टूटी हुई पटिया बदलवाने का भरोसा दिया। लोगों ने डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने वाले कर्मचारियों की शिकायत की, जिस पर महापौर ने कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने पुरानी सब्जी मंडी के पहले नाला खुलवाने का भी निर्देश दिया। निरीक्षण का समापन फतेहगंज चौराहे पर हुआ। यहां स्थानीय लोगों की मांग पर महापौर ने सुंदरीकरण कराने का वादा किया। इस दौरान अपर नगर आयुक्त डॉ. नागेंद्र नाथ, भारत भार्गव, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी गजेंद्र कुमार, सहायक अभियंता निर्माण राजपति यादव, जोनल अधिकारी सुभाष त्रिपाठी समेत विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि शामिल थे।

### जांच में शुद्ध मिला पेयजल



निरीक्षण के दौरान रेनू मेमोरियल हॉस्पिटल के पास पेयजल की विशेष जांच कराई गई। यहां टीडीएस 233 पीपीएम पाया गया। पानी में हाइपर क्लोराइड की मात्रा पर्याप्त रही। यहां पीएच मान भी 7.02 पाया गया, जो मानक के अनुरूप था। महापौर ने नगर के विभिन्न स्थानों पर अलग-अलग स्थान पर पेयजल की जांच करने का निर्देश दिया।

### नगर निगम के विशेष सत्र में आज होगी नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर चर्चा

नगर निगम अयोध्या शनिवार को विशेष सदन का आयोजन करेगा। जिसमें नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर चर्चा होगी। सर्किट हाउस में दोपहर 1:30 बजे आयोजित होने वाले विशेष सत्र में महिलाओं के लिए नगर निगम द्वारा किए गए कार्यों और भविष्य की योजनाओं पर महिला पार्षद अपने विचार रखेंगी।

## न्यूज ब्रीफ

### किशोरी ने की आत्महत्या

अयोध्या, अमृत विचार। कोतवाली अयोध्या अंतर्गत कांशीराम कॉलोनी में शुक्रवार सुबह काजल (14) पुत्री राम मोहन निषादने कमरे में पंखे के सहारे दुपट्टे के फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। मां ने बताया कि उन्होंने काजल को मोबाइल रिचार्ज को लेकर डाटा फटकारा था, जिसके बाद वह सुबह दुकान चली गई थी। करीब आठ बजे लौटी तो देखा कि काजल कमरे में दुपट्टे से पंखे के सहारे लटक रही थी। कोतवाल पंकज सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### तपस्वी छावनी के महंत को मिली धमकी, रिपोर्ट

अयोध्या, अमृत विचार। अयोध्या के तपस्वी छावनी के महंत परमहंसाचार्य को फोन पर जान से मारने की धमकी मिली है। उन्होंने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि दो अप्रैल को उनके मोबाइल फोन पर विदेश के नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने कहा कि वह लश्करे-ए-तोयबा से बोल रहा है। धमकी दी कि हिंदू राष्ट्र की बात करना बंद करो, वर्ना तुम्हारा सिर काट दूंगा या बम से उड़ा दूंगा। अयोध्या कोतवाल पंकज सिंह ने बताया कि उनकी तहरीर पर मोबाइल नंबर के आधार पर केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

### आरएसएस की बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा

अयोध्या, अमृत विचार : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विवेकानंद नगर की एक बैठक शुक्रवार को फतेहगंज बस्ती में आयोजित हुई। महानगर प्रचारक सुदीप ने मार्ग दर्शन दिया। विवेकानंद नगर और उनकी पांच बस्तियों में होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। शाखा संगम, विवेकानंद नगर में मिलन कार्यक्रम बढ़ाने आदि पर चर्चा की गई। बैठक में महानगर व्यवस्था प्रमुख विवेक अग्रवाल, नगर कार्यवाहक प्रेम प्रकाश, नगर सह कार्यवाह सुनील साहू, बस्ती प्रमुख राजीव शुक्ला, नगर विस्तारक रजनीश, बौद्धिक प्रमुख रतन राजपाल सहित अन्य स्वयंसेवक मौजूद रहे।

### चोरों ने घर से चुराए गहने व 55 हजार नकद

सोहावल, अयोध्या, अमृत विचार। रौनाही थाना क्षेत्र अंतर्गत मगलसी के मजरे रमपुरवा गांव में गुरुवार रात चोरों ने एक घर में छत के सहारे चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित विंद्राप्रसाद यादव के अनुसार चोर घर के बाहर बने शौचालय के छत के सहारे घर मे घुसे। कमरे के दरवाजे को बाहर से बंद कर दूसरे कमरे में ट्रंक में रखे लाखों के जेवरात व अलमारी में रखे 55 हजार चोरी कर ले गए। पीड़ित ने बताया कि नवंबर माह में उनकी बेटी की शादी हुई थी। जिसके कारण कुछ सोने के जेवरात बेटी के आने पर देने के लिए बनवाए थे। जो चोरी हो गए। थाना प्रभारी लालचंद सरोज ने बताया कि चोरों की तलाश की जा रही है।



गोसाईगंज में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत पदयात्रा निकालते भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में पदयात्रा

गोसाईगंज, अमृत विचार: नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में गोसाईगंज में महिलाओं ने धन्यवाद मोदी सरकार पदयात्रा निकाली। जो सरकारी अस्पताल से शुरू होकर भीटी चौराहा होते हुए नगर पंचायत कार्यालय पर संपन्न हुई। पदयात्रा में महिलाओं ने अधिनियम को महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया। अधिनियम के समर्थन में हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। आमजन से मोबाइल नंबर 9667173333 पर मिस कॉल देकर समर्थन दर्ज कराने की अपील की। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी, उपाध्यक्ष अखंड प्रताप सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. विजय लक्ष्मी जायसवाल, मंडल अध्यक्ष शिवकुमार यादव, मंडल उपाध्यक्ष शेखर वर्मा, डॉ. अंजू पांडे आदि लोग थे।

## मंडल के 17,887 स्कूल आईएसवीएमपी पोर्टल से जुड़े

अयोध्या। अमृत विचार : स्कूल वाहनों की निगरानी के लिए लागू इंटीग्रेटेड स्कूल व्हीकल मॉनिटरिंग पोर्टल (आईएसवीएमपी) के जरिए अयोध्या मंडल में व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। आरटीओ प्रशासन ऋतु सिंह ने बताया कि परिवहन विभाग, शिक्षा विभाग और प्रशासन के संयुक्त प्रयास अयोध्या मंडल में कुल 17,887 स्कूलों का पंजीकरण स्कूल वाहन एप पर कराया जा चुका है। इनमें से 4,516 स्कूलों का डेटा पोर्टल पर ऑनबोर्ड किया जा चुका है, जबकि 3,803 स्कूलों का निरीक्षण भी विभागीय टीमों द्वारा पूरा किया जा चुका हैं। आईएसवीएमपी पर हर स्कूल वाहनों की डिजिटल कुंडली होगी। बताया कि सभी स्कूलों को निर्देशित किया गया है कि वे सोमवार तक अपने वाहनों और चालकों का पूरा विवरण समय से पोर्टल पर अपलोड करें।

## बीएसए को 136 की जगह 36 बच्चे मिले पढ़ते

- विभिन्न ब्लॉकों में देखा परिषदीय विद्यालयों का सच, शिक्षक भी कम पाए गए

अयोध्या कार्यालय।

अमृत विचार : स्कूल चलो अभियान के तहत परिषदीय विद्यालयों में नामांकन समेत पठन पाठन का हाल देखने शुक्रवार को निकले बेसिक शिक्षा अधिकारी लालचंद खुद हैरत में पड़ गए। विभिन्न ब्लॉकों में परिषदीय विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान नामांकित बच्चों की पूरी तादाद ही नहीं मिली। कहीं 136 की जगह 36 तो कहीं 30 की जगह केवल 10 बच्चे मिले।

कम्पोजिट विद्यालय तिन्दौली, अमानीगंज में 136 नामांकन में से मात्र 36 छात्र-छात्राएं उपस्थित पाए गए। मध्याह्न भोजन के अंतर्गत तहरी तैयार हो रही थी। विद्यालय में इंचार्ज प्रधानाचार्य सहित छह सहायक अध्यापक एवं दो शिक्षामित्र कार्यरत हैं। नमिता पाण्डेय बाल्य देखभाल अवकाश पर हैं, शेष स्टाफ उपस्थित था।


कम्पोजिट विद्यालय टिंडौली का निरीक्षण करते बेसिक शिक्षा अधिकारी लालचंद।

शौचालय एवं हैंड वॉश यूनिट को तत्काल सक्रिय एवं स्वच्छ रखने की जरूरत।

स्मार्ट क्लासरूम में से केवल एक सक्रिय है, शेष को भी संचालित किया जाने के निर्देश दिए। इंचार्ज प्रधानाचार्य दीनानाथ शुक्ल को निर्देशित किया गया कि शिक्षण अवधि में अनुशासन बनाए रखें। प्राथमिक विद्यालय कटघरा में 30 नामांकन में से 10 बच्चे उपस्थित मिले। आरटीई मानकों के अनुरूप नामांकन बढ़ाने हेतु न्यूनतम 50 नवीन नामांकन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कक्षाओं का उचित प्रबंधन सुनिश्चित करने को कहा गया। शिक्षामित्र आशा देवी निरीक्षण के समय बिना सूचना/अनुमति के अनुपस्थित पाई गईं। उनके एक दिवस के मानदेय को अवरुद्ध करते हुए एक सप्ताह के अंदर स्पष्टीकरण देने निर्देश दिए गए हैं। उच्च प्राथमिक विद्यालय कटघरा में 27 नामांकन में से 10 बच्चे मिले।साफ-सफाई तथा नामांकन व उपस्थिति बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए गए। बेसिक शिक्षा अधिकारी लालचंद ने बताया कि सभी को छात्र संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं।

## सपा व कांग्रेस बाबा साहब के विचारों की विरोधी: महापौर


पूराबाजार ब्लॉक परिसर में आम्बेडकर जयंती सम्मेलन में मंचासीन मुख्य अतिथि महापौर गिरीश त्रिपाठी व मौजूद अन्य पदाधिकारी। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार: पूरा बाजार ब्लॉक परिसर में अंबेडकर जयंती सप्ताह के तहत भाजपा द्वारा शुक्रवार को सम्मेलन का आयोजन किया गया। महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि डॉ. अंबेडकर केवल एक व्यक्तित्व नहीं, बल्कि एक विचारधारा हैं, जिन्होंने सामाजिक न्याय, समान अवसर और संवैधानिक मूल्यों की मजबूत नींव रखी।

उन्होंने आजम खान से पूर्व में बाबा साहब पर दिए गए बयान को लेकर कड़ा विरोध जताया। सपा से इस पर कोई कार्रवाई न किए जाने पर सपा को बाबा साहब की विचारधारा का विरोधी बताया। कांग्रेस से लगाए गए आपातकाल का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि उस दौर में लोकतंत्र को कुचलने का प्रयास किया गया, जिसे देश कभी नहीं भूल सकता।

पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की सरकारें बाबा साहब के आदर्शों को मूर्त रूप देने के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि बाबा साहब का जीवन संघर्ष, समानता और न्याय का प्रतीक है।सम्मेलन के अंत में संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया। संचालन हरभजन गौड़ ने किया। सम्मेलन को शारदा यादव, शैलेन्द्र कोरी व ब्लॉक प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह ने भी संबोधित किया। सम्मेलन के बाद महानगर मंत्री शिवम् शुक्ला के संयोजन में महिलाओं ने ब्लॉक से रामलीला मैदान तक नारी शक्ति मार्च निकाला।

## नारी शक्तियों को किया सम्मानित

मिल्कीपुर, अयोध्या



कृषि विवि परिसर में आयोजित नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में महिला को सम्मानित करते पूर्व सांसद लल्लू सिंह। अमृत विचार

अमृत विचार। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कुमारगंज परिसर स्थित ऑडिटोरियम में शुक्रवार को नारी शक्ति वंदन एवं विधानसभा सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन मिल्कीपुर विधायक चंद्रभानु पासवान के नेतृत्व में हुआ। उपस्थित नारी शक्तियों को अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिलाने की पहल पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई के

**सम्मेलन**

कार्यकाल से प्रारंभ हुई थी, जिसे पंचायत स्तर पर लागू भी किया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सतत प्रयासों से अब महिला आरक्षण विधेयक को संसद में पारित कराने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि अधिकारों के साथ-साथ त्याग और समर्पण की भावना भी बनाए रखें।इस मौके पर कृषि महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. प्रतिभा सिंह सरोज मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख अमानीगंज श्रीदेवी, सविता सिंह, सुमन पासवान सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।


कुमारगंज नगर पंचायत सभागार में नामित सभासदों के शपथ ग्रहण के दौरान मौजूद विधायक चंद्रभानु पासवान व एसडीएम सुधीर कुमार।

### एसडीएम ने तीन नामित सभासदों को दिलाई शपथ

कुमारगंज, अयोध्या, अमृत विचार। कुमारगंज नगर पंचायत में शासन द्वारा नामित तीन सभासद अरुण गोस्वामी, अमरेंद्र मौर्य और अनित सिंह को शुक्रवार को उप जिलाधिकारी मिल्कीपुर सुधीर कुमार ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि मिल्कीपुर विधायक चंद्रभानु पासवान ने कहा कि सभी नव-नामित सभासदों को एक नई जिम्मेदारी मिली है और उन्हें पूरी निष्ठा के साथ जनता की सेवा में जुट जाना चाहिए। भाजपा जिला अध्यक्ष राधेश्याम त्यागी ने कहा कि तीन नए सभासदों के नामित होने से नगर पंचायत को और मजबूती मिलेगी। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी संजय शुक्ला ने बताया कि पहले सभासदों की संख्या 13 थी, लेकिन तीन नए नामांकन के बाद अब कुल संख्या बढ़कर 16 हो गई है। इस मौके पर सुशील मिश्रा, श्याम नारायण पाठक, ब्रह्म प्रकाश शुक्ला, बंशीधर शर्मा आदि मौजूद रहे।

### मृदुला मिस और शिवांश मिस्टर फेयरवेल चुने गए

अयोध्या, अमृत विचार : अवध विश्वविद्यालय इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के छात्र-छात्राओं ने शुक्रवार को अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं को विदाई दी। जिसमें मिस फेयरवेल मृदुला और मिस्टर फेयरवेल शिवांश चुने गये। डॉ. संजय चौधरी ने इसकी औपचारिक शुरुआत की। वरिष्ठ छात्रों ने दो वर्षों में विभाग में अध्ययन के दौरान अनुभूत किए गए स्मरणीय पलों को याद किया। कनिष्ठ छात्र-छात्राओं को अपने अनुभवों को प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं से साझा किया। कार्यक्रम में सविता सिंह, शिवांगी, अलोक, हिमांशु, उज्जवल, खुशी समेत सभी वरिष्ठ छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



अवध विवि के इतिहास एवं पुरातत्व विभाग में मिस फेयरवेल मृदुला और मिस्टर फेयरवेल शिवांश।

### ग्राम रोजगार सेवकों की कलमबंद हड़ताल, सौंपा ज्ञापन

मिल्कीपुर, अयोध्या, अमृत विचार। हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के ग्राम रोजगार सेवकों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर शुक्रवार को सांकेतिक कलमबंद हड़ताल शुरू की। बीडीओ हैरिंग्टनगंज रूपनारायण भारती को ज्ञापन सौंपते हुए अपनी समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग उठाई। ज्ञापन में रोजगार सेवकों ने बताया कि 4 अक्टूबर 2021 को मुख्यमंत्री द्वारा आयोजित सम्मेलन में ईपीएफ लागू करने, मानदेय बढ़ाने तथा वर्षों से कार्यरत ग्राम रोजगार सेवकों के नियमितीकरण जैसी महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई थीं, लेकिन अब तक इन पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। स्पष्ट किया कि जिले के सभी ग्राम रोजगार सेवक 16 से 25 अप्रैल तक सांकेतिक हड़ताल पर रहेंगे। यदि इस दौरान मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो 26 और 27 अप्रैल को ब्लॉक स्तर से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रेषित किया जाएगा। इसके बाद 28, 29 और 30 अप्रैल को क्षेत्रीय विधायकों और सांसदों को ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष राम मूरत यादव, संजय कुमार सहित मनसा देवी, जय सिंह यादव, पारसनाथ, शिवचंद यादव आदि मौजूद रहे।

**शिवशंकर सिंह स्मारक महाविद्यालय करीमपुर, रुदौली- अयोध्या**
सम्बद्ध : डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय

**में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत आवश्यकता है –**

**प्राचार्य** – 01 पद,
**स्नातक स्तर पर** कला संकाय (बी0ए0) पाठ्यक्रम हेतु–संस्कृत, प्राचीन इतिहास, अंग्रेजी प्रत्येक विषय में प्रवक्ता (02–02) पद
**परास्नातक स्तर पर** कला संकाय (एम0ए0) पाठ्यक्रम हेतु –राजनीति शास्त्र, हिन्दी प्रत्येक विषय में प्रवक्ता (02–02) पद।
**योग्यता व वेतनमान –** यूजीसी एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि से 10 दिनो के भीतर अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखो की स्वप्रमाणित छायाप्रति के साथ महाविद्यालय के पते पर संपर्क करे।

**भवदीय – प्रबंधक**

**दिल्ली विश्वविद्यालय**
**UNIVERSITY OF DELHI**

**Advt. No. R&P/320/2026** **Date: 17.03.2026**

Online applications are invited in the prescribed Application Form from the eligible candidates for appointment to the posts of **Associate Professor,** in the Academic Pay Level 13A, and **Professor** in the Academic Pay Level 14 as per 7th Central Pay Commission Pay Matrix, in Department of **Computer Engineering, Electrical Engineering, and Electronics and Communication Engineering, Faculty of Technology,** University of Delhi. The last date for receipt of applications is two weeks from the date of publication of the advertisement in the Employment News. For more details, please visit the University website **www.du.ac.in** and click "Jobs and Opportunities" under the Head "Work with DU".

**Any addendum/corrigendum shall be posted only on the University website.**

**REGISTRAR**

**CBC 21231/12/0010/2627**

**दिल्ली विश्वविद्यालय**
**UNIVERSITY OF DELHI**

**Advt. No. R&P/317/2026** **Dated: 17.03.2026**

Online applications are invited in the prescribed Application Form from eligible candidates for appointment to the post of **Associate Professor** in the Academic Pay Level-13A of the 7th Central Pay Commission Pay Matrix, in the Departments of **Botany, Commerce, Computer Science, Economics, English, and Psychology,** University of Delhi. The last date for receipt of applications is two weeks from the date of publication of the advertisement in the Employment News. For more details, please visit the University website **www.du.ac.in** and click "Jobs and Opportunities" under the Head "Work with DU".

**Any addendum/corrigendum shall be posted only on the University website.**

**REGISTRAR**

**CBC 21231/12/0004/2627**

**कार्यालय कलेक्टर/लाईसेंस प्राधिकारी, अयोध्या।**

संख्या :– 118 / जि.आ.अ./व्यवस्थापन / ई–लाटरी /2026–27/ अयोध्या / दिनांक : अप्रैल 17.2026

**विज्ञप्ति**

आबकारी आयुक्त, उ.प्र. प्रयागराज के अर्धशासकीय पत्र संख्या 2443–518 /दस–लाइसेंस 367 / सुझाव आबकारी नीति (संशो)/2026–27, दिनांक 12 फरवरी, 2026 के अनुपालन में निर्गत आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज के कार्यालय पत्र संख्या 41/ टास्क फोर्स–2/ई–लाटरी/2026–27/दिनांक: अप्रैल, 10, 2026 के अर्न्तगत दिये गये निर्देशों के अनुक्रम में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद अयोध्या में ई–नवीनीकरण तथा ई–लॉटरी के प्रथम व द्वितीय चरण के पश्चात अवशेष/अव्यवस्थित देशी मदिरा की 03 दुकानों (1. देवकाली (शॉप आई.डी.–15339) 2. मोदहा (शॉप आई.डी.–15297) 3. गोसाईगंज (शॉप आई.डी.–15628), का ई–लाटरी के तृतीय चरण के माध्यम से व्यवस्थापन की प्रक्रिया दिनांक: 17.04.2026 से प्रारम्भ होगी। सर्वप्रथम दुकानों की ई–लाटरी हेतु आवेदन पत्र दिनांक 17.04.2026 (समय मध्यान्ह 12: 00 बजे) से दिनांक 20.04.2026 (सायं 05: 00 बजे) तक ई–लाटरी पोर्टल https://exciseelotteryup.upsdc.gov.in पर आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदकों को सूचित किया जाता है कि–(समस्त आवेदक ई–लॉटरी पोर्टल पर ई–लॉटरी के लिए पंजीकरण करते समय अपने नवीनतम पैनकार्ड पर अंकित पैन नम्बर, नाम व जन्मतिथि से ही पंजीकरण करें।

आवेदित दुकानों के व्यवस्थापन हेतु ई–लॉटरी का तृतीय चरण दिनांक 23.04.2026 समय प्रातः 11: 00 बजे से समाप्ति तक कलेक्ट्रेट सभागार, जनपद अयोध्या में सम्पन्न किया जायेगा।

जनपद में अवशेष/अव्यवस्थित उक्त दुकानों के आवंटन हेतु इच्छुक आवेदक दुकानों से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी जनपद की वेबसाईट www.ayodhya.nic.in तथा विभागीय वेबसाइट ई–लॉटरी पोर्टल https://exciselotteryup.upsdc.gov.in पर प्राप्त कर सकते हैं।

**(सुरेश चन्द्र मिश्र)**
जिला आबकारी अधिकारी,
अयोध्या।

**(निखिल दी. फुन्डे)**
कलेक्टर/ लाइसेंस प्राधिकारी
अयोध्या।

## आरसीबी टीम सीबीपीएल के सेमीफाइनल में

- स्काई स्टेडियम में चल रही टी-10 रूल आउट क्रिकेट प्रतियोगिता

अयोध्या कार्यालय।


सीबीपीएल के क्वार्टर फाइनल में गेंद को बाउन्ड्री के बाहर करता बल्लेबाज। अमृत विचार

अमृत विचार: अनित सिंह मेमोरियल कैनवस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता (सीबीपीएल) के क्वार्टर फाइनल में आरसीबी क्लब ने डॉमिनेटर क्लब को छह विकेट से पराजित कर सेमीफाइनल में स्थान सुनिश्चित कर लिया। मुख्य अतिथि डेन्टल सर्जन डॉ. रजनीश सिंह ने क्वार्टर फाइनल टीमों से परिचय प्राप्त कर उत्साहवर्धन किया।

रिकाबगंज स्थित स्काई स्टेडियम में चल रही टी-10 रूल आउट सीबीपीएल-4 नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता में गुरुवार को पहला क्वार्टर फाइनल मुकाबला आरसीबी व डॉमिनेटर क्लब के बीच खेला गया। डॉमिनेटर टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए मोती के 18 व सनी के 16 रनों की मदद से 46 रन बनाये। जवाब में आरसीबी टीम ने 4.3 ओवरों में छह विकेट शेष रहते जीत का लक्ष्य हासिल कर अंतिम चार में प्रवेश कर लिया। इसके पूर्व खेले गए लीग मुकाबलों में फ्रीडम फाइटर के 43 रनों के जवाब में एलीट क्लब ने तीन विकेट से जीत दर्ज की। दूसरे मुकाबले में फाइटर क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अभय के 22 व दानिश के 18 रनों की मदद से 70 रन बनाए। डॉमिनेटर क्लब के दीपक व नीरज ने दो-दो विकेट लिया। जवाब में जीत के लिए 71 रनों का लक्ष्य लेकर बल्लेबाजी करने उतरी डॉमिनेटर टीम 57 रनों पर सिमट गई। इस मौके पर निदेशक सैय्यद सुबहानी, आयोजन अध्यक्ष दीपेन्द्र श्रीवास्तव, मनोज सहित खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# राष्ट्र नवनिर्माण में नारी शक्ति का योगदान आवश्यक : प्रो. पूनम

## अवध विश्वविद्यालय में महिला स्वावलंबन पर आयोजित संगोष्ठी में बोलीं, दीनदयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय गोरखपुर की कुलपति

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** राष्ट्र नवनिर्माण में नारी शक्ति का योगदान आवश्यक है। सभी को दायित्वों के साथ आगे बढ़ना है। चिकित्सा विज्ञान, अंतरिक्ष, शिक्षा, राजनीति, उद्यमिता के क्षेत्र में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी दिखाई दे रही है। शिक्षा से समाज में बड़ा परिवर्तन होगा।

ये बातें दीनदयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय गोरखपुर की कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने कहीं। वह शुक्रवार को डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद सभागार में मिशन शक्ति-5 नारी सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन के तहत महिला स्वावलंबन पर आयोजित संगोष्ठी को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहीं थीं।





दीप प्रज्ज्वलित कर नारी शक्ति वंदन संगोष्ठी का शुभारंभ करती मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. पूनम टंडन व कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह, साथ में विशिष्ट अतिथि प्रो. तपन कुमार गांधी, डॉ. गीतिका श्रीवास्तव व प्रो. नीलम पाठक एवं संगोष्ठी में मौजूद शिक्षक व अतिथि। अमृत विचार

उन्होंने कहा कि दहेज जैसी परंपराओं का बहिष्कार सर्वसम्मति से आवश्यक है। घरेलू हिंसा में पुरुष कभी भागीदार न बने। इस तरह के कदम समाज की सोच में परिवर्तन लाएंगे। आज विश्वविद्यालय महिलाओं के लिए सुरक्षित स्थान है। संसद में प्रस्तुत होने जा रहा महिला विधायक समर्थ भारत की तस्वीर को उजागर कर रहा है। इससे पूर्व उन्होंने अवध विवि के कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह व विशिष्ट अतिथि प्रो. तपन के साथ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

विशिष्ट अतिथि आईआईटी दिल्ली के प्रो. तपन कुमार गांधी ने कहा कि सभी को समान अवसर प्रदान करते हुए एक संतुलित और समावेशी विश्व का निर्माण करें। जहां हर व्यक्ति को आगे बढ़ने और सफलता प्राप्त करने का समान अधिकार मिले। अध्यक्षीय उद्बोधन में अवध विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने कहा कि भारतीय सांस्कृतिक परंपरा में मातृ शक्ति सदैव प्रथम पूजनीय रही। राष्ट्र के निर्माण में मातृ शक्ति का सम्मान होना ही चाहिए। कहा कि सम्मान का अर्थ है महिला की अस्मिता, उसकी पसंद और उसके निर्णयों का आदर करना। शैक्षणिक और प्रशासनिक निर्णयों में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना ही सही मायने में उन्हें सम्मान देना है। उन्होंने कहा कि विज्ञान हो, खेल हो, राजनीति हो या उद्यमिता, आज कोई भी क्षेत्र बेटियों पहुंच से बाहर नहीं है। शीघ्र ही नवीन परिसर में बेटियों के लिए छात्रावास का निर्माण करने जा रहा है। स्वागत उद्बोधन डॉ. गीतिका श्रीवास्तव ने और मंच संचालन मनीष यादव ने किया। आभार ज्ञापन अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. नीलम पाठक ने दिया। इस अवसर पर वित्त अधिकारी पूर्णेन्दु शुक्ल, प्रो. एसएस मिश्र, मनूचा पीजी कॉलेज की प्राचार्या प्रो. मंजूषा पांडेय, प्रो. आशुतोष सिन्हा, प्रो. हिमांशु शेखर सिंह, प्रो. शैलेंद्र कुमार, प्रो. विनोद कुमार, डॉ. विनोद कुमार चौधरी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं छात्र उपस्थित रहे।

### प्रमुख बातें-

- कुलपति ने मिशन शक्ति 5 के तहत विभिन्न आयोजनों के लिए विश्वविद्यालय स्तर पर गठित 11 सदस्य टीम को सम्मानित किया।
- मिशन शक्ति के द्वारा गठित क्लब अस्तित्व के तहत आयोजित कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।
- कुलपति डॉ. बिजेंद्र, मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. पूनम टंडन और विशिष्ट अतिथि प्रो. तपन गांधी छात्र-छात्राओं के साथ पदयात्रा में शामिल हुए।
- कुलपति, मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि के साथ अवध विवि के शिक्षक, शिक्षिकाओं व छात्रों ने नारी वंदन शक्ति के हस्ताक्षर अभियान में हिस्सा लिया।

## बाग में कटा पड़ा मिला पेड़, कार्रवाई की मांग

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** कोतवाली जलालपुर क्षेत्र के ग्राम चन्दनपट्टी अशरफपुर मजगवां में एक बाग से आम का हरा पेड़ चोरी से काटे जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित बाग के सहखातेदार ने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम चन्दनपट्टी निवासी सती राम वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि गांव में स्थित बाग में उनका भी हिस्सा है। आरोप है कि गांव के ही राम सिंह वर्मा पुत्र देवतादीन वर्मा ने बिना अनुमति के बाग में लगे एक हरे और मोटे आम के पेड़ को चोरी से काटकर गिरा दिया। घटना के समय सती राम वर्मा घर पर मौजूद नहीं थे। बताया जाता है कि सूचना मिलने पर उनके बड़े पुत्र ने तत्काल डायल 112 पर फोन कर पुलिस को मामले से अवगत कराया। हालांकि पुलिस के मौके पर पहुंचने से पहले ही आरोपित व्यक्ति फरार हो गए। कोतवाली जलालपुर के प्रभारी निरीक्षक अजय प्रताप ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# अमानीगंज बाजार में जर्जर सड़कों से लोग परेशान

अयोध्या।

**अमृत विचार:** अमानीगंज से सैदपुर तक सड़कें पूरी तरह जर्जर हालत में हैं। जगह-जगह गड्ढे और टूटी सड़कें दुर्घटनाओं को न्योता दे रही हैं। सबसे बड़ी समस्या अमानीगंज बाजार से पानी निकासी की व्यवस्था न होना है। नालियों के अभाव में गंदा पानी सड़क पर ही जमा हो जाता है। इससे बीमारियों का खतरा है।

मां कामाख्या रोड की ओर जाने वाले रास्ते पर करीब 10 मीटर तक पानी भरा रहता है।इससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी दिक्कतें होती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार विधायक और मंत्री क्षेत्र का दौरा कर चुके हैं, लेकिन हर बार केवल आश्वासन देकर चले जाते हैं। जमीनी स्तर पर अब तक कोई ठोस काम नहीं हुआ। प्रशासन से मांग की कि तत्काल ध्यान देकर आम लोगों को राहत दिलाई जाए।



अमानीगंज बाजार में जाने वाली सड़क पर जलभराव। अमृत विचार



बाजार में पानी निकासी के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। गंदा पानी सड़क पर ही जमा होता है। कई बार शिकायत की गई। कोई कार्रवाई नहीं हुई। **-प्रदीप यादव।**



बाजार के गंदे पानी से बदबू और मच्छरों के कारण बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है लेकिन इस ओर किसी जिम्मेदार का ध्यान नहीं है। **– कमल तिवारी।**

## निगेटिव मार्किंग को लेकर विद्यार्थियों से किया संवाद

**अयोध्या, अमृत विचार :** अवध विश्विद्यालय द्वारा यूजी/पीजी सम सेमेस्टर की परीक्षा में निगेटिव मार्किंग लागू करने के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अयोध्या महानगर ने साकेत महाविद्यालय, झुनझुनवाला महाविद्यालय, परमहंस महाविद्यालय, अवध विश्वविद्यालय, आशा भगवान बख्श सिंह महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं से संवाद किया। विभाग संयोजक शशांक विद्यार्थी ने कहा कि माइनस मार्किंग प्रणाली लागू करना पूर्णत: छात्र विरोधी निर्णय है। महानगर सहमंत्री आदर्श चतुर्वेदी व प्रांत कार्यसमिति सदस्य उत्कर्ष पाण्डेय ने विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग की है कि छात्रों के शैक्षणिक हितों को ध्यान में रखते हुए वर्तमान सत्र में माइनस मार्किंग प्रणाली को तत्काल प्रभाव से स्थगित किया जाए। संपर्क अभियान में जिला संयोजक प्रियांशु तिवारी, विभाग छात्रा प्रमुख श्रेया शुक्ला, जिला संयोजक दिवाकर चौरसिया, महानगर सहमंत्री अनुराग शुक्ल, इकाई अध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी, इकाई अध्यक्ष नीलम गोस्वामी आदि शामिल रहे।

# महिला से मारपीट, पेट पर लगाया तमंचा

- **मकान मालिक और किराएदार के बीच हो रहे विवाद में कर रही थी बीच बचाव**
- **थाना कैंट के गद्दोपुर मझवा स्थित श्रीराम कॉलोनी का मामला, तीनों आरोपी पकड़े गए**

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** मकान मालिक व किराएदार के विवाद में बीच बचाव करने पहुंची महिला से किराएदार व उसके दो भाइयों ने मारपीट की। एक भाई पर तमंचा निकालकर धमकाने का भी आरोप है। वहां मौजूद लोगों ने तीनों को पकड़कर उनकी पिटाई कर पुलिस के हवाले कर दिया।

श्रीराम कॉलोनी मझवां गद्दौपुर थाना कैंट निवासी पीड़िता रेनू पांडेय पत्नी घनश्याम पांडेय ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गुरुवार रात करीब आठ बजे वह अपने मोहल्ले में टहल रही थी। इस दौरान पड़ोस में रहने वाली अंजली चौरसिया के घर शोर शराबा की आवाज सुनकर उनके घर के पास रुक गई। पता चला कि अंजली के घर में किराए पर रहने वाली प्रीती दुबे उर्फ रिंकी कमरा नहीं खाली कर रही है।मकान मालकिन से विवाद कर रही है। मैंने उससे विवाद करने से मना किया तो प्रीती मुझे गालियां देने लगी। विरोध किया तो मेरे साथ मारपीट की, लोगों के बीच बचाव करने पर जान से मारने की धमकी।

बताया कि इसके बाद वह अपने घर चली आई। थोड़ी देर बाद प्रीती दुबे अपने भाई अनुराग दुबे, आजाद तिवारी के साथ बाइक से मेरे घर पर आई। तीनों गाली गलौज करने लगे। इस दौरान आजाद तिवारी ने तमंचा मेरे पेट में लगा दिया। अपना बचाव करने पर तीनों ने दोबारा मुझे मारा पीटा। शोर सुनकर आसपास के लोग एकत्र हुए व तीनों भागने लगे, इस पर उन्हें दौड़ाकर पकड़ लिया। इस दौरान आजाद ने तमंचा कहीं फेंक दिया। थाना प्रभारी कैंट संदीप सिंह ने बताया कि तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उनका चालान कर दिया गया है।

# जीजीआईसी की प्रधानाचार्या पर ड्रेस के लिए छात्रा की पिटाई का आरोप

- **शिकायत करने पहुंची मां से भी अभद्रता और हाथापाई का आरोप, पुलिस जांच में जुटी**

जलालपुर, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के उसमापुर स्थित जीजीआईसी विद्यालय में प्रधानाचार्या पर छात्रा की पिटाई और अभिभावक से अभद्रता के गंभीर आरोप लगे हैं। पीड़ित पक्ष ने मामले की लिखित शिकायत पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है।

बता दें कि उसमापुर निवासी अंचल मौर्या कक्षा 12 की छात्रा है। शुक्रवार को वह निर्धारित स्कूली ड्रेस के बिना विद्यालय पहुंची, जिस पर प्रधानाचार्या आशा वर्मा ने उसे रोककर कारण पूछा। छात्रा ने बताया कि ड्रेस गंदी होने के कारण वह उसे पहनकर नहीं आ सकी। आरोप है कि इस बात पर प्रधानाचार्या नाराज हो गईं और छात्रा को डांटते हुए कथित तौर पर उसकी पिटाई कर दी। इतना ही नहीं, छात्रा द्वारा अन्य छात्राओं के भी बिना ड्रेस आने की बात कहने पर प्रधानाचार्या का गुस्सा और बढ़ गया और उन्होंने छात्रा को विद्यालय से भगा दिया। घर पहुंचकर छात्रा ने पूरी घटना अपनी मां सुषमा मौर्य को बताई। इसके बाद जब मां विद्यालय पहुंचकर शिकायत करने लगीं तो आरोप है कि प्रधानाचार्या ने उनके साथ भी अभद्रता, हाथापाई और उनका मोबाइल छीन लिया। साथ ही धक्का देकर विद्यालय से बाहर निकालते हुए छात्रा का नाम काटने की धमकी भी दी गई। घटना से आहत पीडि़ता की मां ने जलालपुर कोतवाली में लिखित शिकायत देकर निष्पक्ष जांच और कठोर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली प्रभारी अजय प्रताप यादव ने बताया कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## केस से नाम हटाने को घूस मांगने वाला सब-इंस्पेक्टर गिरफ्तार

**आजमगढ़। अमृत विचार :** जिले के सरायमीर थाने में तैनात सब-इंस्पेक्टर अभिषेक सिंह को एंटी करप्शन यूनिट ने रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई एक पीड़ित की शिकायत के आधार पर की गई। बिलरियागंज थाना क्षेत्र के गंगापुर निवासी अवनीश राय ने एंटी करप्शन यूनिट को शिकायत पत्र देकर आरोप लगाया था कि सब-इंस्पेक्टर अभिषेक सिंह मुकदमे से नाम हटाने के बदले एक लाख की रिश्वत की मांग कर रहे थे। साथ ही, उन पर लगातार पैसे देने का दबाव भी बनाया जा रहा था। शिकायत की पुष्टि होने के बाद एंटी करप्शन टीम ने जाल बिछाया। योजना के तहत पीड़ित को केमिकल लगे बीस हजार दिए गए और उसे आरोपी सब-इंस्पेक्टर के पास भेजा गया। जैसे ही अभिषेक सिंह ने रिश्वत की रकम ली, मौके पर मौजूद टीम ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है, जहां आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# जनगणना प्रशिक्षण में अव्यवस्थाओं का आरोप, प्रशिक्षुओं में आक्रोश

मालीपुर, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** भारत सरकार द्वारा कराई जा रही मकान सूचीकरण व जनगणना से संबंधित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम अव्यवस्थाओं और संसाधनों की कमी को लेकर विवादों में घिर गया है। सुपरवाइजरों और प्रगणकों ने आरोप लगाया है कि उन्हें मिलने वाले मानदेय में कटौती की जा रही है, जबकि भोजन, नाश्ता और अध्ययन सामग्री की पर्याप्त व्यवस्था भी नहीं है। इससे प्रशिक्षुओं में आक्रोश व्याप्त है।

प्रशिक्षुओं के अनुसार प्रशिक्षण के पहले दिन शाम करीब 4:30 बजे भोजन उपलब्ध कराया गया। भोजन की गुणवत्ता को लेकर भी प्रतिभागियों ने नाराजगी जताई। प्रशिक्षुओं का यह भी आरोप है कि सरकार द्वारा निर्धारित 600 प्रतिदिन मानदेय में से 200 खाने-पीने और अन्य व्यवस्थाओं के नाम पर काट लिए जाते हैं, इसके बावजूद संतोषजनक व्यवस्था नहीं की जा रही है। उन्होंने इसे प्रशिक्षण के नाम पर लापरवाही और शोषण बताया। तकनीकी और शैक्षणिक व्यवस्थाओं को लेकर भी असंतोष जताया गया। प्रतिभागियों का कहना है कि प्रशिक्षण में उपयोग होने वाला मोबाइल एप कई फोन में काम नहीं कर रहा है। साथ ही उन्हें जनगणना और मकान सूचीकरण से संबंधित बुकलेट उपलब्ध नहीं कराई गई, जबकि प्रशिक्षकों को यह सामग्री दी गई है।

## एनटीपीसी टांडा में यश सोनकर बने नए जनसंपर्क अधिकारी



**टांडा, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** एनटीपीसी टांडा में जनसंपर्क अधिकारी के पद पर यश सोनकर ने अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। उनके आगमन से परियोजना की जनसंपर्क एवं संचार गतिविधियों को और अधिक सुदृढ़ बनाने की उम्मीद जताई जा रही है। जनसंपर्क अधिकारी यश सोनकर इससे पूर्व टीओआईडॉटकॉम नई दिल्ली में कंसल्टेंट के रूप में कार्यरत रहे हैं, जहां उन्होंने मीडिया एवं संचार के क्षेत्र में महत्वपूर्ण अनुभव अर्जित किया है। उन्हें पत्रकारिता और जनसंपर्क के क्षेत्र में व्यापक अनुभव प्राप्त है। एनटीपीसी टांडा प्रबंधन ने यश सोनकर का स्वागत करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके अनुभव और कार्यकुशलता से संगठन की छवि और अधिक सशक्त होगी तथा जनसंपर्क गतिविधियों में नई ऊर्जा का संचार होगा।

## कॉक्लियर इम्प्लांट योजना के लाभार्थियों से हुआ संवाद

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रतिभा यादव ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत कॉक्लियर इम्प्लांट सर्जरी योजना से लाभान्वित बच्चों और उनके अभिभावकों के साथ संयुक्त संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी क्रम में शुक्रवार को उपनिदेशक दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग अयोध्या मंडल, अयोध्या एवं जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी की उपस्थिति में एनटीपीसी टांडा द्वारा संचालित दिव्यांग पुनर्वास केंद्र टांडा में संवाद कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें जनपद में कॉक्लियर इम्प्लांट सर्जरी कराए गए बच्चों एवं उनके अभिभावकों ने भाग लिया। संयुक्त संवाद के दौरान अभिभावकों ने राज्य सरकार द्वारा संचालित योजना की सराहना करते हुए बताया कि सर्जरी के बाद बच्चों में उल्लेखनीय सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिला है। बच्चों के विकास में आए सुधार से अभिभावक संतुष्ट और प्रसन्न नजर आए।



संवाद कार्यक्रम में मौजूद प्रतिभा यादव व साथ में अन्य।

## भाजपा ने किया गोष्ठी, निकाली स्कूटी रैली

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा लाए गए नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के समर्थन में शुक्रवार को भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में महिलाओं की गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी के मार्गदर्शन एवं उपस्थिति में तथा जिला संयोजक सुमन पाण्डेय के संयोजन में संपन्न हुआ। इस दौरान महिलाओं ने प्रधानमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए अधिनियम के समर्थन में मिस्ड कॉल अभियान, हस्ताक्षर अभियान चलाया। साथ ही अटल भवन से पटेल नगर तक स्कूटी रैली निकाली गई और स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर पदयात्रा भी की गई। गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाला यह संवैधानिक प्रावधान देश की माताओं, बहनों और बेटियों के सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह कानून महिलाओं को भागीदारी से आगे बढ़ाकर निर्णयकर्ता बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। जिला संयोजक सुमन पाण्डेय ने कहा कि महिला आरक्षण से नीति निर्माण अधिक संवेदनशील और जनकेंद्रित होगा तथा महिलाओं को लाभार्थी से नीति निर्माता बनने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 का सपना महिला नेतृत्व के बिना अधूरा है। पूर्व चेयरमैन सरिता गुप्ता ने कहा कि जब नारी सशक्त होती है तो समाज और राष्ट्र दोनों सशक्त होते हैं। नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश के उज्ज्वल, समावेशी और सशक्त भविष्य की आधारशिला है। कार्यक्रम में भाजपा जिला कोषाध्यक्ष रितु बहल, पूर्व जिला मंत्री सरिता वर्मा, एडवोकेट प्रेमलता भारती, जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय, अमित पाण्डेय, आदर्श चौधरी, नंद कुमार तिवारी राणा, प्रणव पांडेय, आनंद श्रीवास्तव, संगीता चौरसिया सहित दर्जनों महिलाएं मौजूद रहीं।

## अंबेडकर जयंती पर जलालपुर में संगोष्ठी

**जलालपुर (अंबेडकरनगर)।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर जलालपुर विधानसभा क्षेत्र के डवाकरा हाल में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. मिथिलेश त्रिपाठी एवं विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख त्रिभुवन नाथ ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. मिथिलेश त्रिपाठी ने कहा कि बाबासाहेब का जीवन समतामूलक समाज के निर्माण और वंचित वर्गों को अधिकार दिलाने के लिए समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि बाबा साहब का मिशन केवल व्यक्ति विशेष का नहीं, बल्कि देश की एकता, अखंडता और मजबूती का मिशन है। उनके विचार आज भी समाज के प्रत्येक व्यक्ति को प्रेरणा देते हैं। उन्होंने केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि बाबा साहब के संकल्पों को पूरा करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख त्रिभुवन नाथ ने अपने संबोधन में कहा कि पूर्व की सरकारों ने बाबा साहब को उचित सम्मान नहीं दिया, जबकि वर्तमान में उनके विचारों को आगे बढ़ाया जा रहा है।

## बीएसए ने सहायक अध्यापक को किया निलंबित

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद में एक सहायक अध्यापक को अमर्यादित टिप्पणी के मामले में निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेष कुमार पटेल द्वारा की गई है। निलंबित शिक्षक का नाम जयकेश सिंह है। मामला विकास खंड भीटी के आधिकारिक समूह में खंड शिक्षा अधिकारी भीटी के संबंध में की गई आपत्तिजनक टिप्पणी से जुड़ा है। इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी भीटी ने 16 मार्च को एक रिपोर्ट प्रस्तुत की थी। रिपोर्ट के आधार पर मामले की जांच के लिए खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय तथा खंड शिक्षा अधिकारी टांडा की संयुक्त जांच समिति गठित की गई। समिति ने 10 अप्रैल को कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर गिरण्ट का स्थलीय निरीक्षण किया और संबंधित सहायक अध्यापक से स्पष्टीकरण प्राप्त किया। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि जयकेश सिंह पूर्व में 15 नवंबर 2022 को आयोजित ब्लॉक स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता के दौरान भी एक जनप्रतिनिधि के प्रति अमर्यादित टिप्पणी कर चुके हैं। उस समय उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए दो वेतन वृद्धि रोकी गई।

# मानदेय भुगतान में न बरतें लापरवाही

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में संविदा एवं आउटसोर्सिंग कार्मिकों के मानदेय भुगतान की स्थिति की समीक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में जनपद के समस्त विभागाध्यक्षों ने सहभागिता करते हुए अपने-अपने विभागों में कार्यरत कार्मिकों के भुगतान की अद्यतन स्थिति प्रस्तुत किया। बैठक में बताया गया कि लगभग सभी विभागों में माह मार्च तक आउटसोर्सिंग एवं संविदा कार्मिकों के मानदेय का भुगतान किया जा चुका है। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने विभागवार समीक्षा करते हुए विशेष रूप से उन विभागों पर नाराजगी व्यक्त की, जिनके द्वारा माह मार्च तक कार्मिकों का मानदेय भुगतान नहीं किया गया है। उन्होंने संबंधित विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया कि लंबित भुगतान को तत्काल प्रभाव से सुनिश्चित किया जाए, आवश्यकतानुसार पत्राचार किया जाए तथा भविष्य में किसी भी स्तर पर विलंब न होने पाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सभी संविदा एवं आउटसोर्सिंग कार्मिकों का मानदेय समय से भुगतान हो तथा उनकी उपस्थिति नियमित समय से प्रेषित की जाए। ईपीएफ एवं अन्य देय सुविधाओं के संबंध में भी कड़े निर्देश देते हुए कहा कि सभी वेंडर यह सुनिश्चित करें कि कार्मिकों के ईपीएफ अंशदान एवं अन्य लाभ समय पर जमा किए जाएं।




कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला।

## आजाद समाज पार्टी के जिला उपाध्यक्ष बने अयोध्या प्रसाद

**टांडा, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** आजाद समाज पार्टी कांशीराम द्वारा संगठन विस्तार के क्रम में जनपद में नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद के निर्देश पर बहुजन हिताय-बहुजन सुखाय की विचारधारा को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से ग्राम जलालपुर चांदपुर कटेहरी निवासी अयोध्या प्रसाद पटेल को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जारी पत्र के अनुसार अयोध्या प्रसाद पटेल से अपेक्षा की गई है कि वह पार्टी की नीतियों और दिशा-निर्देशों का पूर्ण निष्ठा के साथ पालन करते हुए संगठन को मजबूत करने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। जिलाध्यक्ष जय सिंह राणा ने कहा कि अयोध्या प्रसाद पटेल के जुडऩे से पार्टी को मजबूती मिलेगी और जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाया जा सकेगा। इस दौरान पार्टी के पदाधिकारी अरविंद वर्मा भी मौजूद रहे। वहीं कार्यकर्ताओं में इस नियुक्ति को लेकर खासा उत्साह देखा गया। पार्टी पदाधिकारियों एवं समर्थकों ने अयोध्या प्रसाद पटेल को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

**निर्देश** सीडीओ ने शेष लक्ष्यों को समयबद्ध पूर्ण करने के दिए निर्देश

# लाभार्थियों के आवेदनों का त्वरित करें निस्तारण

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में शुक्रवार को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में लक्ष्य पूर्ति, बैंकिंग प्रक्रियाओं, विद्युत विभाग की समस्याओं तथा बैंकवार लंबित आवेदनों आदि बिंदुओं की समीक्षा की गई।

मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किए जा चुके हैं, जबकि वर्ष 2026-27 के 4 हजार 528 लक्ष्यों के सापेक्ष अब तक 2 हजार 196 की प्रगति दर्ज की गई है। कुल 6 हजार 469 लक्ष्यों के मुकाबले 4 हजार 137 की उपलब्धि प्राप्त होने पर मुख्य विकास अधिकारी ने शेष लक्ष्यों को समयबद्ध पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैंकिंग प्रकरणों की समीक्षा में मुख्य विकास अधिकारी ने विभिन्न बैंकों में ऋण स्वीकृति एवं वितरण से जुड़े लंबित मामलों पर नाराजगी व्यक्त किया। बैंक ऑफ बड़ौदा, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया सहित अन्य बैंकों में 15 दिन से अधिक लंबित प्रकरणों, अनावश्यक फाइल होल्ड एवं दस्तावेजी देरी पर कड़ा रुख अपनाते हुए सभी बैंकर्स को निर्देशित किया गया कि लाभार्थियों के आवेदनों का त्वरित एवं पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।



विकास भवन सभागार में समीक्षा बैठक करते सीडीओ आनंद कुमार शुक्ला।

### लापरवाही बरतने पर होगी कार्रवाई

सीडीओ ने सम्बन्धित विभागाध्यक्षों को कार्मिकों को प्रेरित कर अधिक से अधिक सोलर पावर प्लांट की स्थापना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सीडीओ ने कहा कि योजना का लाभ शासन की मंशा के अनुरूप अधिक से अधिक लाभार्थियों तक सुगमता एवं पारदर्शिता के साथ पहुंचाया जाए। सभी विभागों एवं बैंकर्स को समन्वय स्थापित कर लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण करने के कहा गया।

# दबंगों ने रास्ता किया बंद ग्रामीणों ने लगाई गुहार

टांडा, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** टांडा तहसील क्षेत्र के ग्राम मखदूम सराय में दबंगों द्वारा आबादी की जमीन पर बने पुस्तैनी रास्ते को बंद किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ग्रामीणों ने प्रशासन से रास्ता खुलवाने और सुरक्षा की गुहार लगाई है।

पीड़ित जगदीश प्रसाद ने शिकायती पत्र में बताया कि गाटा संख्या 127 जो आबादी खाते में दर्ज है, जहां से वर्षों से ग्रामीण आवागमन करते रहे हैं। इसी रास्ते के सहारे नाली का भी उपयोग होता रहा है। आरोप है कि सटे हुए गाटा संख्या 126 के सहारे कुछ दबंग उक्त भूमि पर कब्जा करने की नीयत से रास्ते को बांस-बल्ली और गोबर आदि रखकर बंद कर दिए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस संबंध में थाना, तहसील और जिला मुख्यालय पर कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। मामले को लेकर न्यायालय में भी प्रार्थना की गई थी, जहां कमीशन के बाद कुछ समय के लिए रास्ता खुला रहा, लेकिन फिर से दबंगों ने रास्ता अवरुद्ध कर दिया। पीड़ितों ने यह भी आरोप लगाया कि विरोध करने पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी जा रही है, जिससे पूरे परिवार में भय का माहौल है। पिछले एक माह से रास्ता बंद होने के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानी हो रही है।

# पारा 41 डिग्री के पार, मेडिकल कॉलेज में बढ़ी मरीजों की भीड़

## भीषण गर्मी का असर: 1598 मरीजों ने कराया पंजीकरण, रजिस्ट्रेशन काउंटर से लेकर ओपीडी व दवा वितरण केंद्र तक लगी रही रोगियों की लाइन

संवाददाता, सुलतानपुर



मेडिकल कॉलेज की ओपीडी में मरीज देखती चिकित्सक। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** शुक्रवार को मेडिकल कॉलेज की ओपीडी में मरीजों की भारी भीड़ देखने को मिली। तेज गर्मी और बढ़ते तापमान के कारण 1598 मरीजों ने अपना पंजीकरण कराया। रजिस्ट्रेशन काउंटर से लेकर ओपीडी और दवा वितरण केंद्र तक मरीजों की लंबी कतारें लगी रहीं, जिससे मरीजों और तीमारदारों को समस्या का सामना करना पड़ा।

पर्ची काउंटर पर तैनात आमिर ने बताया कि दोपहर करीब डेढ़ बजे तक 1598 मरीजों का रजिस्ट्रेशन हो चुका था, और इसके बाद भी मरीजों का आना जारी रहा। सुबह से ही अस्पताल परिसर में भीड़ का माहौल बना रहा, जहां मरीजों को अपनी बारी के इंतजार में काफी समय बिताना पड़ा।

सीएमएस डॉ अविनाश चन्द गुप्ता ने बताया कि इन दिनों गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। तापमान में हो रही बढ़ोतरी का सीधा असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। खासतौर पर उल्टी और दस्त के मरीजों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है। गर्मी के कारण डिहाइड्रेशन और संक्रमण की समस्याएं आम हो गई हैं, जिससे लोग बड़ी संख्या में अस्पताल पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया कि धूप और गर्म हवाओं की वजह से मरीजों की संख्या बढ़ी है। सभी स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया गया है कि मरीजों को समय पर इलाज मिले और उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

### 41 डिग्री पहुंचा पारा

**सुलतानपुर:** कृषि मौसम विज्ञान विभाग, आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय द्वारा जारी बुलेटिन के अनुसार शुक्रवार को अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम 20 .5 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से 3 डिग्री अधिक है। सापेक्षिक आर्द्रता 34 से 78 प्रतिशत रही, जबकि दक्षिण-पश्चिमी दिशा से 2.6 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चली। विभाग ने अगले 24 घंटे में पूर्वी उत्तर प्रदेश में मौसम शुष्क रहने, तापमान अधिक रहने तथा हल्की से मध्यम गति से हवाएं चलने की संभावना जताई है। किसानों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

### कड़ी धूप से बढ़े आंख के मरीज

कड़ी धूप के चलते आंखों से जुड़ी समस्याओं में तेजी से इजाफा हो रहा है। शुक्रवार को आंख विभाग की ओपीडी में मरीजों की सबसे ज्यादा भीड़ देखने को मिली। तेज धूप और उड़ती धूल के कारण लोगों की आंखों में जलन, संक्रमण और दर्द की शिकायतें बढ़ गई हैं। आंख विभाग में ओपीडी कर रहीं डॉ. सरिता वर्मा ने बताया कि कड़ी धूप की वजह से आंखों में जलन और दर्द के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। कई मरीज ऐसे भी आ रहे हैं जिनकी आंखों में चोट लगने के कारण अल्सर की समस्या हो गई है। मौजूदा मौसम में संक्रमण और चोट के मामले अधिक सामने आ रहे हैं। डॉ. सरिता वर्मा ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह देते हुए कहा कि धूप में निकलते समय आंखों की सुरक्षा बेहद जरूरी है। इसके लिए चश्मे का उपयोग करें और धूल व तेज रोशनी से बचाव करें। साथ ही, आंखों में किसी भी तरह की परेशानी होने पर लापरवाही न बरतें और तुरंत डॉक्टर से परामर्श लें, ताकि गंभीर स्थिति से बचा जा सके।

## न्यूज ब्रीफ

### आप सांसद व पूर्व सपा विधायक पर दर्ज केस में वर्चुअल गवाही दर्ज

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** बिजली कटौती के विरोध में शहर के ख्वाजा कांप्लेक्स के सामने सड़क जामकर प्रदर्शन करने के मामले में आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह व पूर्व सपा विधायक अनूप संडा समेत अन्य के विरुद्ध दर्ज केस में शुक्रवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग से दारोगा आरपी कटियार की गवाही दर्ज की गई।

### सड़क हादसे में ई-रिक्शा चालक की मौत

**चांदा, सुलतानपुर, अमृत विचार :** चांदा थाना क्षेत्र में गुरुवार रात सड़क हादसे में ई-रिक्शा चालक देवी दीन (45) की मौत हो गई। वह बाजार से घर लौट रहे थे, तभी मधुपुरी के पास अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल देवी दीन को सीएचसी प्रतापपुर कमैचा ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। हादसे में सवार राजकुमार गौतम को मामूली चोटें आईं। मृतक अपने पीछे पत्नी व चार बच्चों को छोड़ गए हैं। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

### अधिवक्ता परिषद ने मनाई अम्बेडकर जयंती

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** अधिवक्ता परिषद अवध इकाई द्वारा दीवानी न्यायालय स्थित डॉ. राजेंद्र प्रसाद हाल में डॉ. भीमराव राव अम्बेडकर की 135वीं जयंती समरसता दिवस के रूप में मनाई गई। मुख्य अतिथि मुक्ता त्यागी की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। वक्ताओं ने संविधान के सिद्धांतों पर प्रकाश डाला।

### महिलाओं से अश्लील हरकत करने वाला बंदी

**भदैंया, सुलतानपुर, अमृत विचारः** देहात कोतवाली क्षेत्र के भुलकी गांव में महिलाओं व लड़कियों को देखकर अश्लील गाना गाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी चौराहे पर खड़ा होकर राहगीर महिलाओं पर आपत्तिजनक हरकतें करता था। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवक को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसकी पहचान आदित्य (22) पुत्र महेश कुमार निवासी भुलकी के रूप में हुई। सब-इंस्पेक्टर अभिनव शंकर शुक्ला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई। देहात कोतवाल धर्मवीर सिंह ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर ऐसी हरकतें किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएंगी।

# छेड़छाड़ के दोषी को तीन साल की कैद

- न्यायालय ने 5 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** बाजार शुकुल थाना क्षेत्र के एक गांव में 7 साल पूर्व किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने के आरोपी सुल्तान को स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट नीरज श्रीवास्तव की अदालत ने शुक्रवार को दोषी ठहराते हुए 3 साल की सजा सुनाई। कोर्ट ने दोषी पर 5 हजार रुपए अर्थदण्ड भी लगाया है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता विवेक सिंह के मुताबिक 9 मार्च 2019 की घटना में दर्ज हुए केस मे पीड़िता के पिता ने आरोप लगाया था कि मटर तोड़ने गई उसकी नाबालिग पुत्री के साथ आरोपी ने छेड़छाड किया तथा मारपीट की। तहरीर पर केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छेड़छाड समेत अन्य आरोप में चार्जशीट दाखिल की। अभियोजन पक्ष की तरफ मुकदमे के दौरान पेश किए गये गवाहों के साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने आरोपी सुल्तान को छेड़छाड़ का दोषी ठहराते हुए तीन साल की सजा सुनाई।

### राहुल गांधी मानहानि मामला: वायस सेम्पल पर सुनवाई अब 22 अप्रैल को

**संवाददाता, सुलतानपुर :** कांग्रेस सासंद व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से जुड़े बहुचर्चित मानहानि के वाद में शुक्रवार को अदालत में सुनवाई हुई। परिवादी के अधिवक्ता संतोष पांडेय के मौका लेने के कारण वायस सेम्पल पर बहस नही हो सकी। बचाव पक्ष के वकील काशी प्रसाद शुक्ल ने परिवादी के अधिवक्ता के मौका प्रार्थना-पत्र पर विरोध जताया। कोर्ट ने नियत तिथि 22 अप्रैल करते हुए परिवादी को वायस सेम्पल पर बहस न करने पर उत्पीड़क आदेश पारित करने की बात कही है। गौरतलब है कि परिवादी पक्ष द्वारा प्रस्तुत सीडी में उपलब्ध ऑडियो-वीडियो की सत्यता की जांच हेतु राहुल गांधी का वॉयस सैंपल लेने की मांग की गई थी, जिस पर बचाव पक्ष ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने इसे कानूनी रूप से अनुचित बताते हुए विरोध किया, जबकि परिवादी पक्ष के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने वैज्ञानिक परीक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया है। गौरतलब है कि यह मामला वर्ष 2018 में बेंगलुरु में आयोजित एक जनसभा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ कथित टिप्पणी से जुड़ा है। इस संबंध में भाजपा नेता विजय मिश्र द्वारा चार अगस्त 2018 को सुलतानपुर की अदालत में मानहानि वाद दायर किया गया था। मामले में पहले ही राहुल गांधी अदालत में पेश होकर जमानत ले चुके हैं तथा उनका बयान भी दर्ज किया जा चुका है। अब वायस सेम्पल को लेकर कानूनी बहस 22 अप्रैल को होगी।

### सीसीटीवी फुटेज में कमी और देरी से मेडिकल पर कोर्ट सख्त

- मानवाधिकार आयोग को भेजी रिपोर्ट

हलियापुर थाना क्षेत्र में देशी शराब दुकान चोरी प्रकरण में अदालत ने जांच की कार्यप्रणाली पर कड़ा रुख अपनाया है। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत ने तीनों आरोपित कृकरमराज, रामू व अमृतलालकृकी न्यायिक हिरासत 29 अप्रैल तक बढ़ाते हुए मामले से जुड़े गंभीर बिंदुओं पर विस्तृत टिप्पणी की है। गुरुवार को विवेचक उपनिरीक्षक राजकुमार द्वारा कोर्ट में सीसीटीवी फुटेज व केस डायरी प्रस्तुत की गई। अदालत ने पाया कि पूर्व आदेश (13 अप्रैल) के बावजूद आरोपितों करमराज व रामू का पुनः मेडिकल परीक्षण तत्काल न कराकर 15 अप्रैल की रात कराया गया, जो कोर्ट के आदेश की अवहेलना प्रतीत होती है। कोर्ट ने टिप्पणी की कि इससे चोटों के साक्ष्य प्रभावित करने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता।

मेडिकल रिपोर्ट में रामू के शरीर पर दो चोटें पाई गईं, जबकि करमराज के शरीर पर पूर्व में दिखे चोट के निशान नहीं मिले। अदालत ने इसे संदेहास्पद मानते हुए अभिरक्षा में मारपीट के आरोपों को प्रथम दृष्टया बलवान माना है। वहीं, 10 अप्रैल से 13 अप्रैल तक की मांगी गई सीसीटीवी फुटेज में 11 अप्रैल दोपहर 12 से 2 बजे के बीच का महत्वपूर्ण हिस्सा अनुपलब्ध पाया गया। इसी समय आरोपितों के थाने आने का दावा किया गया था। इस पर विवेचक द्वारा दिया गया स्पष्टीकरण कोर्ट को संतोषजनक नहीं लगा। कोर्ट ने माना कि विवादित समय की फुटेज का न होना आरोपितों के कथन को मजबूती देता है। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोर्ट ने आदेश की प्रति राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, नई दिल्ली को भेजने के निर्देश दिए हैं, ताकि अभिरक्षा में उत्पीड़न के आरोपों पर संज्ञान लिया जा सके। साथ ही, निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने डीएम व एसपी सुलतानपुर को भी प्रकरण की विवेचना किसी अन्य अधिकारी/ थाने से कराए जाने पर विचार करने के निर्देश दिए गए हैं। ज्ञात हो कि इस मामले में पुलिस ने आरोपितों के पास से तीन पेटी देशी शराब, पीओएस मशीन, नकद 10,650 रुपये व अन्य सामान बरामद करने का दावा किया है, जबकि आरोपितों ने पुलिस पर हिरासत में मारपीट व उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाए हैं।

## लंभुआ विधायक के केस में बहस चार मई को

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** विधानसभा चुनाव के दौरान बिना अनुमति जन सभा कर प्रचार आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने के आरोपों में एमपी- एमएलए कोर्ट के मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने लंभुआ विधायक सीताराम वर्मा समेत अन्य आरोपियों के केस में शुक्रवार को फाइनल बहस के लिए चार मई की तारीख निर्धारित की है। अभियोजन पक्ष के मुताबिक 23 फरवरी 2022 को विधानसभा चुनाव प्रचारके दौरान सीताराम वर्मा ने लंभुआ क्षेत्र केशवपुर महात्मा गांधी मनरेगा खेलकूद मैदान ग्राम खड़ुआन में बिना प्रशासन की अनुमति के चुनावी सभा की थी। जिस पर उड़न दस्ता प्रभारी विपुल कुमार उपाध्याय ने केस दर्ज कराया था।

# महिलाओं की भागीदारी से ही देश का विकास

संवाददाता, सुलतानपुर



मुख्य अतिथि का स्वागत करते सदर विधायक। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** शुक्रवार को मर्यादी इंटर कॉलेज, बरौसा में भारतीय जनता पार्टी द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में विधानसभा स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में महिलाओं की भागीदारी ने इसे खास बना दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचीं भाजपा की पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना उपाध्याय का स्वागत जयसिंहपुर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय ने स्मृति चिन्ह भेंट कर किया। विधायक ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताते हुए इसके लाभों पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि रंजना उपाध्याय ने केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाये जैसे उज्ज्वला योजना, शौचालय निर्माण (इज्जत घर), मुफ्त गैस सिलेंडर और महिला आरक्षणकृका उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से ही देश का सर्वांगीण विकास संभव है।

- सदर विधायक के नेतृत्व में हुआ नारी शक्ति महासम्मेलन

सम्मेलन में जिला महामंत्री विजय त्रिपाठी, ब्लॉक प्रमुख राहुल चंद्रशेखर शुक्ला, भाजपा नेता रत्नेश तिवारी, रामजीत पाल, हरिशंकर वर्मा, राजेश शुक्ला और गुड्डू उपाध्याय सहित कई प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे।

# छात्राओं को दी गई सुरक्षा हेल्पलाइन की जानकारी

विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर

- मिशन शक्ति अभियान के तहत हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**अमृत विचारः** बल्दीराय तहसील क्षेत्र के ऐंजर अंतर्गत राजकीय हाईस्कूल कनकपुर शिकवा में मिशन शक्ति अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में पुलिस टीम ने छात्राओं को विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी, जिनमें 1090 वूमेन पावर लाइन, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 102 गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एंबुलेंस सेवा, 101 अग्निशमन सेवा, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1930 साइबर हेल्पलाइन तथा 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन शामिल हैं। टीम ने बताया कि किसी भी आपात स्थिति में इन सेवाओं का उपयोग कर तत्काल सहायता प्राप्त की जा सकती है। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका चारुल गुप्ता, अध्यापिका प्रीती यादव, रुचि मौर्य सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।



सेवानिवृत्त शिक्षकों का किया गया सम्मान। ● अमृत विचार

### शिक्षक सम्मान व शिक्षा चौपाल कार्यक्रम आयोजित

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** विकासखंड दुबेपुर के न्याय पंचायत भादा स्थित प्राथमिक विद्यालय पूरे साऊं में शिक्षक सम्मान, विदाई एवं शिक्षा चौपाल कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त बजरंग बहादुर यादव मुख्य अतिथि तथा ओमप्रकाश पांडेय विशिष्ट अतिथि रहे। नोडल शिक्षण संकुल राजेश कुमार पांडेय के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व शिक्षक चंदन कुमार यादव को भी सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने शिक्षा चौपाल की महत्ता बताते हुए अभिभावकों से परिषदीय विद्यालयों में बच्चों का नामांकन बढ़ाने की अपील की। कार्यक्रम में शिक्षा की गुणवत्ता सुधार पर जोर दिया गया। इस दौरान कई शिक्षक, जनप्रतिनिधि व अभिभावक मौजूद रहे।

### केएनआई में एनबीए मूल्यांकन शुरू, तीन दिन चलेगी विजिट

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** शहर के प्रतिष्ठित कमला नेहरू संस्थान के इंजीनियरिंग संकाय में शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ाने के लिए नेशनल बोर्ड ऑफ एक्रेडिटेशन (एनबीए) की टीम द्वारा मूल्यांकन शुक्रवार से शुरू हो गया। यह विजिट 17 से 19 अप्रैल तक चलेगी। संस्थान के प्रबंधक व विधायक विनोद सिंह और निदेशक प्रो. डी.एस. पुन्डीर के प्रयासों से यह मूल्यांकन कराया जा रहा है। डीन एकेडमिक रत्नेश सिंह ने बताया कि सभी कर्मचारी पूरी मेहनत से मूल्यांकन को सफल बनाने में जुटे हैं। उन्होंने कहा कि एनबीए मान्यता मिलने से संस्थान की वैश्विक पहचान मजबूत होगी और इसका सीधा लाभ छात्रों को मिलेगा।

# शोध में अकादमिक नैतिकता बनाना जरूरी

संवाददाता, सुलतानपुर



संगोष्ठी को संबोधित करतीं वक्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** अनुसंधान विषय का चयन एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसमें ज्ञान के क्षेत्र में अंतर को पहचानकर कुछ नया और मौलिक योगदान देना होता है। शोधकर्ता अनुसंधान क्षेत्र में नया योगदान करें, इसके लिए शोध में ईमानदारी और अकादमिक नैतिकता बनाए रखना जरूरी है।

यह बातें राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो. इन्द्रमणि कुमार ने कहीं। वह विभाग शिक्षण कक्ष में अनुसंधान विषय चयन , लेखन एवं मौलिकता विषय पर आयोजित संगोष्ठी को बतौर मुख्य वक्ता सम्बोधित कर रहे थे। संगोष्ठी में विषय प्रवर्तन करते हुए असिस्टेंट प्रोफेसर ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि ने कहा कि एक अच्छा अनुसंधान विषय शोधकर्ता के ज्ञान की वृद्धि तो करता ही है अकादमिक जगत में मान्यता मिलने की संभावना भी बढ़ाता है। यह ध्यान रखना चाहिए कि विषय वर्तमान समय में महत्वपूर्ण हो। प्रोफेसर रंजना पटेल ने कहा शोध के लिए ऐसा विषय चुनें जिसमें आपकी गहरी रुचि हो ताकि आप गहराई से विश्लेषण कर सकें। उन क्षेत्रों या प्रश्नों को खोजें जिन्हें पिछले अध्ययनों में नजरअंदाज किया है।

- राणा प्रताप महाविद्यालय में हिन्दी विभाग ने आयोजित की संगोष्ठी

**लगाई गुहार** — गर्मी को देखते हुए स्कूल समय में बदलाव, बीमार व गर्भवती शिक्षिकाओं को ड्यूटी से छूट देने की मांग

# जनगणना ड्यूटी को लेकर महिला शिक्षकों ने बीएसए को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष डॉ. गायत्री सिंह के नेतृत्व में महिला शिक्षकों ने बीएसए उपेंद्र गुप्ता को ज्ञापन सौंपकर जनगणना ड्यूटी को लेकर समस्याएं उठाईं। उन्होंने गर्मी को देखते हुए स्कूल समय में बदलाव, बीमार व गर्भवती शिक्षिकाओं को ड्यूटी से छूट देने की मांग की।

साथ ही शिक्षकों के लिए आवागमन की व्यवस्था, उचित मानदेय और ड्यूटी के बाद अवकाश देने की भी मांग रखी गई। बीएसए ने समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान गरिमा मिश्रा, डॉ. बीना रतन मिश्रा समेत कई महिला शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।



बेसिक शिक्षा अधिकारी को मांग पत्र सौंपतीं महिला शिक्षक। ● अमृत विचार

### बजरंग दल ने विभिन्न मुद्दों को लेकर सौंपा ज्ञापन

बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को सामाजिक चुनौतियों, अवैध कब्जों और अन्य मुद्दों के विरोध में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन के माध्यम से सौंपा। कार्यकर्ताओं ने वन भूमि, सार्वजनिक संपत्ति और रेलवे जमीनों पर अवैध कब्जों को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चुनौती बताया। ज्ञापन में 'लव जिहाद' और कथित जबरन धर्मांतरण पर सख्त कानून बनाने की मांग उठाई गई। साथ ही खाद्य पदार्थों के साथ छेड़छाड़ और अल्पसंख्यक क्षेत्रों में रह रहे हिंदू परिवारों के उत्पीड़न पर चिंता जताई गई। कार्यकर्ताओं ने अवैध कब्जे हटाने, असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई और जनजातीय क्षेत्रों में सुरक्षा बढ़ाने की मांग की। इस दौरान प्रांजल सिंह, यशदीप, अजय जायसवाल समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### गेहूं खरीद संकट पर कांग्रेस का विरोध, डीएम को सौंपा ज्ञापन

जिले में गेहूं खरीद केंद्रों की अव्यवस्थाओं को लेकर कांग्रेस ने आक्रामक रुख अपनाते हुए जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के नेतृत्व में डीएम को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि 2585 रुपये प्रति कुंतल समर्थन मूल्य तय होने के बावजूद अधिकांश केंद्र संचालित नहीं हो रहे, जिससे किसान कम कीमत पर फसल बेचने को मजबूर हैं।

राणा ने 20 अप्रैल तक सभी क्रय केंद्र चालू करने, पर्याप्त बोरे उपलब्ध कराने, पारदर्शिता सुनिश्चित करने और किसानों को तत्काल भुगतान की मांग की। चेतावनी दी कि तीन दिन में मांगें पूरी न होने पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान ओम प्रकाश सिंह, शहर अध्यक्ष शकील अंसारी समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।


## अमृत विचार क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मेरे पुत्र सुरजीत सिंह और उसकी पत्नी रीना सिंह का आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक नहीं है जिसके चलते मैंने उन दोनों को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब मेरा व मेरे संपूर्ण परिवार मय पुत्री व पत्नी से उन दोनों का किसी भी प्रकार का वास्ता सरोकार नहीं रहेगा। अपने किए गए कार्यो के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। **मैं/ दिनेश सिंह पुत्र बंक बहादुर सिंह निवासी ग्राम पोस्ट सेमर पहा थाना लालगंज जिला रायबरेली।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि पूर्व में मेरा नाम GAUSIYA HASIB SIDDIQUI था जिसे बदल कर GAUSIYA HASIB कर लिया है। भविष्य मै मुझे GAUSIYA HASIB नाम से जाना पहचाना जाए। **GAUSIYA HASIB W/O-NOORUDDIN SIDDIQUI ADD-616/P-009A SIMRA GAUDHI FAIZULLAGANJ -1 MADIYAAW, DIST-LUCKNOW, U.P, PIN-226013**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा माध्यमिक शिक्षा परिषद ,उत्तर प्रदेश, प्रयागराज द्वारा आयोजित हाईस्कूल परीक्षा वर्ष -2021, अनुक्रमांक -211190150 का अंकपत्र सह प्रमाणपत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **सचिन पुत्र राजेन्द्र कुमार, निवासी ग्राम - कोलाहैबतपुर, पोस्ट - मेजरगंज, जनपद - रायबरेली, उत्तर प्रदेश। पिन - 229128**

**सूचना**

मैंने अपनी बेटी के नाम बीमा पॉलिसी संख्या-215595972 ली थी। उक्त पॉलिसी के अभिलेखों में त्रुटिवश मेरी बेटी का नीलकमल और जन्मतिथि 31-08-2005 अंकित है। जबकि मेरी बेटी के मूल अभिलेखों में नाम अपेक्षा यादव और जन्मतिथि 06-06-2007 अंकित है। नीलकमल और अपेक्षा यादव दोनों नाम एक ही व्यक्ति (महिला) के हैं। अतः उक्त पॉलिसी के अभिलेखों में मेरी बेटी का नाम अपेक्षा यादव अंकित की जाए। **धनीराम पुत्र गंगाधर ग्राम - मऊ मजरे भीतरगांव, थाना -गुरुबक्शगंज, तहसील - लालगंज, जनपद - रायबरेली**

**सूचना**

मैने अपने पुत्र रचित लाम्बा के गलत आचरण एवं अपनी मर्जी से विवाह करने के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी चल / अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है, उसके द्वारा किए गए किसी भी लेन देन व्यवहार से हमारा एवं हमारे परिवार का कोई संबंध नहीं है । **राकेश लाम्बा पुत्र स्वर्गीय जसवंत राय निवासी 111/242 हर्ष नगर कानपुर 12**

**सार्वजनिक सूचना**

यह कि एक किता प्लाट स्थित जुज भाग आराजी नम्बर 1678 बूढ़पुर मछरिया कानपुर नगर रकबा 52 वर्गगज को श्री धर्मेन्द्र कुमार, एक्सिस फाइनेन्स लिमिटेड से ऋण लेकर इसके मालिक श्री कैलाश राजपूत से क्रय कर रहे है, जिसमें आराजी के अन्य सह-स्वामियो को कोई आपत्ति नही है, यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह 10 दिनो के अन्दर निम्न पते पर सम्पर्क करे। किसी के द्वारा इनका प्रयोग अवैध माना जायेगा। **भारत भटनागर एडवोकेट, कार्यालय- कमरा नम्बर 14 द्वितीयतल मुदगल अधिवक्ता भवन सिविल कोर्ट कम्पाउण्ड कानपुर नगर, मो0न0 9839034426**

**सूचना**

मैं **अजय कुमार शर्मा पुत्र राज नारायण कुंवर निवासी प्लाट सं0-44, केशव नगर सीतापुर रोड, जिला-लखनऊ उत्तर प्रदेश-226020**, मेरे पी0पी0ओ0 में मेरी पत्नी का नाम त्रुटिवश लक्ष्मी शर्मा (LAKSHMI SHARMA) व जन्मतिथि-24.10.1965 अंकित हो गयी है जो कि गलत है। जबकि पत्नी का वास्तविक नाम लक्ष्मी शर्मा (LAXMI SHARMA) व वास्तविक जन्मतिथि-21.10.1966 है। यह कि लक्ष्मी शर्मा (LAKSHMI SHARMA) व लक्ष्मी शर्मा (LAXMI SHARMA) एक ही महिला के नाम है जोकि मेरी पत्नी का ही नाम है। अतः मेरे पी0पी0ओ0 में मेरी पत्नी का नाम लक्ष्मी शर्मा (LAKSHMI SHARMA) के स्थान पर लक्ष्मी शर्मा (LAXMI SHARMA) व जन्मतिथि-24.10.1965 के स्थान पर जन्मतिथि-21.10.1966 लिखा व पढ़ा जाये।

**सूचना**

मैने अपना नाम MOHD SAEED से बदलकर MOHAMMAD SAYEED रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-MUKHTAR AHMAD ADD-217/49 KALBEY AABID ROAD AAGHA BAKAR KA IMAM BARA CHOWK DIST-LUCKNOW-226003 (U.P.)

**सूचना**

मैं अपने पुत्र विवेक त्रिपाठी को गलत चाल -चलन के कारण अपनी चल- अचल संपत्ति तथा संबंधों से बेदखल करता हूं। विवेक त्रिपाठी द्वारा किए गए किसी भी कार्य से मेरा कोई वास्ता- सरोकार नहीं होगा। वह अपने द्वारा किए गए कार्यो के लिए स्वयं जिम्मेदार होगा। **उपेन्द्र कुमार पुत्र त्रियुगी नरायन ग्राम धुसाह, परगना -तहसील व जनपद बलरामपुर**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मो. जावेद खान पुत्र मो. जकी खान, निवासी ग्राम मवई, थाना मवई, तहसील रुदौली, जनपद अयोध्या द्धउ.प्र.ऋ का निवासी हूं। मेरे नाम की स्पेलिंग विभिन्न अभिलेखों में भिन्न-भिन्न प्रकार से अंकित है, जैसे पासपोर्ट में MOHAMMAD JAWED, आधार एवं पैन कार्ड में Mohd Javed Khan तथा मतदाता पहचान पत्र में Mohammad Jawed Khan अंकित है। उपरोक्त सभी नाम एक ही व्यक्ति के हैं। भविष्य में मेरे नाम की सही एवं एक समान स्पेलिंग Mohammad Jawed Khan मानी जाए।

**सूचना**

मैंने अपना नाम रशीद अहमद राईनी से बदलकर रशीद अहमद कर लिया है। भविष्य में मुझे रशीद अहमद नाम से जाना व पहचाना जाये। **रशीद अहमद पुत्र स्व0 हबीब, निवासी 510/210 सुरजबली मार्ग नियर यूपी वेयर हाउस निशांत गंज न्यू हैदराबाद लखनऊ**

**सूचना**

मैंने अपना नाम रिजवान अहमद राईनी से बदलकर रिजवान अहमद कर लिया है। भविष्य में मुझे रिजवान अहमद नाम से जाना व पहचाना जाये। **रिजवान अहमद पुत्र रशीद अहमद, निवासी 510/210 सुरजबली मार्ग नियर यूपी वेयर हाउस निशांत गंज न्यू हैदराबाद लखनऊ**

# नाली व रास्ते के विवाद में किसान की हत्या, एक की हालत गंभीर

## कटरा बाजार क्षेत्र के बमडेरा डीहा गांव में हुई वारदात, हंसिया से किया गया हमला

**दुस्साहस**

कटरा बाजार, गोंडा



अन्नू चौबे (फाइल फोटो)

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के बमडेरा डीहा गांव में शुक्रवार दोपहर बाद रास्ते के विवाद ने खूनी रूप ले लिया, जिसमें एक किसान की हंसिया मारकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद गांव में अफरातफरी मच गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए।

बताया जाता है कि गांव निवासी अन्नू चौबे (52) शुक्रवार को अपने खेत में गेहूं की फसल काटने के लिए जा रहे थे। जैसे ही वह गांव के बाहर पहुंचे, पड़ोसी राम सिंगार और राज कुमार शुक्ल ने उन्हें रास्ते से जाने से रोक दिया। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों पक्षों के बीच पहले से नाली को लेकर विवाद चल रहा था। विवाद के दौरान हाथ में मौजूद गेहूं काटने की हंसिया से हमला हुआ, जिसमें अन्नू चौबे के पेट में गंभीर चोट लग गई और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, राम सिंगार के सिर और कंधे में गंभीर चोटें आई हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को कटरा बाजार सीएचसी भेजा, जहां से हालत गंभीर होने पर उन्हें मेडिकल कॉलेज गोंडा रेफर कर दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य संकलन किया।



वारदात के बाद रोते-बिलखते परिजन। ● अमृत विचार

मृतक अन्नू चौबे अपने पीछे दो बेटे और दो बेटियां छोड़ गए हैं। इनमें से दो बेटियों और एक बेटे की शादी हो चुकी है, जबकि दोनों बेटे गैर प्रांत में मजदूरी करते हैं।

इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक विवेक त्रिवेदी ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच पुराना विवाद था। शुक्रवार को रास्ते को लेकर विवाद बढ़ा और घटना घटित हो गई। मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# घर में लगी आग गैस सिलेंडर फटने से भड़की, वृद्ध की मौत

● भतीजे का आशियाना बचाने की कीमत चाचा ने जान देकर चुकाई

**गोंडा, अमृत विचार :** मोतीगंज थाना क्षेत्र के रमवापुर गांव में गुरुवार शाम एक फूस के घर में लगी आग काल बन गयी। भतीजे के फूस का आशियाना जलता देख उसके बुजुर्ग चाचा खुद को रोक नहीं सके और आग बुझाने कूद पड़े। इसी दौरान घर में रखा गैस सिलेंडर आग के संपर्क में आ गया और उसमें विस्फोट हो गया और आग बुझाने गए उसके चाचा की झुलसकर मौत हो गयी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



श्यामलाल (फाइल फोटो)

बताया जा रहा है कि रमवापुर गांव के रहने वाले सोनू के फूस के घर में बृहस्पतिवार की शाम को अचानक आग लग गयी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। इसी दौरान घर में रखा रसोई गैस सिलेंडर तेज धमाके के साथ फट गया, जिससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

भतीजे का आशियाना जलता देख बुजुर्ग श्यामलाल (60) खुद को रोक नहीं सके और बिना अपनी परवाह किए आग बुझाने के लिए लपटों में कूद पड़े। इस दौरान वह गंभीर रूप से झुलस गए। परिजनों और ग्रामीणों की मदद से उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान शुक्रवार सुबह उनकी मौत हो गई। इस अग्निकांड में नगदी, जेवर और घरेलू सामान समेत करीब ढाई लाख रुपये की संपत्ति जलकर राख हो गई। घटना की सूचना पर पहुंचे स्थानीय लेखपाल ने नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेज दी है, ताकि पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता मिल सके। मोतीगंज पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। गांव में इस घटना के बाद शोक की लहर दौड़ गई है।

## एसडीएम ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा



व्यवस्था की जानकारी लेतीं एसडीएम नेहा मिश्रा। ● अमृत विचार

**परसपुर गोंडा, अमृत विचार :** चौरासी कोसी परिक्रमा के दौरान श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। इसी क्रम में एसडीएम नेहा मिश्रा ने तुलसी जन्मस्थली पहुंचकर व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया और परिक्रमार्थी साधु-संतों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने पेयजल, स्वच्छता, चिकित्सा सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था एवं आवागमन की स्थिति का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। एसडीएम ने कहा कि परिक्रमा एक आस्था का विषय है, इसलिए प्रशासन की प्राथमिकता है कि सभी श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुगम वातावरण उपलब्ध कराया जाए। प्रशासनिक अधिकारियों की सक्रियता से क्षेत्र में व्यवस्थाएं सुदृढ़ नजर आ रही हैं, जिससे परिक्रमार्थियों में भी संतोष देखा जा रहा है। निरीक्षण के दौरान थानाध्यक्ष कमल शंकर चतुर्वेदी उपस्थित रहे।



डॉ. आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि व अन्य।

## आंबेडकर जयंती समारोह में जनभागीदारी जरूरी: अभिषेक

**गोंडा, अमृत विचार :** गौरा विधानसभा क्षेत्र के वलीउद्दीन इंटर कॉलेज, भोपतपुर बाजार में भारतीय संविधान के शिल्पी डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा तथा विशिष्ट अतिथि विधायक गौरा प्रभात कुमार वर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने बाबा साहेब डॉ. आंबेडकर के विचारों और उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख छपिया अनिल कुमार पासवान, प्रशांत पटेल, वलीउद्दीन इंटर कॉलेज के प्रबंधक मो. मुस्तफा, जिला मंत्री जितेंद्र नाथ पांडे, मंडल अध्यक्ष मसकनवा राधिका देवी, मंडल अध्यक्ष बभनजोत अरुण प्रकाश शुक्ला, मंडल अध्यक्ष केशवनगर कृष्ण कुंवर सिंह मधूप, मंडल अध्यक्ष छपिया रामचंद्र वर्मा, सांसद प्रतिनिधि कमलेश पांडे, सियाराम सरोज, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रोहित भारती, मंडल अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा राकेश भारती, जिला पंचायत सदस्य बृजेश प्रताप नारायण सिंह, प्रधान संघ अध्यक्ष भूपेश मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चंचल, विक्की मिश्रा, पूर्व मंडल अध्यक्ष जसवंत सिंह, मंडल उपाध्यक्ष राजन सिंह, पूर्व प्रधान तेजपुर विजय वर्मा, प्रधान तेजपुर सहदेव वर्मा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसके अलावा मंडल महामंत्री मसकनवा बृजेश प्रकाश शुक्ला, श्याम नारायण वर्मा, मंडल महामंत्री बभनजोत रक्षाराम गुप्ता, राम पुजारी वर्मा, मंडल अध्यक्ष छपिया विश्वनाथ पाठक, अग्रसेन उर्फ पप्पू, मंडल अध्यक्ष केशवनगर अमरनाथ पांडे, इंद्र बहादुर वर्मा, मनमोहन भारती आदि मौजूद थे।

## बालिका के अपहरण मामले में केस दर्ज

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में नाबालिग लड़की के कथित अपहरण का मामला सामने आया है।

एक गांव निवासी व्यक्ति ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है जिसमें आरोप है कि 13 अप्रैल को उनकी लगभग 16 वर्षीय पुत्री को गांव लोनियनपुरवा (सोनवार) निवासी दीपक, सियाराम एवं नाथे सहित अन्य परिजनों द्वारा बहला-फुसलाकर भगा ले जाया गया। पीड़ित के अनुसार, लड़की घर में रखे 15 हजार रुपये नकद और कुछ जेवरात भी साथ ले गई है। अज्ञात नंबर से फोन कर दीपक ने लड़की को अपने साथ ले जाने और शादी करने की बात कही तथा लड़की से भी बात कराई। पुलिस ने पिता की तहरीर पर अपहरण की रिपोर्ट दर्ज किया है। कोतवाल नरेंद्र प्रताप राय का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कर बालिका की वापसी कराने के लिए पुलिस टीम को लगाया गया है।

# दो दिन बाद भी आरोपी फरार जिंदगी से जंग लड़ रहा मासूम

● रसगुल्ला मांगने पर बच्चे को तंदूर में झोंकने का मामला

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार:** वैवाहिक समारोह में 10 वर्षीय अमर निषाद को तंदूर की भट्ठी में झोंकने की दिल दहला देने वाली घटना के दो दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। अज्ञात कैटरिंग ठेकेदार की तलाश में पुलिस टीमें जुटी हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस सुराग नहीं लग सका है। उधर, गंभीर रूप से झुलसा बच्चा लखनऊ के सिविल अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है।

घटना बुधवार को बस्ती जिले के छावनी थाना क्षेत्र के मलौली में आयोजित एक शादी समारोह के दौरान हुई थी। बताया जा रहा है कि अमर निषाद रसगुल्ला निकाल रहा था, इसी बात से नाराज कैटरिंग ठेकेदार ने अमानवीयता की सारी हदें पार करते हुए उस पर डीजल उड़ेलकर तंदूर में डाल दिया।

**इलाज जारी, हालत बेहद नाजुक :** घटना के बाद परिजन बच्चे को पहले अयोध्या मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां से डॉक्टरों ने उसे लखनऊ रेफर कर दिया। सिविल अस्पताल में भर्ती अमर की स्थिति नाजुक है।

**पुलिस की कई टीमें जांच में जुटी :** पीड़ित पक्ष की तहरीर पर छावनी थाने में अज्ञात कैटरिंग ठेकेदार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि कैटरर्स व स्टाफ की पहचान कराई जा रही है।

**परिवार की हालत और भी दयनीय: :** इस घटना ने पहले से ही परेशान परिवार पर दुखों का पहाड़ तोड़ दिया है। अमर के पिता संतोष करीब दस साल से रीढ़ की चोट के कारण बिस्तर पर हैं। घर की जिम्मेदारी मां सीमा मजदूरी कर उठा रही हैं। अब बेटे के इलाज का खर्च चुनौती बन गया है। लोगों ने आरोपी की जल्द गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## विद्यालय के गेट पर अराजक तत्वों ने किया पथराव

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** आवासीय विद्यालय के चौकीदार पर रात में हमला कर अराजक तत्वों द्वारा पथराव किए जाने का मामला सामने आया है। प्रधानाचार्य ने घटना की शिकायत पुलिस से की है।

प्रधानाचार्य हेमंत शुक्ल ने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय में करीब 400 छात्र निवास कर शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। विद्यालय में रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक मुख्य गेट पर सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात चौकीदार राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने घटना की जानकारी दी। बताया गया कि 10 अप्रैल की रात करीब 10 बजे बाइकों से 8-10 लोग विद्यालय के पास पहुंचे और गेट पर ईंट-पत्थर फेंकने लगे। विरोध पर आरोपियों ने चौकीदार से हाथापाई भी की। प्रधानाचार्य ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि मामला संज्ञान में है और जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## वार्षिकोत्सव में एनएमएमएस उत्तीर्ण छात्र सम्मानित



समारोह में सम्मानित किए गए बच्चों के साथ बीईओ व शिक्षक। ● अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** मुजेहना के उच्च प्राथमिक विद्यालय जिगना बाजार में वार्षिकोत्सव, नवप्रवेशी कार्यक्रम तथा राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा (एनएमएमएस) में उत्तीर्ण छात्रों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि बीईओ डॉ. समय प्रकाश पाठक ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों के बावजूद विद्यालय के छात्र हर वर्ष सफलता की नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं। यह शिक्षकों की मेहनत और छात्रों की लगन का परिणाम है। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष कुलदीप पाठक भी उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में विद्यालय परिवार की सराहना करते हुए कहा कि यहां के शिक्षक सीमित संसाधनों में भी उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं। उन्होंने प्रधानाध्यापक जय प्रकाश शुक्ला सहित सहायक अध्यापक यशपाल वर्मा, मनीष चौहान तथा अनुदेशक राजेश सिंह, शिवकरण वर्मा और योगेश कुमार के प्रयासों की प्रशंसा की। कार्यक्रम के दौरान एनएमएमएस परीक्षा में सफल विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया तथा नवप्रवेशी छात्रों का स्वागत किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा मुख्य अतिथि एवं सभी शिक्षकों को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया।

## कैंपस इंटरव्यू में 90 छात्र-छात्राओं को मिली नौकरी



कैंपस इंटरव्यू में मौजूद छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** शहर के श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज में 15 से 17 अप्रैल तक आयोजित तीन दिवसीय कैंपस इंटरव्यू में विभिन्न महाविद्यालयों के 90 छात्र-छात्राओं ने नौकरी हासिल करने में सफलता पाई है। यह कैंपस इंटरव्यू केंद्रीय पेट्रोलियम रसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट), लखनऊ द्वारा ऑपरेटर प्लास्टिक प्रोडक्ट्स मेकिंग ट्रेड के अंतर्गत आयोजित किया गया। कार्यक्रम सिपेट से आए सहायक प्रशिक्षक चंदन गुप्ता एवं विशाल अवस्थी की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रो. जितेंद्र सिंह व संचालन प्लेसमेंट सेल के समन्वयक डॉ. मनोज मिश्रा ने किया। इस अवसर पर डॉ. हरीश शुक्ला, डॉ. योगेंद्र श्रीवास्तव सहित प्लेसमेंट सेल के सदस्य एवं महाविद्यालय परिवार के अन्य लोग मौजूद रहे। प्रभारी प्राचार्य प्रो. जितेंद्र सिंह ने सिपेट के प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया।

# गेहूं खरीद में ढिलाई बर्दाश्त नहीं : शर्मा

● खाद्य व रसद राज्यमंत्री ने किया गेहूं क्रय केंद्रों का निरीक्षण

**गोंडा, अमृत विचार :** गल्ला मंडी स्थित गेहूं क्रय केंद्र के निरीक्षण के दौरान राज्य मंत्री खाद्य एवं रसद एवं नागरिक आपूर्ति सतीश चंद्र शर्मा ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि हर हाल में सभी किसानों का गेहूं खरीदा जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्हों कहा कि किसानों को अनावश्यक रूप से केंद्रों के चक्कर न लगवाए जाएं और उन्हें समय से टोकन उपलब्ध कराया जाए।

निरीक्षण के दौरान मंत्री ने केंद्र पर उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया और कहा कि किसानों के लिए बैठने, पानी व अन्य मूलभूत व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने भुगतान प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने और समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कोई केंद्र प्रभारी किसानों को परेशान करता पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। राज्य मंत्री ने कहा कि गेहूं खरीद जून माह तक जारी रहेगी। उन्होंने अभिलेखों का भी अवलोकन किया तथा रजिस्टर में दर्ज किसानों की बिक्री का निरीक्षण किया। इस दौरान संभागीय खाद्य नियंत्रक और जिला खाद्य विपणन अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि किसानों को मूल्य समर्थन योजना का पूरा लाभ मिले। इसके बाद सर्किट हाउस में आयोजित समीक्षा बैठक में मंत्री ने में बोरों की उपलब्धता की स्थिति जानी। जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि निर्धारित लक्ष्य के अनुसार कोटेदारों से बोरे लेकर पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। बैठक में जिला खाद्य विपणन अधिकारी एन.के. पाठक, जिला पूर्ति अधिकारी कुवर दिनेश प्रताप सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी, एजेंसियों के प्रतिनिधि और मंडी के अधिकारी मौजूद रहे।



गेहूं क्रय केंद्र का निरीक्षण करते राज्यमंत्री सतीश शर्मा। ● अमृत विचार

## थार की टक्कर से बाइक सवार का पैर टूटा

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र में शुक्रवार को तेज रफ्तार का मंजर देखने को मिला, जब एक थार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसा इतना जबरदस्त था कि थार के चारों पहिए तक अलग हो गए। घायल बाइक सवार को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि थार चालक फरार हो गया। अशोकपुर के लोहारन पुरवा निवासी जगराम चौहान बाइक से नवाबगंज बाजार जा रहे थे। वह नवाबगंज-कर्नलगंज मार्ग पर पहुंचे कि सामने से आ रही थार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि जगराम उछलकर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। थार की गति बहुत तेज थी और खंभे से जा टकराई। थार क्षतिग्रस्त हो गई और उसके चारों पहिए निकल गए। परिजन घायल जगराम को अयोध्या मेडिकल कॉलेज ले गए। प्रधान पवन सिंह ने बताया कि जगराम का एक पैर टूट गया है और हालत गंभीर है।

# डीजल संकट बरकरार, 12 पेट्रोल पंपों पर आपूर्ति बाधित

**गोंडा, अमृत विचार :** जिले में शुक्रवार को भी डीजल की किल्लत से लोगों को राहत नहीं मिल सकी। कई पेट्रोल पंपों पर डीजल खत्म होने के कारण वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

पूर्ति विभाग के अनुसार जिले के 12 पेट्रोल पंपों पर डीजल उपलब्ध नहीं था, जिससे खासकर किसानों, ट्रांसपोर्टरों और आम वाहन चालकों को परेशानी हुई ।शहर के रानी बाजार निवासी रामकुमार वर्मा ने बताया कि उन्हें सुबह से ही डीजल के लिए तीन अलग-अलग पेट्रोल पंपों का चक्कर लगाना पड़ा, लेकिन कहीं भी डीजल नहीं मिला। वहीं, ट्रक चालक शकील अहमद ने कहा कि डीजल की कमी के चलते माल ढुलाई का काम प्रभावित हो रहा है। इटियाथोक क्षेत्र के किसान सुरेश तिवारी ने बताया कि डीजल न मिलने से खेतों की सिंचाई का काम प्रभावित हो रहा है। गेहूं की कटाई भी हो रही है जिसमें डीजल की आवश्यकता है। पूर्ति विभाग के अधिकारियों का कहना है कि डीजल की आपूर्ति में अस्थायी व्यवधान आया है, जिसे जल्द ही ठीक कर लिया जाएगा। विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि एक-दो दिन में स्थिति सामान्य होने की उम्मीद है और सभी पंपों पर पर्याप्त मात्रा में डीजल उपलब्ध करा दिया जाएगा। विभाग ने लोगों से अपील की है कि आवश्यकता से अधिक डीजल का भंडारण न करें। प्रशासन लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है और जल्द ही समस्या के समाधान का भरोसा दिलाया है।

क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी शिव प्रकाश तिवारी ने बताया कि जिले में 213 पेट्रोल पंप है जिनमें से अधिकांश पेट्रोल पंपों पर डीजल, पेट्रोल उपलब्ध है। केवल 12 पेट्रोल पंपों पर समस्या है। जल्द ही इस समस्या का समाधान हो जाएगा।

## फीस वृद्धि पर कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन



सिटी मजिस्ट्रेट को मांग पत्र देते कांग्रेसी ● अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के जिलाध्यक्ष अर्जुन वर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर सिटी मजिस्ट्रेट पंकज वर्मा को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान निजी स्कूलों की फीस वृद्धि, किसानों की समस्याओं और श्रमिक योजनाओं के लंबित भुगतान सहित कई मुद्दे प्रमुखता से उठाए गए ।ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस नेताओं ने मांग की कि प्राइवेट स्कूलों द्वारा की जा रही मनमानी फीस वृद्धि पर तत्काल रोक लगाई जाए। इस दौरान जिला मीडिया प्रभारी शिव कुमार दुबे, राम प्रसाद मौर्य, शाहिद अली कुरैशी, अजय रस्तोगी, प्रद्युम्न शुक्ला सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पत्रकार की मौत मामले में आरोपियों पर हो कड़ी कार्रवाई

**गोंडा, अमृत विचार :** पत्रकार रंजीत तिवारी की बिजली विभाग की कथित लापरवाही के चलते करंट लगने से हुई मौत के मामले ने तूल पकड़ लिया है। इस घटना को लेकर पूर्व लोकसभा प्रत्याशी कैसरगंज शेष चौरसिया ने जिला प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है ।उन्होंने कहा कि यह घटना बिजली विभाग की लापरवाही का परिणाम है, जिसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने मांग की कि दर्ज मुकदमे में सभी आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए । शेष चौरसिया ने मृतक के परिजनों को एक करोड़ की आर्थिक सहायता देने व परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की है।

## गैस सिलेंडर की फर्जी डिलीवरी, की शिकायत

**गोंडा,अमृत विचार :** जिले में गैस एजेंसी उपभोक्ता के बुकिंग नबर पर सिलेंडर कागज में वितरण कर उसे दोबारा बुकिंग की नसीयत दे रही है और उपभोक्ता परेशान है। ऐसे एक अधिवक्ता उपभोक्ता ने क्षेत्रीय प्रबंधक बीपीसीएल से शिकायत की है जिसमें बगैर गैस सिलेंडर दिये ही डिलीवरी दिखा दी गयी ।ऐसे दर्जनों मामले है जहां पर बुकिंग के बाद गैस सिलेंडर डिलीवर दिखा दिया गया और उपभोकत्ता को गैस सिलेंडर नहीं मिल पाया, दोबारा कार्यालय में जाने पर बताया जाता है कि दोबारा बुकिंग करा लीजिए इस बार मिल जाएगा। यह मामला भारत गैस सिलेंडर का है जहां कनक पाठक ने अपना गैस बुक कराया, मंगलम एजेंसी से गैस मिलना था. 11 अप्रैल को उनके पंजीकृत मोबाइल पर एक मेसेज आया कि आपका भारत गैस सिलेंडर डिलीवर कर दिया गया। इस तरह बगैर गैस दिये ही फर्जी डिलीवरी दिखा दिया गया। मंगलम गैस एजेंसी से बात करने का प्रयास किया गया। व्हाट्सअप संदेश दिया गया। परन्तु कोई रिजल्ट नहीं आया। डिलीवरी ब्याव ने अनभिज्ञता जतायी। कई उपभोक्ता परेशान है।



पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम में लाभार्थी महिला को सम्मानित करते आयुक्त, डीएम।

## कुपोषणमुक्त समाज बनाने का लिया संकल्प

**गोंडा, अमृत विचार :** जिला पंचायत सभागार में शुक्रवार को आठवें पोषण पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन आयुक्त देवीपाटन मंडल शशि भूषण लाल सुशील, डीएम प्रियंका निरंजन, सीडीओ अंकिता जैन एवं एसपी विनीत जायसवाल ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। इस अवसर पर स्वयं सहायता समूहों एवं जिला कार्यक्रम विभाग द्वारा पोषण, स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण से संबंधित विभिन्न स्टॉल लगाए गए। अधिकारियों ने स्टॉलों का अवलोकन कर महिलाओं के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान गर्भवती महिलाओं की गोद भराई रस्म भी आयोजित की गई। उन्हें पोषण किट वितरित कर स्वस्थ मातृत्व और शिशु स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने कहा कि पोषण पखवाड़ा जनजागरूकता बढ़ाने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से कुपोषण मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों का नियमित वजन और स्वास्थ्य परीक्षण किया जाए तथा कुपोषित बच्चों की पहचान कर विशेष देखभाल सुनिश्चित की जाए। डीएम प्रियंका निरंजन ने कहा कि पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत जनपद में व्यापक स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे। वहीं, मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने स्वयं सहायता समूहों को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।

**कार्यक्रम** | नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक पहल

# सशक्त महिला मजबूत समाज की आधारशिला : डॉ. अनीता

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार :** नारी शक्ति वंदन अभियान के अंतर्गत जिला पंचायत सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में जिले की जानी-मानी चिकित्सक डॉ. अनीता मिश्रा ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम की सराहना करते हुए इसे महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल बताया।

उन्होंने कहा कि इस अधिनियम से देश की आधी आबादी को सशक्त आवाज मिलेगी। डॉ. मिश्रा ने कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं के हित में कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक महिलाएं शिक्षित नहीं होंगी, तब तक वे इन योजनाओं का पूर्ण लाभ नहीं उठा पाएंगी। उन्होंने राजनीति में महिलाओं की भागीदारी पर जोर देते हुए कहा कि अब तक यह धारणा रही है कि महिलाएं राजनीति में बेहतर प्रदर्शन नहीं कर सकतीं, जबकि वास्तविकता इसके विपरीत है। महिलाएं जब निर्णय प्रक्रिया का हिस्सा बनेंगी, तो वे अधिक संवेदनशील और जनहितकारी नीतियों का निर्माण करेंगी, जिससे समाज के सभी वर्गों को लाभ मिलेगा। डॉ. मिश्रा ने आगे कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के लागू होने से महिलाओं की जिम्मेदारियां भी बढ़ेंगी। जो महिलाएं अब तक परिवार और घर तक सीमित थीं, वे अब जिला, विधानसभा और संसदीय स्तर पर भी अपनी भूमिका निभाएंगी। ऐसे में महिलाओं को इस अवसर का स्वागत करते हुए आगे बढ़ना चाहिए। प्रेस वार्ता के दौरान जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन और मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने भी अधिनियम और महिला आरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने लोगों से इसके प्रति जागरूक होने की अपील करते हुए कहा कि यह कानून महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने और समाज को संतुलित दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम के दौरान आयुक्त देवी पाटन मंडल शशि भूषण लाल सुशील, अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, एसपी विनीत जायसवाल समेत अन्य मौजूद रहे।



जिला पंचायत सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में बोलतीं डॉ. अनीता मिश्रा।

# मामूली विवाद में लाठी-डंडों से पीटकर युवक की हत्या

## छोटे भाई को नशे से बचाने गया बड़ा भाई बना रंजिश का शिकार

वारदात

संवाददाता, बलरामपुर



**अमृत विचार :** छोटे भाई को नशे की लत से दूर करने की कोशिश एक बड़े भाई की जिंदगी पर भारी पड़ गई। देहात कोतवाली क्षेत्र के पाठकपुरवा सेमरहना गांव निवासी 41 वर्षीय मालिक राम निषाद की लाठी-डंडों से पिटाई के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। मामले में पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दूसरे की तलाश जारी है।

जानकारी के अनुसार, बुधवार रात रामसमुझ अपने मित्र जुगनू के साथ कोड़री घाट पुल पर बैठकर शराब पी रहा था। इसी दौरान उसका बड़ा भाई मालिक राम उसे घर ले जाने पहुंचा। छोटे भाई को नशा करते देख उसने फटकार लगाई और जुगनू को भी उलाहना दिया। इस बात पर माहौल गरमा गया। बताया जाता है कि मालिक राम जबरन रामसमुझ को वहां से ले जाने लगा, तभी जुगनू भड़क उठा और उसने लाठी-डंडे से मालिक राम पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। सिर पर गंभीर चोट लगने से मालिक राम लहूलुहान होकर गिर पड़े।

वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने पहले बहराइच और फिर केजीएमयू लखनऊ रेफर कर दिया। गुरुवार शाम इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

मृतक की मां कलपा देवी की तहरीर पर पुलिस ने जबदही गांव निवासी जुगनू और उसके पिता इसराइल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। परिजनों का आरोप है कि पुरानी रंजिश के चलते इसराइल के उकसावे पर जुगनू ने वारदात को अंजाम दिया।

प्रभारी निरीक्षक गिरजेश तिवारी ने बताया कि आरोपी जुगनू को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि इसराइल की तलाश में दबिश दी जा रही है। घटना के बाद गांव में शोक और तनाव का माहौल है।

## महिला से मारपीट पांच पर मुकदमा

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र में शादी का सामान खरीदने गई एक महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है, जिनमें से तीन को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया है।

कोल्हमपुर चौकी अंतर्गत खडौंवा गांव निवासी इंद्रा देवी पत्नी राधे ने थाने में दी गई शिकायत में बताया कि गुरुवार सुबह करीब 11 बजे वह नरवा चौराहा पर शादी का सामान खरीदने गई थीं। इसी दौरान गांव के ही कुछ लोगों से उनका विवाद हो गया। पीड़िता का आरोप है कि विवाद के दौरान अनुज कलवार, मुन्ना, पारो एवं अंजू (पुत्री मुन्ना) तथा मुन्ना की पत्नी शांति देवी ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट की। जान से मारने की धमकी भी दी गई। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर तीन महिलाओं सहित पांच आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## 3.63 करोड़ की योजनाओं से बदलेगी बलरामपुर की तस्वीर

**बलरामपुर अमृत विचार :** आदर्श नगर पालिका परिषद बलरामपुर के अध्यक्ष डॉ. धीरेन्द्र प्रताप सिंह 'धीरू' के प्रयासों से नगर विकास को नई गति मिली है। विभिन्न योजनाओं के तहत नगर क्षेत्र के लिए कुल 3 करोड़ 63 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसकी जानकारी अध्यक्ष प्रतिनिधि डी.पी. सिंह बैस ने दी।

उन्होंने बताया कि नगर के पार्कों के निर्माण एवं सौंदर्यीकरण के लिए उपवन योजना के अंतर्गत पूरब टोला वार्ड स्थित शिव मंदिर के बगल वाले क्षेत्र में विकास कार्य हेतु 1 करोड़ 42 लाख 66 हजार 924 रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इस योजना से क्षेत्र में हरियाली, बैठने की व्यवस्था और पार्क विकसित किया जाएगा। बंधन योजना के तहत भगवतीगंज दक्षिणी वार्ड स्थित शिव मंदिर परिसर में विश्राम स्थल, हवन कुंड, खाली प्रांगण में सीसी कार्य, घाट का सौंदर्यीकरण, जल निकासी, बेंच तथा प्रकाश व्यवस्था जैसे विकास कार्यों के लिए 1 करोड़ 20 लाख 50 हजार रुपये मंजूर किए गए हैं।



डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरु, चेयरमैन।

वहीं मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के अंतर्गत नगर के चौक से मेजर चौराहा होते हुए काली माई स्थान तक सीसी रोड निर्माण के लिए 36 लाख 21 हजार 72 रुपये स्वीकृत हुए हैं। साथ ही तुलसीपुर रोड से एमआरएफ तक सीसी रोड निर्माण के लिए 6 लाख 91 हजार 362 रुपये की मंजूरी भी मिली है।

नगर पालिका प्रशासन के अनुसार सभी परियोजनाओं के लिए जल्द ही टेंडर प्रक्रिया पूरी कराकर निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। इन योजनाओं के धरातल पर उतरने से नगरवासियों को बेहतर सड़क, पार्क, प्रकाश व्यवस्था और मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिलेगा।

### पूर्व सांसद ने उठाई सड़क निर्माण की मांग

**बलरामपुर, अमृत विचार :** बलरामपुर चीनी मिल से चाउरखाता मंदिर होते हुए महेशभारी-भैसहवा मार्ग की जर्जर हालत को लेकर पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट किया है। उन्होंने पत्र भेजकर मार्ग के चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण की मांग करते हुए इसे वर्ष 2026-27 की राज्य सड़क निधि योजना में शामिल कर शीघ्र स्वीकृति देने का आग्रह किया है। पत्र में कहा गया है कि करीब 12.50 किलोमीटर लंबा यह मार्ग गन्ना आपूर्ति के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण है। लगभग 30 गांवों के किसान इसी रास्ते से अपनी उपज बलरामपुर चीनी मिल तक पहुंचाते हैं, लेकिन सड़क की बदहाल स्थिति के कारण आवागमन में भारी दिक्कतें हो रही हैं। इससे किसानों के साथ स्थानीय लोगों और व्यापारिक गतिविधियों पर भी असर पड़ रहा है। पूर्व सांसद ने कहा कि खराब सड़क के चलते किसानों का समय और परिवहन लागत दोनों बढ़ रहे हैं। यदि मार्ग का चौड़ीकरण और निर्माण कराया जाता है तो किसानों को राहत मिलेगी, साथ ही क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास को भी गति मिलेगी। उन्होंने सरकार से इस मार्ग को प्राथमिकता के आधार पर कार्ययोजना में शामिल कर जल्द निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की है।

### स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत जानने पहुंचे सीएमओ



ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं का निरीक्षण करते सीएमओ। ● अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने शुक्रवार को विकास खंड बलरामपुर के ग्राम गोंदीपुर पहुंचकर संचारी रोग नियंत्रण अभियान व दस्तक अभियान का निरीक्षण किया। उन्होंने गांव में संचालित स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति परखी और ग्रामीणों से सीधा संवाद कर विभागीय सुविधाओं की गुणवत्ता की जानकारी ली। सीएमओ ने ग्रामीणों को साफ-सफाई बनाए रखने, मच्छरों से बचाव करने तथा बीमारी होने पर समय से उपचार कराने की सलाह दी। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश दिए कि घर-घर पहुंचकर लोगों को जागरूक करें और आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराएं। निरीक्षण के दौरान डीएमओ राजेश पाण्डेय, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### श्रीराम कथा की तैयारियों में आयी तेजी



कथा आयोजन स्थल का निरीक्षण करते आयोजक। ● अमृत विचार

गौरा चौराहा, बलरामपुर, अमृत विचार : ब्लॉक गैसड़ी के ग्राम पकड़ी में 21 से 30 अप्रैल तक आयोजित होने वाली नौ दिवसीय श्रीराम कथा को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। कथा वाचक जगद्गुरु रामानंदाचार्य पूज्य स्वामी श्रीराम दिनेशाचार्य ने शुक्रवार को कथा स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने पंडाल, साफ-सफाई, पेयजल, बैठने की व्यवस्था, प्रकाश, सुरक्षा और पार्किंग व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया। आयोजकों को निर्देश दिया कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और सभी तैयारियां समय से पूरी कर ली जाएं। इस दौरान आयोजन समिति अध्यक्ष धनीराम प्रजापति, पदाधिकारी व स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## 16.88 करोड़ से 37 उपकेंद्र व 3 पीएचयू का होगा निर्माण

- गांवों तक पहुंचेगी बेहतर चिकित्सा सुविधा
- मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की मिलेंगी सुविधाएं

**गोंडा, अमृत विचार :** जिले के ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। 16.88 करोड़ की लागत से 37 स्वास्थ्य उपकेंद्र और तीन पब्लिक हेल्थ यूनिट (पीएचयू) का निर्माण कराया जाएगा। यह धनराशि केंद्र सरकार के 15वें वित्त आयोग से प्राप्त हुई है, जबकि निर्माण कार्य जिला पंचायत के माध्यम से कराया जाएगा।

योजना के तहत प्रत्येक स्वास्थ्य उपकेंद्र के निर्माण पर करीब 41.5 लाख रुपये खर्च होंगे, वहीं एक पीएचयू पर लगभग 50 लाख रुपये की लागत आएगी। शासन स्तर पर कार्यदायी संस्था का चयन भी कर लिया गया है, जिससे अब निर्माण कार्य में तेजी आने की उम्मीद है। अगले दस दिनों के भीतर भूमि चिह्नित कर निर्माण प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। इन केंद्रों के बनने से ग्रामीणों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उनके नजदीक ही उपलब्ध हो सकेंगी स्वास्थ्य उपकेंद्रों पर प्राथमिक उपचार की सुविधा मजबूत होगी, जबकि पब्लिक हेल्थ यूनिट के माध्यम से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा मिलेगा। यहां टीकाकरण, नियमित जांच, पोषण संबंधी सलाह और स्वास्थ्य परामर्श जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता और सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार आएगा।

> जिले में ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए 15वें वित्त आयोग से 16 .88 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं। इससे 37 स्वास्थ्य उपकेंद्र और तीन पीएचयू बनाए जाएंगे। भूमि चिह्नित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।
> – **पुनीत वर्मा**, अपर जिला पंचायत अधिकारी

## वृद्धावस्था पेंशन के बदले नियम

**बलरामपुर, अमृत विचार :** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना और राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के लाभार्थियों के लिए आयु प्रमाण संबंधी नए दिशा-निर्देश लागू कर दिए गए हैं। शासन के इस फैसले से अब योजनाओं में आवेदन प्रक्रिया अधिक पारदर्शी होने की उम्मीद है। जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ. राहुल गुप्ता ने बताया कि शासनादेश के अनुसार अब दोनों योजनाओं में लाभार्थियों की आयु सत्यापन के लिए केवल निर्धारित दस्तावेज ही स्वीकार किए जाएंगे। इनमें परिवार या कुटुंब रजिस्टर की प्रमाणित प्रति तथा शैक्षिक अभिलेख शामिल हैं, जिनमें जन्मतिथि स्पष्ट रूप से अंकित हो। उन्होंने कहा कि इन दस्तावेजों के अलावा आयु प्रमाण के लिए कोई अन्य कागजात मान्य नहीं होंगे। विभाग ने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को शासन के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

## मरम्मत के चलते कई इलाकों में बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** ग्यारह केवी विद्युत लाइनों के रखरखाव, सुरक्षा कार्यों के साथ-साथ लाइन शिफ्टिंग के कार्य के चलते शहर के विभिन्न क्षेत्रों में निर्धारित समय पर बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खंड द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि बढ़ती गर्मी और संभावित आंधी-तूफान के मद्देनजर विद्युत लाइनों के आसपास खतरनाक पेड़ों की छंटाई के साथ लाइन शिफ्टिंग का कार्य भी कराया जाना प्रस्तावित है, जिससे भविष्य में दुर्घटनाओं से बचाव हो सके।

इसके तहत 18 अप्रैल को 11 केवी विशुनपुर फीडर से जुड़े क्षेत्रों में सुबह 8:00 बजे से 11:00 बजे तक (3 घंटे) विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। इस दौरान वैकल्पिक रास्ता रोड, रोडवेज के आसपास का क्षेत्र, जिला पंचायत क्षेत्र, खलवा, ग्रीन सिटी, सुकून सिटी, कोतवाली चौराहा समेत विशुनपुर फीडर से जुड़े सभी इलाके प्रभावित रहेंगे।

वहीं 20 अप्रैल से 25 अप्रैल तक 11 केवी सिविल लाइन फीडर से जुड़े क्षेत्रों में प्रतिदिन सुबह 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक (4 घंटे) बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इसमें पीपल तिराहा, सरयू नहर कॉलोनी रोड, दीक्षित कॉलोनी, माया होटल क्षेत्र, बरमबाबा थाना क्षेत्र, त्रिपाठी लॉज के आसपास, होटल जय पैलेस, नीलकोठी, अचलपुर और दूरदर्शन केंद्र रोड सहित संबंधित सभी इलाके शामिल हैं। विभाग ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि कार्य पूर्ण होने के बाद आपूर्ति सामान्य कर दी जाएगी। साथ ही लोगों से अपील की गई है कि असुविधा से बचने के लिए आवश्यक तैयारी पहले से कर लें।

## अधिवक्ताओं का आंदोलन जारी

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** तहसील परिसर में अधिवक्ताओं का क्रमिक अनशन शुक्रवार को भी जारी रहा। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष श्यामधर शुक्ल व महामंत्री पवन कुमार शुक्ल ने बताया कि अधिवक्ताओं का आंदोलन अनवरत चलता रहेगा। बैठक में अधिवक्ताओं ने निर्णय लिया कि संबंधित अधिकारियों के स्थानांतरण तक न्यायिक कार्य नहीं किया जाएगा और शांतिपूर्ण धरना जारी रखा जाएगा। शुक्रवार को भी अधिवक्ता धरना स्थल पर डटे रहे। इस दौरान सत्यनारायण सिंह, धर्मेंद्र मिश्र, सुशील कुमार, बृजनाथ सिंह, अरुण मिश्रा, हृदय नारायण मिश्र, वीरेंद्र विक्रम तिवारी, जीत लाल गोस्वामी, चंद प्रकाश तिवारी, राघवेंद्र तिवारी, अतुल मिश्र, राम सजीवन तिवारी, अतुल शुक्ल, संसार मणि शुक्ल समेत कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

### बाइक चोरी की पुलिस में की शिकायत

**बलरामपुर, अमृत विचार :** नगर कोतवाली क्षेत्र के भगवतीगंज निकट सुआंव पुल निवासी शिवकुमार विश्वकर्मा ने नगर कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा है कि गत 5 अप्रैल को वह अपने परिवार के साथ बड़ा परेड ग्राउंड मे आयोजित बलरामपुर महोत्सव देखने गए थे। वहीं से उनकी स्प्लेंडर बाइक नंबर यूपी 47 सी 4577 को किसी ने चोरी कर लिया। शिवकुमार ने नगर कोतवाली में तहरीर देकर मामले में मुकदमा दर्ज करने तथा बाइक बरामद करने की गुहार लगाई है।

### प्रतिबंधित मांस बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**कटरा बाजार, गोंडा, अमृत विचार :** कटरा बाजार पुलिस ने थाना क्षेत्र के मैगलपुरवा हलधरमऊ नहर तिराहा पर एक मोटरसाइकिल व 15 किलो प्रतिबंधित मांस बरामद किया है। प्रभारी निरीक्षक विवेक त्रिवेदी ने बताया कि सूचना मिली कि हलधरमऊ चौकी क्षेत्र के मैगलपुरवा नहर की पटरी पर कुछ लोग प्रतिबंधित मांस बेंच रहे हैं। पुलिस टीम जब घटना स्थल पर पहुंची तो वहां से आरोपी भाग निकले ।घटनास्थल से एक मोटरसाइकिल व 15 मांस सहित चाकू, कुल्हाड़ी भी बरामद हुई है। मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## श्रमिकों को मिले योजनाओं का लाभ

- डीएम ने दिए योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश

संवाददाता, बलरामपुर





बैठक में मौजूद डीएम और अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में श्रम विभाग द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभागीय योजनाओं की प्रगति, पात्र लाभार्थियों तक पहुंच और कार्यों की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई।

समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि श्रम विभाग की योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि अधिक से अधिक श्रमिक एवं उनके परिवार इनका लाभ प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि निर्माण श्रमिकों सहित अन्य पात्र कामगारों का अधिकाधिक पंजीकरण कराया जाए और सभी योजनाओं का लाभ समयबद्ध ढंग से उपलब्ध कराया जाए।

डीएम ने यह भी निर्देशित किया कि ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों, जनसंपर्क माध्यमों तथा विशेष शिविरों के जरिए योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाई जाए। उन्होंने विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर श्रमिक हित से जुड़ी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने पर जोर दिया।

बैठक में संबंधित अधिकारियों ने योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस अवसर पर सहायक श्रमायुक्त सहित अन्य विभागीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## भंडारे संग भागवत कथा सम्पन्न

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** अतरौलिया में डॉ. सर्वेश कुमार शुक्ला के सौजन्य व संयोजन में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का समापन गुरुवार को पूर्णाहुति एवं भंडारे के साथ सम्पन्न हुआ।

समापन दिवस पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूर्णाहुति यज्ञ कराया गया। अयोध्या से पधारे कथावाचक आचार्य रघुनाथ दास शास्त्री ने कथा का श्रवण कराया। इस अवसर पर बहराइच की विधायक अनुपमा जायसवाल, पयागपुर विधायक सुभाष त्रिपाठी, कैसरगंज विधायक आनंद यादव, पूर्व विधायक मुकेश श्रीवास्तव, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे, उपजिलाधिकारी कैसरगंज अखिलेश कुमार सिंह, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. ओ. एन. पांडे, भाजपा नेता हरिश्चंद्र गुप्ता सहित अनेक जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक व समाजसेवी मौजूद रहे।



रसोई गैस की समस्या को लेकर उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते व्यापारी।

### रसोई गैस संकट के समाधान को शुरू हो हेल्पलाइन

**तुलसीपुर, बलरामपुर, अमृत विचार :** सहालग सीजन की शुरुआत के साथ ही रसोई गैस की किल्लत ने आमजन और व्यापारियों की परेशानी बढ़ा दी है। शादियों, मांगलिक आयोजनों और आगामी जेठ माह में बड़े मंगल पर होने वाले भंडारों को देखते हुए गैस सिलेंडर की कमी से लोगों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। समय पर गैस न मिलने से घरों के साथ होटल, ढाबा और छोटे कारोबार भी प्रभावित हो रहे हैं। इसी समस्या को लेकर उ.प्र. उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने जिला महामंत्री दिलीप कुमार गुप्ता के नेतृत्व में जिलाधिकारी को संबोधित पांच सूत्री मांगपत्र उप जिलाधिकारी राकेश कुमार जयंत को सौंपा। ज्ञापन में जिले की सभी गैस एजेंसियों को अतिरिक्त आपूर्ति देने, विवाह संबंधी आवेदनों के लिए तहसीलवार अलग काउंटर खोलने तथा वितरण व्यवस्था की प्रतिदिन समीक्षा कराने की मांग की गई। व्यापार मंडल ने आरोप लगाया कि कई एजेंसियां होम डिलीवरी में लापरवाही बरत रही हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग 730 स्थित एक एजेंसी पर भी मनमाने ढंग से वितरण करने का आरोप लगाया गया। महामंत्री रूप चन्द्र गुप्ता ने गैस समस्याओं के समाधान के लिए विशेष कैंप और हेल्पलाइन शुरू करने की मांग की। इस दौरान श्याम बिहारी अग्रहरि, राधेश्याम चौरसिया, कमल नयन तिवारी, ओम प्रकाश अग्रहरि, जय सिंह और विक्की गुप्ता सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।



सम्मेलन में मौजूद महिलाएं। ● अमृत विचार

### विभिन्न योजनाओं से आत्मनिर्भर बन रहीं महिलाएं

**पचपेड़वा, बलरामपुर, अमृत विचार :** पचपेड़वा स्थित मन्नत मैरिज हॉल में बुधवार को नारी शक्ति वंदन विधानसभा सम्मेलन एवं डॉ. अंबेडकर सम्मान अभियान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण, सामाजिक समरसता और संविधान सम्मान का संदेश दिया गया। नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में मुख्य अतिथि राहुल राज रस्तोगी, जिला महामंत्री बिंदु विश्वकर्मा तथा पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह 'शैलू' ने कहा कि नारी शक्ति राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, उज्ज्वला और कन्या सुमंगला जैसी योजनाओं से महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। पंचायत से संसद तक महिलाओं की भागीदारी निरंतर बढ़ रही है। डॉ. अंबेडकर सम्मान संगोष्ठी में मुख्य अतिथि उदय प्रकाश त्रिपाठी, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष श्रावस्ती तथा विधायक शैलू सिंह ने बाबा साहब के जीवन व विचारों पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि संविधान के माध्यम से उन्होंने समाज को समानता और अधिकारों की नई दिशा दी। युवाओं से उनके शिक्षा, संगठन और संघर्ष के संदेश को अपनाने की अपील की गई। अंत में बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर संविधान और नारी सम्मान का संकल्प लिया गया।

आयोजन | एमएलके पीजी कॉलेज में करियर काउंसिलिंग कार्यक्रम आयोजित

## इतिहास विषय में भी रोजगार के अनेक अवसर

बलरामपुर अमृत विचार। एम.एल.के. पी.जी. कॉलेज के इतिहास विभाग में गुरुवार देर शाम प्राचार्य प्रो. जे.पी. पांडेय के निर्देशन में काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा करियर काउंसिलिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को इतिहास विषय से जुड़े विभिन्न रोजगार अवसरों और प्रतियोगी परीक्षाओं की जानकारी देना रहा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विभागाध्यक्ष प्रो. तबस्सुम फरखी ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी दौर में विद्यार्थियों को अपने करियर के प्रति जागरूक रहना बेहद जरूरी है। इतिहास विषय में भी रोजगार के अनेक अवसर उपलब्ध हैं, जिनकी सही जानकारी होना आवश्यक है। प्लेसमेंट सेल के संयोजक डॉ. ऋषि रंजन पाण्डेय ने छात्र-छात्राओं को नेट, जेआरएफ, पीजीटी, टीजीटी सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के संबंध में मार्गदर्शन दिया। वहीं डॉ. अनुज सिंह और डॉ. विनीत कुमार ने भी विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार की संभावनाओं पर प्रकाश डाला और विद्यार्थियों को करियर की वैकल्पिक योजनाएं तैयार रखने की सलाह दी। कार्यक्रम के अंत में डॉ. शालिनी सिंह ने सभी अतिथियों व प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर डॉ. हरि प्रताप सिंह, अखिलेन्द्र प्रताप सहित कई शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर की जानकारी देते शिक्षक। ● अमृत विचार

**कार्यालयः ग्राम पंचायत कटघर, विकास खण्ड-ठेकमा-आजमगढ़**

**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2026–27 में स्वच्छ भारत मिशन/मनरेगा (वीबी–जीरामजी)/राज्य वित्त/ केन्द्रीय वित्त/ओ0डी0एफ0 प्लस 0पीआईजीएफ0 एसएलडब्ल्यूएम/ आरजीएसए, एसएलएम, अंत्येष्टि स्थल एवं मुख्यमंत्री पुरस्कार योजना व मुख्यमंत्री प्रोत्साहन राशि और सीएससी केंद्र के मदों में कराये जाने वाले सभी कार्य, साफ–सफाई सफाई कर्मी किट/दवा छिड़काव/राष्ट्रीय ग्रामीण स्व–रोजगार योजना/स्वच्छ सामुदायिक शौचालय/पंचायत भवन निर्माण/कुर्सी, मेज, आलमारी एवं अन्य फर्नीचर, पंचम वित्त/आंगनवाड़ी केन्द्र अमृत सरोवर निर्माण/जीर्णोद्धार एवं अन्य मदों एवं स्थायी एवं अस्थाई गोशाला निर्माण हेतु निर्माण एवं अन्य सामग्री की आपूर्ति एवं अन्य योजनाओं के अन्तर्गत ग्राम पंचायत से कराये जाने वाले सभी कार्यों के लिए कार्यस्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 18.04.2026 से दिनांक 24.04.2026 तक कार्यालय दिवस में अपरान्ह 2.00 बजे तक ग्राम पंचायत अधिकारी के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं, जो दिनांक 25.04.2026 को निविदा हेतु गठित कमेटी के सदस्यों के समक्ष अपरान्ह 03.00 बजे खोली जायेगी। निविदा फार्म पैड पर होगी। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है–

1. ईट 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2. सिमेन्ट प्रति बैग, 3 महीन बालू/सफेद बालू प्रति घन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर की गिट्टी) 224 एम.एम. से 53 एम.एम. अलग–अलग प्रति वन मीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 7. एस्वेट्ससीट, पैनलसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल ६ प्रति, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एम.एम.पी.3 प्रति नग 8. सोलर लाइट/सोलर मरम्मत सामग्री प्रति नग, 8. इंटरलॉकिंग ईंट 200X160X80 एम.एम. प्रति हजार, 10. पटिया जी.आई. पाईप, पीवीसी पाइप साकेत प्रति नग 11. मोटा बालू प्रति घन मीटर, 12. ईंट गिट्टी 20 एम.एम. /40 एम.एम. प्रति घन मीटर, 13 हैंडपंप सामग्री इंडिया मार्क–2 हैंडपंप मरम्मत प्रति नग, 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15, चूना, ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेंपर प्रति किलोग्राम, 16. तार प्रति किलो, 17. खड़न्जा ईंट प्रति हजार, 18. पालिथिन शीट प्रति मीटर, 19. हयूम पाइप प्रति नग 20. एलईडी लाईट और पोल प्रति नग, 21. स्टेशनरी, 22. नाली, खड़न्जा, सीसी रोड निर्माण, 23. पशु शेड निर्माण, 24. नादा चन्नी निर्माण, 25. शोकपिट निर्माण, 26. सफाईकर्मी किट व फागिंग मशीन एवं सेनेटाइजर का छिड़काव, 27. स्ट्रीट लाईट, 28. सोडियम लाईट, 29. कूड़ादान, 30. आंगनवाड़ी भवन निर्माण 31. पंचायत भवन निर्माण, 32. खेल मैदान निर्माण, 33. प्राथमिक विद्यालय निर्माण, 34. बाउण्ड्रीवाल निर्माण, 35 सार्वजनिक शौचालय निर्माण, 36. गोआश्रय केन्द्र निर्माण, 37. लोहा, एंगल, जाली 38. आरसीसी बेंच एवं डस्टबीन, 39. प्लास्टिक बैंक।

पूनम भारती, ग्राम प्रधान | ओम प्रकाश सिंह, सचिव

**कार्यालयः ग्राम पंचायत गोमाडीह, विकास खण्ड-ठेकमा-आजमगढ़**

**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2026–27 में स्वच्छ भारत मिशन/मनरेगा (वीबी–जीरामजी)/राज्य वित्त/ केन्द्रीय वित्त/ओ0डी0एफ0 प्लस 0पीआईजीएफ0 एसएलडब्ल्यूएम/ आरजीएसए, एसएलएम, अंत्येष्टि स्थल एवं मुख्यमंत्री पुरस्कार योजना व मुख्यमंत्री प्रोत्साहन राशि और सीएससी केंद्र के मदों में कराये जाने वाले सभी कार्य, साफ–सफाई सफाई कर्मी किट/दवा छिड़काव/राष्ट्रीय ग्रामीण स्व–रोजगार योजना/स्वच्छ सामुदायिक शौचालय/पंचायत भवन निर्माण/कुर्सी, मेज, आलमारी एवं अन्य फर्नीचर, पंचम वित्त/आंगनवाड़ी केन्द्र अमृत सरोवर निर्माण/जीर्णोद्धार एवं अन्य मदों एवं स्थायी एवं अस्थाई गोशाला निर्माण हेतु निर्माण एवं अन्य सामग्री की आपूर्ति एवं अन्य योजनाओं के अन्तर्गत ग्राम पंचायत से कराये जाने वाले सभी कार्यों के लिए कार्यस्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 18.04.2026 से दिनांक 24.04.2026 तक कार्यालय दिवस में अपरान्ह 2.00 बजे तक ग्राम पंचायत अधिकारी के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं, जो दिनांक 25.04.2026 को निविदा हेतु गठित कमेटी के सदस्यों के समक्ष अपरान्ह 03.00 बजे खोली जायेगी। निविदा फार्म पैड पर होगी। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है–

1. ईट 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2. सिमेन्ट प्रति बैग, 3 महीन बालू/सफेद बालू प्रति घन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर की गिट्टी) 224 एम.एम. से 53 एम.एम. अलग–अलग प्रति वन मीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 7. एस्वेट्ससीट, पैनलसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल ६ प्रति, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एम.एम.पी.3 प्रति नग 8. सोलर लाइट/सोलर मरम्मत सामग्री प्रति नग, 8. इंटरलॉकिंग ईंट 200X160X80 एम.एम. प्रति हजार, 10. पटिया जी.आई. पाईप, पीवीसी पाइप साकेत प्रति नग 11. मोटा बालू प्रति घन मीटर, 12. ईंट गिट्टी 20 एम.एम. /40 एम.एम. प्रति घन मीटर, 13 हैंडपंप सामग्री इंडिया मार्क–2 हैंडपंप मरम्मत प्रति नग, 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15, चूना, ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेंपर प्रति किलोग्राम, 16. तार प्रति किलो, 17. खड़न्जा ईंट प्रति हजार, 18. पालिथिन शीट प्रति मीटर, 19. हयूम पाइप प्रति नग 20. एलईडी लाईट और पोल प्रति नग, 21. स्टेशनरी, 22. नाली, खड़न्जा, सीसी रोड निर्माण, 23. पशु शेड निर्माण, 24. नादा चन्नी निर्माण, 25. शोकपिट निर्माण, 26. सफाईकर्मी किट व फागिंग मशीन एवं सेनेटाइजर का छिड़काव, 27. स्ट्रीट लाईट, 28. सोडियम लाईट, 29. कूड़ादान, 30. आंगनवाड़ी भवन निर्माण 31. पंचायत भवन निर्माण, 32. खेल मैदान निर्माण, 33. प्राथमिक विद्यालय निर्माण, 34. बाउण्ड्रीवाल निर्माण, 35 सार्वजनिक शौचालय निर्माण, 36. गोआश्रय केन्द्र निर्माण, 37. लोहा, एंगल, जाली 38. आरसीसी बेंच एवं डस्टबीन, 39. प्लास्टिक बैंक।

उषा देवी, ग्राम प्रधान | ओम प्रकाश सिंह, सचिव

## न्यूज़ ब्रीफ

### तमंचा रखने के दोषी पर लगाया जुर्माना

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** सिरसिया पुलिस ने पांच वर्ष पूर्व प्रतापबली पुरवा निवासी बालकराम पुत्र भगौती को तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा था। मामले में शुक्रवार न्यायिक मजिस्ट्रेट दिलीप कुमार साहनी ने दोषी को जेल में बिताई अवधि के कारावास व 500 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

### मारपीट के मामले में तीन भाइयों पर जुर्माना

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** सिरसिया पुलिस ने छह वर्ष पूर्व विशुनापुरा पड़वालिया निवासी तुलसीराम पुत्र बड़कऊ व उसके भाई ननके तथा ढेला को जेल भेजा था। मामले में जेएम दिलीप कुमार साहनी ने तीनों भाइयों को न्यायालय उठने तक की अवधि का कारावास व प्रत्येक को 1000 रुपए के जुर्माने से दंडित किया।

### जुआ खेलने के दोषी पर लगाया जुर्माना

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** हरदत्तनगर गिरन्ट पुलिस ने तीन वर्ष पूर्व ग्राम हरदत्तनगर निवासी मुकीम अंसारी पुत्र मोबिन अंसारी को सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलने के आरोप में जेल भेजा था। एसीजेएम विनीत कुमार यादव ने दोषी को न्यायालय उठने तक की कैद व सौ रुपये अर्थदंड से दंडित किया।

### वांछित गिरफ्तार

**सिरसिया, श्रावस्ती :** थानाध्यक्ष शैलकांत उपाध्याय ने मुखबिर की सूचना पर गोवध निवारण अधिनियम व आर्म्स एक्ट में वांछित को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार इकौना के आजाद नगर निवासी शब्बीर उर्फ चुम्मन पुत्र मुन्सरीफ के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई कर जेल भेजा गया हैं। पुलिस का कहना है कि आगे भी वांछितों की तलाश जारी रहेगी।

# टेंपो से टक्कर के बाद बाइक में लगी आग, युवक की मौत

## नानपारा-लखीमपुर मार्ग पर हुआ हादसा, शादी का निमंत्रण देने जा रहा था

संवाददाता नानपारा, बहराइच

**अमृत विचार:** नानपारा-लखीमपुर मार्ग पर शुक्रवार की सुबह बाइक व टेम्पो की टक्कर हो गई। जिसके बाद दोनों वाहन सड़क के नीचे गिर गए। इस दौरान बाइक में आग लगने से उस पर सवार युवक झुलस गया। सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची घायल युवक को इलाज के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया जहां पर परीक्षण के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मोतीपुर थाना क्षेत्र में स्थित सोमईगौढ़ी निवासी राजेश कुमार (35) रिश्तेदारी में शादी का निमंत्रण देने जा रहे थे जब वो नानपारा लखीमपुर मार्ग पर स्थित कुड़वा के पास पहुंचे तभी सामने से आ रहे सी एन जी टेंपो से उनकी टक्कर हो गई। जिसके बाद बाइक में आग लगने से वो बुरी तरह झुलस गए, सूचना पर मोतीपुर थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाकर घायल युवक को इलाज के लिए मोतीपुर स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया जहां पर उसकी मौत हो गई। थाना प्रभारी ने बताया कि सड़क हादसे में एक युवक की मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।


टेंपो से टक्कर के बाद धू-धू कर जलती बाइक। अमृत विचार

**सड़क दुर्घटना में युवक घायल: मल्हीपुर, श्रावस्ती:** मल्हीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम शिकारी चौड़ा निवासी रामू गौतम (32) बुधवार को बाइक से अपने ससुराल बहराइच जिले के तुराबगांव गए थे। वहां से बृहस्पतिवार को वापस लौटते समय मल्हीपुर-बाबागंज मार्ग स्थित चिंता चौराहा के पास वह बाइक से नियंत्रण खो बैठे और सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों एंबुलेंस घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मल्हीपुर पहुंचाया। यहां पर हालत में सुधार न होता देख चिकित्सक ने संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा रेफर कर दिया।

## डॉ. आंबेडकर एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक सोच थे: रामफेरन

**श्रावस्ती, अमृत विचार:** भाजपा डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर विधानसभा संगोष्ठी आयोजित कर रही हैं इसी के क्रम में शुक्रवार श्रावस्ती विधानसभा की संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष डॉ मिश्रीलाल वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में पूर्व जिलाध्यक्ष संजय कैराती पटेल व विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रावस्ती विधायक राम फेरन पाण्डेय मौजूद रहे। चौधरी राम बिहारी बुद्ध इंटर कॉलेज में डॉ भीमराव अम्बेडकर सम्मान दिवस विधानसभा स्तरीय संगोष्ठी में मुख्यातिथि ने कहा कि डॉ भीमराव अम्बेडकर एक व्यक्ति नही बल्कि एक सोच थे जिन्होंने सदियों से जकड़े समाज को हिलाकर रख दिया। एक छोटा सा बालक जिसने अभाव एवं संघर्ष में अपने जीवन को जिया लेकिन शिक्षा को अपना शस्त्र बनाकर विश्व मे अपना नाम कमाया और दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत को संविधान दिया। उन्होंने समाज के शोषित वंचितों को संगठित रहने, शिक्षित होने और संघर्ष करने में जीवन को बदलाव लेन का मूल मंत्र दिया। विधायक ने कहा कि डॉ अम्बेडकर एक आंदोलन थे और उन्हीं के बताए हुए रास्ते ओर चलते हुए 2014 से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सबका साथ और सबका विकास के लिए कार्य कर रहे हैं।

## मानव श्रृंखला बनाकर दिया नारी शक्ति का संदेश

**इकौना, श्रावस्ती:** महिलाओं के सशक्तिकरण व जागरूकता को लेकर नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मानव श्रृंखला बनाकर नारी शक्ति का संदेश दिया गया। साथ ही लोगों को जागरूक किया गया। जगतजीत इंटर कालेज इकौना में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन प्रधानाचार्य राम बिहारी वाजपेई की अध्यक्षता में हुआ। जिसमें मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान छात्रों ने नारी शक्ति को मिले सहयोग जिससे रोशन हो पूरा देश, यदि भारत को करनी है तरक्की तो नारी शक्ति की पहचान है जरूरी, जब नारी में शक्ति होगी तभी देश में उन्नति होगी का उद्घोष किया गया। प्रधानाचार्य राम बिहारी वाजपेई ने कहा कि हमारे देश भारत में मातृ शक्तियां पूजनीय हैं। इनका सम्मान जरूरी है और सभी कार्यों में उनकी सहभागिता आवश्यक है। इस मौके पर प्रिया वर्मा, सुनीता तिवारी, प्रियंका देवी आदि मौजूद रहीं।

# धर्मपुर गांव में कुल्हाड़ी से वार कर भाभी की हत्या

संवाददाता बहराइच

**अमृत विचार:** जिले के मूर्तिहा इलाके में स्थित धर्मपुर गांव में बृहस्पतिवार देर रात एक युवक ने अपनी सगी भाभी की कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी। वारदात के बाद वह मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बताया जा रहा है कि आरोपी काफी समय से मृतका से रुपयों की मांग कर रहा था। आरती देवी उम्र 32 वर्ष के पति की एक साल पूर्व सड़क हादसे में मौत हो चुकी है। कुछ दिन पूर्व मृतका को दुर्घटना बीमा का क्लेम मिला था जिसके बाद से उसका देवर दिनेश लगातार उससे पैसों की मांग कर रहा था। देर रात भी वो घर पर रुपए मांगने पहुंचा इस दौरान महिला के मना करने पर उसने आरती के हाथ पैर बांधकर उसकी कुल्हाड़ी से काटकर निर्मम हत्या कर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर देर रात पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपी की तलाश में दबिश दी जा रही है। इस वारदात के बाद गांव में भय और आक्रोश का माहौल है।

# सकारात्मक होगी महिलाओं की सोच

**नारी शक्ति वंदन अधिनियम**

**बहराइच, अमृत विचार:** नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लागू करने के उपलक्ष्य में समाज की प्रभावी एवं प्रतिष्ठित महिलाओं ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता में कहा पीएम मोदी के प्रयासों से महिलाओं को उनका हक मिला है। वक्ताओं ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक कानून नहीं बल्कि मातृ शक्ति के प्रति सम्मान और विश्वास का प्रतीक है। इस मौके पर शहर की प्रतिष्ठित स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. राजुल सिंह, डॉ. निधि मल्ल व डॉ. दया कुमारी आदि मौजूद रहीं। वक्ताओं ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू होने से महिलाओं को निर्णय लेने की प्रक्रिया में सीधे सम्मलित होने का अवसर प्राप्त होगा। इस कानून के बाद महिलाएं केवल मतदान के लिए नहीं बल्कि नीति निर्माण में भी निर्णायक भूमिका निभाएंगी। महिलाओं ने कहा पीएम की मंशा साफ है कि लोकसभा निर्वाचन के बाद नई लोकसभा गठन हो तो किसी भी विधेयक पर चर्चा के दौरान लोकसभा के एतिहासिक कक्ष में पुरुषों के साथ महिलाओं की आवाज़ भी गूंजे। अधिनियम के लागू हो जाने से लोकसभा व राज्य विधानसभाओं में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़कर 33 प्रतिशत हो जायेगा। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के लागू हो जाने से सही मायनों में कहा जा सकेगा कि महिलाएं भी पुरुषों के साथ साथ कांधे से कांधा मिलाकर विकसित भारत के निर्माण में सहभागी बनेंगी।


कलेक्ट्रेट सभागार में पत्रकारों से बातचीत करतीं महिलाएं। अमृत विचार


खंड विकास अधिकारी को मांगपत्र सौंपते किसान। अमृत विचार

### किसानों ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**पयागपुर, बहराइच :** क्षेत्र के किसानों की समस्याओं को लेकर शुक्रवार को भारतीय किसान संघ के तेवर तल्ख नजर आए। जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पहुंचे किसानों ने ब्लॉक मुख्यालय का घेराव किया और खंड विकास अधिकारी अजय प्रताप सिंह को ज्ञापन सौंपा। जिलाधिकारी को संबोधित इस ज्ञापन में गेहूं खरीद केंद्रों की सुस्ती और फसल बर्बादी पर गहरा रोष व्यक्त किया गया संघ के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि शासन के निर्देशों के बावजूद जिले में अभी तक सरकारी गेहूं खरीद केंद्र सुचारू रूप से सक्रिय नहीं हो सके हैं। केंद्र न खुलने से किसान बिचौलियों के हाथों फसल बेचने को मजबूर हैं। मांग की गई कि तत्काल सभी केंद्रों पर तौल शुरू कराई जाए जिला अध्यक्ष ने कहा कि इस बार मौसम की मार ने किसानों की कमर तोड़ दी है। उत्पादन में भारी गिरावट आई है, लेकिन प्रशासन की ओर से अभी तक नुकसान के आकलन की प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है।

# बारिश पूर्व कराएं मार्ग की मरम्मत, कटान रोधी कार्य

**निरीक्षण**

जमुनहा, श्रावस्ती

**अमृत विचार:** तिलकपुर-मल्हीपुर मार्ग स्थित मधवापुर घाट के पास सड़क हर बार बारिश में कट जाती है। राप्ती नदी के उफान पर आते ही आसपास के क्षेत्रों में बाढ़ व कटान का तांडव शुरू हो जाता है। वहीं, विभाग की ओर से समस्या का कोई स्थाई हल ढूंढने के बजाय लोगों को उनके हाल पर छोड़ दिया जाता है। ऐसे में गुरुवार को डीएम अश्विनी कुमार पांडेय ने मधवापुर घाट का निरीक्षण कर बारिश से पहले ही सड़क मरम्मत व कटान रोधी का कार्य कराने का निर्देश दिया है। मधवापुर घाट होते हुए तिलकपुर-मल्हीपुर मार्ग जिला मुख्यालय को तहसील व ब्लॉक मुख्यालय से जोड़ता है।


मघवापुर घाट का निरीक्षण करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

इस मार्ग से लगभग 200 गांवों का आना जाना रहता है। वहीं, बारिश में यह रास्ता पूरी तरह से बंद हो जाता है। कारण है कि राप्ती नदी में उफान आते ही मधवापुर घाट के पास सड़क पूरी तरह से कट जाती है। साथ ही इस सड़क पर कई अन्य स्थानों पर पानी का बहाव काफी तेज हो जाता है। ऐसे में इस मार्ग से होकर लोगों का आना जाना खतरे से खाली नहीं रहता है। इससे लोग करीब 30 किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाकर सफर तय करते हैं। डीएम ने अपने निरीक्षण के दौरान जिम्मेदार विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि बारिश के पहले ही युद्ध स्तर पर कार्य करके सड़क की मरम्मत करा लें। साथ ही हर हाल में सड़क को क्षतिग्रस्त होने से बचाने के लिए कारगर कदम उठाएं। उन्होंने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग व अधिशासी अभियंता बाढ़ कार्य खंड को निर्देश दिया कि सड़क के दोनो ओर अतिरिक्त मिट्टी की पटाई कराएं, जिससे वह अधिक सुरक्षित हो सके। इस मौके पर एसडीएम जमुनहा एसके राय सहित अन्य मौजूद रहे।

### अक्षय तृतीया पर होगा भव्य आयोजन



आयोजन के लिए लोगों को आमंत्रित करते ब्राह्मण कल्याण परिषद के जिलाध्यक्ष।

**बहराइच, अमृत विचार :** रमपुरवा स्थित भगवान परशुराम मंदिर में रविवार को अक्षय तृतीया के अवसर पर भव्य जन्मोत्सव की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। विश्व ब्राह्मण कल्याण परिषद के जिलाध्यक्ष पंडित पुंडरीक पाण्डेय के नेतृत्व में सघन जनसंपर्क अभियान चलाकर महसी, जैतापुर, और भगवानपुर समेत करीब 100 गांवों के 11,000 लोगों को इस आयोजन के लिए आमंत्रित किया गया है। रविवार को मध्याह्न 01:02 बजे तृतीया तिथि लगते ही 1100 भक्तों की उपस्थिति में आराध्य का सामूहिक पूजन, अर्चन और महाआरती संपन्न होगी। उत्सव की शुरुआत प्रात: 10 बजे मरी माता मंदिर से निकलने वाली भव्य शोभायात्रा के साथ होगी, जिसका मार्ग में जगह-जगह पुष्पवर्षा और तिलक लगाकर स्वागत किया जाएगा। श्रीराम वस्त्रालय तेजवापुर स्थित कार्यालय पर वैदिक विद्वानों द्वारा विशिष्ट अतिथियों का मंत्रोच्चार और माल्यार्पण कर अभिनंदन किया जाएगा। तत्पश्चात, दोपहर साढ़े बारह बजे रमपुरवा चौकी पर विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले भक्तों का विशाल समागम होगा, जहां गाजे-बाजे और भक्तिमय भजनों के बीच चिरंजीवी भगवान परशुराम के जयकारों के साथ भव्य शोभायात्रा मंदिर प्रस्थान करेगी।

### अज्ञात कारणों से जंगल में लगी आग

**बदला चौराहा, श्रावस्ती :** हरदत्तनगर गिरंट वन क्षेत्र के औसानकुंडी बीट के कक्ष संख्या दो में गुरुवार को अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग लगने से करीब 55 बीघा जंगल जल गया। आग में छोटे-छोटे पेड़-पौधे, झाड़ियां व वन क्षेत्र में रहने वाले जीवों का प्राकृतिक वास नष्ट हो गया। कड़ी मशक्कत के बाद वन कर्मियों ने आग पर काबू पाया। वन दरोगा अजय कश्यप ने बताया कि आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। आग से कोई नुकसान नहीं हुआ है।

### जिले में 40.51 लाख का बन रहा हेल्थ रिपोर्ट कार्ड

**बहराइच, अमृत विचार :** नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत के साथ ही ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सुविधाओं की बुनियाद मजबूत करने की कवायद तेज हो गई है। जिले की करीब 40.51 लाख आबादी को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के लिए 3794 आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर 'विलेज हेल्थ इंडेक्स रजिस्टर' (वीएचआईआर) सर्वे के तहत हर परिवार की सेहत की कुंडली तैयार कर रही हैं। डीसीपीएम मो. राशिद के अनुसार, इस सर्वे के तहत प्रत्येक आशा कार्यकर्ता हर छह माह में अपने क्षेत्र के परिवारों का विवरण दर्ज करती है। इसी आधार पर 15- 49 वर्ष के योग्य दंपतियों को परिवार नियोजन, गर्भवती महिलाओं का समय पर पंजीकरण व चार अनिवार्य जांचें, 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों का सम्पूर्ण टीकाकरण और कुपोषित बच्चों की पहचान सुनिश्चित की जाती है। इसके अलावा संचारी एवं गैर-संचारी रोगों की स्क्रीनिंग कर जरूरत पड़ने पर मरीजों को उच्च स्वास्थ्य संस्थानों के लिए रेफरल भी सुनिश्चित किया जाता है। सर्वेक्षण की गुणवत्ता जांचने का जिम्मा 156 आशा संगिनियों को सौंपा गया है।

# दवा के साथ पोषण भी आवश्यक: डीएम

**श्रावस्ती, अमृत विचार:** जिले को टीबी मुक्त बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ आमजन का सहयोग भी बेहद जरूरी है। यह बातें डीएम अश्विनी कुमार पांडेय ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कहीं। उन्होंने राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत निक्षय मित्र पहल के तहत 100 क्षय रोगियों को पोषण पोटली का वितरण किया।

इस दौरान जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ केके वर्मा ने बताया कि टीबी के मरीजों के लिए केवल दवा ही काफी नहीं है। टीबी एक ऐसी बीमारी है जो शरीर को अंदर से बहुत कमजोर कर देती है और इसके इलाज के लिए मरीजों को लंबे समय तक उच्च क्षमता वाली दवाएं खानी पड़ती हैं। ऐसे में इन दवाओं के असर को सहने और शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता फिर से मजबूत करने के लिए अतिरिक्त पौष्टिक आहार की आवश्यकता होती है। सही पोषण से शरीर में नई ऊर्जा आती है, दवाएं बेहतर तरीके से काम करती हैं और मरीज तेजी से रिकवर होकर पूरी तरह स्वस्थ हो पाता है। इसीलिए दवा के साथ पोषण और भावनात्मक सहयोग मरीज के लिए संजीवनी माना जाता है। सीएमओ डॉ. अशोक कुमार सिंह की अपील पर विभिन्न संस्थाओं व समाजसेवियों ने मरीजों के लिए 100 पोषण पोटली उपलब्ध कराई। डीएम ने इस पुनीत कार्य में सहयोग करने वाली सभी संस्थाओं और समाजसेवियों की प्रशंसा की। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि वे टीबी मरीजों के प्रति सकारात्मक रवैया अपनाये। जिला क्षय रोग अधिकारी ने बताया कि डीएम के विशेष प्रयासों से विभिन्न विभागों द्वारा 500 अतिरिक्त पोषण पोटली वितरित करने की तैयारी पूरी कर ली गई है। शीघ्र ही इन्हें वितरण के लिए ब्लॉक स्तर पर भेजा जाएगा। इस मौके पर समाजसेवी आशीष सिंह, पंकज त्रिपाठी, अनुराग सिंह, प्रियांशु सिंह, अनूप अग्रवाल व राजेश सोनी, उप जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. संत कुमार, डीपीसी रवि कुमार मिश्र, अनुपम श्रीवास्तव, अल्ताफ हुसैन, पंकज शर्मा व दीनानाथ व स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।


क्षय रोगियों को पोषण पोटली का वितरण करते डीएम। अमृत विचार

## होमगार्ड भर्ती परीक्षा केंद्रों के लिए नामित हुए स्टैटिक व सेक्टर मजिस्ट्रेट

**बहराइच, अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा 25, 26 एवं 27 अप्रैल 2026 को प्रति दिन 02 पालियों में आयोजित होने वाली उ.प्र. होगार्डस के पदों पर एनरोलमेंट 2025 की लिखित परीक्षा को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी, सुचितापूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा प्रत्येक परीक्षा केन्द्र हेतु स्टैटिक एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है।

प्रथम पाली अन्तर्गत पूर्वान्ह 10:00 बजे से मध्यान्ह 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली में अपरान्ह 03:00 बजे से सांय 05:00 बजे तक लिखित परीक्षा सम्पन्न होगी। आर्य कन्या इण्टर कालेज के लिए बी.डी.ओ. महसी व एसडीएम नानपारा, आजाद इण्टर कालेज के लिए बी.डी.ओ. तजवापुर व एसडीएम एसडीएम मिहींपुरवा (मोतीपुर), राजकीय बालिका इण्टर कालेज के लिए बी.डी.ओ. जरवल व एसडीएम न्यायिक नानपारा, जवाहर नवोदय विद्यालय कीर्तनपुर के लिए बी.डी.ओ. कैसरगंज व एसडीएम महसी, सरस्वती इण्टर कालेज रिसिया के लिए बी.डी.ओ. रिसिया व नगर मजिस्ट्रेट, महाराज सिंह इण्टर कालेज के लिए बी.डी.ओ. चित्तौरा व एसडीएम न्यायिक तहसील सदर को नामित किया गया है।

**आयोजन** इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित महिला हैण्डबाल एवं वालीबाल प्रतियोगिता आयोजित

# प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने किया हुनर का प्रदर्शन

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश ओलम्पिक संघ के तत्वाधान में अस्मिता खेलो इण्डिया "खेल से ही पहचान जिला स्तरीय महिला हैण्डबाल एवं वालीबाल प्रतियोगिता" का आयोजन शुक्रवार को इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम बहराइच में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। उद्घाटन समारोह में हैण्डबाल प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि जिला ओलम्पिक एवं हैंडबाल संघ के अध्यक्ष मनीष मल्होत्रा रहे, विशिष्ट अतिथि जिला ओलम्पिक संघ के सचिव मनोज गुप्ता रहे। वालीबाल प्रतियोगिता उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि वालीबाल संघ के सचिव प्रेमनाथ तिवारी तथा ओलम्पिक संघ अध्यक्ष मनीष मल्होत्रा रहे। जिला क्रीड़ाधिकारी ने बताया गया कि उक्त प्रतियोगिताओं में दोनों खेलों में छ-छः महिला टीमों ने प्रतिभाग किया। हैण्डबाल महिला फाइनल मैच सरस्वती विद्या मन्दिर माधवपुरी बहराइच बनाम बाल शिक्षा निकेतन गर्ल्स इण्टर कॉलेज बहराइच के मध्य खेला गया, जिसमें 1-0 से सरस्वती विद्या मन्दिर माधवपुरी बहराइच विजयी रही। वालीबाल महिला फाइनल मैच सरस्वती विद्या मन्दिर माधवपुरी बहराइच बनाम पायनियर पब्लिक स्कूल बहराइच के मध्य खेला गया, जिसमें 25-15 से पायनियर पब्लिक स्कूल बहराइच विजयी रही। उद्घाटन तथा समापन/ पुरस्कार वितरण समारोह में क्रीड़ाधिकारी आनन्द कुमार श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथियों का बुके देकर एवं बैच लगाकर स्वागत किया गया, तत्पश्चात दोनो टीमों के महिला खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेलों का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर निर्णायक के रूप में रोहित सिंह जीवन रक्षक, राकेश पासवान फुटबाल प्रशिक्षक, मोहम्मद आरिफ हॉकी प्रशिक्षक, विनोद कुमार फुटबाल प्रशिक्षक खेलो इण्डिया सेन्टर, ओमकार नाथ एथलेटिक्स प्रशिक्षक द्वारा भूमिका निभाई गई। इसके अतिरिक्त तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रमों की समाप्ति उपरान्त आनन्द कुमार श्रीवास्तव क्रीडाधिकारी बहराइच द्वारा मुख्य अतिथि एवं आए हुए सभी गणमान्य व्यक्तियों का आभार जताया।



खिलाड़ियों के साथ मुख्य अतिथि मनीष मल्होत्रा, मनोज गुप्ता और अन्य। अमृत विचार

## डीजल और पेट्रोल की कमी करें पूरा

**श्रावस्ती, अमृत विचार:** जिले में डीजल व पेट्रोल की किल्लत को दूर कराने के लिए डीएम अश्विनी कुमार पांडेय ने गुरुवार देर शाम जिला पूर्ति अधिकारी दीपक कुमार वार्ष्णेय सहित ऑयल कंपनी के विक्रय प्रबंधकों के साथ ऑनलाइन बैठक की। उन्होंने कहा कि सभी ऑयल कंपनियों के विक्रय प्रबंधक अपने-अपने क्षेत्रों में डीजल व पेट्रोल की कमी को दूर कराएं। पेट्रोल पंपों पर किसी भी स्थिति में पूरी तरह से तेल समाप्त न होने दें। पूर्ति निरीक्षक अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर डीजल, पेट्रोल के आपूर्ति की निगरानी करें, जिससे कालाबाजारी व जमाखोरी पर अंकुश लग सके।

### बाबा साहेब के विचार आज भी प्रासंगिक



आयोजित कार्यक्रम में बोलते विधायक सुभाष त्रिपाठी। अमृत विचार

**विशेश्वरगंज, बहराइच :** विकासखंड विशेश्वरगंज क्षेत्र के मोतीपुरवा बजरिया में डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान अधिकार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों व सामाजिक कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पयागपुर विधायक सुभाष त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहब के विचार आज भी समाज को नई दिशा देने की क्षमता रखते हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने केवल संविधान निर्माण ही नहीं किया, बल्कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को सम्मान और अधिकार दिलाने के लिए आजीवन संघर्ष किया। उन्होंने आगे कहा कि हमारा प्रयास है कि गांव-गांव तक सड़क, बिजली, पानी और शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएं पहुंचें, ताकि हर व्यक्ति सम्मानजनक जीवन जी सके।

यूपी के सीतापुर में एक महिला ने निराश्रित पशुओं के संरक्षण में ऐसा बीड़ा उठाया कि घर की गृहस्थी को तिलांजलि देकर लाखों का फ्लैट ही खरीद डाला। 16 वर्षों से गौवंशों की सेवा करने में लगा परिवार गौमाताओं के लिए पौष्टिक भोजन के साथ फल-सब्जी और पर्याप्त दवाएं भी उपलब्ध करा रहा है। काष्ठा फाउंडेशन की संचालिका भावना सक्सेना बताती हैं कि 16 वर्ष पूर्व उन्हें नंदी चोटिल मिला, सड़क किनारे दो गौमाताएं भी थीं। अधिक जख्म होने के कारण कोई आगे नहीं बढ़ा, परिवार के साथ मिलकर सभी को घर के करीब ले आए, ताकि सेवा की जा सके। तमाम प्रयास के बाद भी उन्हें बचाया नहीं जा सका। तभी से मन बना लिया कि निराश्रित पशुओं के लिए छांव के साथ सारे इंतजाम करने हैं। भावना बताती हैं कि परिवार के सहयोग से पैसे इकट्ठा किए, घर की ज्वेलरी भी बेच दी, बाद में सड़क किनारे एक मकान खरीदा। फ्लैट में गौवंश के साथ 72 निराश्रितों का परिवार है। इनमें नियमित उपचार के साथ फल-सब्जियों का वितरण कराया जाता है। *-जीशान कदीर, सीतापुर*






# बेजुबान पशुओं को मिली जुबां



निराश्रित पशु का अंतिम संस्कार करातीं भावना सक्सेना।

### ठीक होने के बाद लोगों ने अपनाए गौवंश

भावना सक्सेना की पुत्री योशिता निजी कंपनी में कार्यरत हैं। कहती हैं कि ठीक होने के बाद कई गौवंशों को अपनाने के लिए शहर और उसके आसपास के परिवार आगे आए, बताती हैं कि सड़क पर निकलते समय घायल और बीमार पशुओं को लाना दिनचर्या में है। अब तक एक लाख से अधिक गौवंशों की सेवा की जा चुकी है।

### भंडारा और अंतिम संस्कार के लिए परिवार एकजुट

भावना बताती हैं कि परिवार में पुत्र स्वरित और बहू निधि के अलावा पति मुकुल मोहन और पुत्री योशिता मिलकर गौवंशों और निराश्रित पशु (कुत्ता, बिल्ली आदि) के लिए भंडारे का आयोजन करते हैं, शहर और उसके आसपास हादसे का शिकार पशुओं के अंतिम संस्कार का जिम्मा भी दैनिक दिनचर्या में है।

### नाम पुकारते ही दौड़ पड़ते हैं गौवंश

महिला और उनके बच्चों ने हर गौवंश का नाम रखा गया है। राजा, गणेश, गौरी, शंकर, गौरा, यशोदा, ममता, मंत्र, काली, रघु, भरत, आदि, छोटू, चंदू, बिल्लो सहित अन्य नामों से पुकारे जाने वाले गौवंश नाम सुनते ही दौड़ पड़ते हैं।


शहर के आई हॉस्पिटल चौराहे के नजदीक छांव के नीचे मौजूद गौवंश


कुत्ते के बच्चों का रेस्क्यू करतीं योशिता

# अंजा रिंगग्रेन लोवेन

## एक मानवतावादी महिला की कहानी



अंजा रिंगग्रेन लोवेन एक डेनिश मानवतावादी कार्यकर्ता हैं, जिन्हें नाइजीरिया में 'विष्ट बच्चे' (व्हिच चिल्ड्रेन) के रूप में आरोपित बच्चों को बचाने और उनकी पुनर्वास के लिए जाना जाता है। वे लैंड ऑफ होप नामक चैरिटी संगठन की संस्थापक हैं, जो पहले 'दिन नॉधजेल्प' (एक डेनिश नाम है, जिसका शाब्दिक अर्थ है-आपकी आपातकालीन सहायता) के नाम से जाना जाता था। उनका जन्म 4 सितंबर, 1978 को डेनमार्क के फ्रेडरिकशावन शहर में हुआ था। अंजा ने न केवल हजारों बच्चों की जिंदगियां बचाई हैं, बल्कि अफ्रीकी समाज में अंधविश्वासों के खिलाफ जागरूकता फैलाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनकी कहानी प्रेरणा का स्रोत है, जो दिखाती है कि एक व्यक्ति की दृढ़ इच्छाशक्ति कैसे विश्व स्तर पर बदलाव ला सकती है।


रूफिया खान
शिक्षिका

- **प्रारंभिक जीवन और शिक्षा-** अंजा का बचपन डेनमार्क के एक छोटे से शहर में बीता, जहां वे अपनी मां, बड़ी बहन और जुड़वां बहन के साथ रहती थीं। उनके पिता शराबी थे और मां की असमय मृत्यु ने उनके जीवन को गहरा आघात पहुंचाया। इससे वे अवसाद, चिंता और एनोरेक्सिया जैसी समस्याओं से जूझीं। 1998 में उन्होंने फ्रेडरिकशावन जिम्नेजियम से शिक्षा पूरी की। उसके बाद वे मध्य पूर्व की यात्रा पर गईं और इजरायल के एक किबुट्ज में रहीं, जहां उन्होंने सामुदायिक जीवन का अनुभव प्राप्त किया। 2001 में उन्होंने मर्स्क एयर के साथ स्टूअर्डेस (हवाई जहाज में महिला केबिन क्रू) के रूप में प्रशिक्षण लिया, लेकिन अपनी मां की टर्मिनल बीमारी के कारण नौकरी छोड़ दी। मां की मृत्यु के बाद वे खुदरा क्षेत्र में काम करने लगीं और आरहूस शहर में एक स्टोर मैनेजर बनीं। यह अवधि उनके जीवन की चुनौतियों से भरी थी, लेकिन इन्होंने ही उनकी मानवतावादी यात्रा की नींव रखी।
- **मानवतावादी कार्यों की शुरुआत-** अंजा का मानवतावादी सफर 2008 में तब शुरू हुआ, जब उन्होंने ब्रिटिश डॉक्यूमेंट्री 'व्हिच चिल्ड्रेन' देखी, जिसमें नाइजीरिया में जादू-टोने के आरोप में बच्चों पर होने वाले अत्याचारों को दिखाया गया था। इन बच्चों को परिवार और समाज द्वारा त्याग दिया जाता है, उन्हें यातनाएं दी जाती हैं या यहां तक कि जिंदा जला दिया जाता है। यह दृश्य अंजा के बचपन के सपने, अफ्रीका में काम करने के सपने को साकार करने के लिए प्रेरणा बना। 2009 में उन्होंने डेनिश नेशनल चर्च एड के लिए मलावी में तीन महीने का पर्यवेक्षक कार्य किया, जहां उन्होंने एक स्कूल के नवीनीकरण के लिए धन जुटाया। इसके बाद तंजानिया में एक स्कूल बनाने में मदद की। 2012 में, आरहूस में सेल्सपर्सन की नौकरी छोड़कर, उन्होंने डीआईएनएनोदहजेल्प की स्थापना की। अपनी सारी संपत्ति बेचकर उन्होंने नाइजीरिया में 'विष्ट बच्चों' को बचाने का संकल्प लिया। 2013 में वे पूर्णकालिक रूप से इस कार्य में लग गईं।
- **लैंड ऑफ होप की स्थापना** – 2014 में अंजा ने नाइजीरियाई कानून छात्र डेविड इम्मानुएल उमेम के साथ मिलकर अफ्रीकन चिल्ड्रेंस एड एजुकेशन एंड डेवलपमेंट फाउंडेशन की सह-स्थापना की। उन्होंने अकवा इबोम राज्य में तीन एकड़ जमीन खरीदी और इंजीनियर्स विदाउट बॉर्डर्स की मदद से लैंड ऑफ होप चिल्ड्रेंस सेंटर का निर्माण किया। यह केंद्र पश्चिम अफ्रीका का सबसे बड़ा ऐसा केंद्र है, जिसमें 100 बच्चों के लिए आवास, अस्पताल, व्यावसायिक स्कूल और कृषि भूमि शामिल है। यहां बच्चों को सुरक्षित वातावरण मिलता है, शिक्षा दी जाती है, स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाती है और अंधविश्वासों के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाए जाते हैं।

संगठन का उद्देश्य न केवल बचाव है, बल्कि बच्चों को उनके परिवारों में पुनर्स्थापित करना भी है। अंजा और उनकी टीम ने अब तक सैकड़ों बच्चों को बचाया है, जो पहले सड़कों पर भटकते या यातनाएं झेलते थे। वे स्थानीय समुदायों में शिक्षा के माध्यम से अंधविश्वासों को समाप्त करने पर काम करती हैं। केंद्र में रहने वाले 95 बच्चे अब स्कूल में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं और कई को उनके परिवारों में वापस लौटाया जा चुका है।

### प्रमुख उपलब्धियां

अंजा के कार्यों को कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है, जिसमें सम्मिलित हैं-

- 2016- ओओओएम मैगजीन द्वारा 'दुनिया की सबसे प्रेरणादायक व्यक्ति'।
- 2016- नील्स एबेसन मेडल।
- 2017- पॉल हैरिस फेलोशिप और होप अवॉर्ड।
- 2017- डेन ऑफ द ईयर के लिए नामांकन।
- 2023- रेड क्रॉस ह्यूमन राइट्स अवॉर्ड।

उन्हें दलाई लामा द्वारा 'हीरो' घोषित किया गया है। उनके कार्यों पर कई डॉक्यूमेंट्री भी बनी हैं, जैसे हेल्वेडेस हेल्टे, अंजा ओग हेक्सेबोर्नेने और हेक्सेनकिंडर इन नाइजीरिया (जर्मनी, 2018)। अंजा डेनमार्क की सबसे मांग वाली वक्ताओं में से एक हैं, जहां वे अपनी कहानी, बलिदान और नाइजीरिया के अंधविश्वासों पर व्याख्यान देती हैं।

## जॉब का पहला दिन

# सपनों से हकीकत तक का पहला कदम



जीवन के कालखंड में कुछ तिथियां स्वर्ण अक्षरों में अंकित हो जाती हैं। 25 मार्च 1995 का दिन मेरे जीवन का एक महत्वपूर्ण और अविस्मरणीय दिन है। इसी दिन मैंने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की अमायन शाखा, जिला भिंड (मध्य प्रदेश) में अपनी पहली नौकरी की शुरुआत की और अपने करियर की पहली औपचारिक दहलीज लांघी। एक 22 वर्षीय युवा के लिए यह दिन उत्साह, गर्व और हल्की-सी बेचैनी का अनूठा संगम था। यह केवल नौकरी का पहला दिन नहीं, बल्कि मेरे सपनों, संघर्षों और आत्मनिर्भरता की दिशा में पहला ठोस कदम था।

सुबह का समय अलग ही उत्साह और घबराहट से भरा हुआ था। मन में अनेक प्रश्न उठ रहे थे- कैसा होगा नया कार्यस्थल, कैसे होंगे सहकर्मी, क्या मैं अपनी जिम्मेदारियों को निभा पाऊंगा? इन सवालों के बीच एक आत्मविश्वास भी था, जो मुझे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर रहा था। प्रातः 10 बजे मैं अपने बड़े भाई अरविंद त्रिवेदी जी के साथ बैंक पहुंचा। उस समय मन में हजारों विचार उमड़ रहे थे। परिवार के संस्कार और बैंक की साख, दोनों का सम्मान मेरे कंधों पर था। मार्च का महीना बैंकिंग क्षेत्र में 'क्लोजिंग' का समय होता है, इसलिए वातावरण में विशेष व्यस्तता और ऊर्जा थी। जब मैंने शाखा प्रबंधक एस. सोनवणे जी को अपनी जॉइनिंग रिपोर्ट सौंपी, तो वह क्षण केवल पदभार ग्रहण करना नहीं था, बल्कि एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में समाज सेवा का संकल्प भी था। शाखा का वातावरण अनुशासन और कार्यकुशलता से परिपूर्ण था। वरिष्ठ कर्मचारियों आजाद जी, एस.एस. कुशवाहा और आनंद पाल ने मेरा गर्मजोशी से स्वागत किया। उनकी सरलता और सहयोगपूर्ण व्यवहार ने मेरी झिझक को काफी हद तक दूर कर दिया।


अजय त्रिवेदी
उप निदेशक युवा कल्याण

मुझे बैंक के विभिन्न कार्यों जमा-निकासी, खातों का संचालन और ग्राहकों से संवाद के बारे में बताया गया। लेजर, वाउचर और कैश ट्रांजैक्शन जैसी बैंकिंग प्रक्रियाओं से मेरा परिचय उसी दिन प्रारंभ हुआ। यह सब नया था, किंतु सीखने की ललक ने हर चुनौती को सरल बना दिया। अमायन जैसे ग्रामीण क्षेत्र में बैंक केवल वित्तीय संस्था नहीं, बल्कि लोगों के भरोसे का केंद्र होता है। पहले ही दिन मुझे समझ आ गया कि यहां काम केवल आंकड़ों का नहीं, बल्कि लोगों की उम्मीदों का है। उस समय सारा कार्य हस्तलिखित रजिस्टरों में होता था। एक छोटी सी चूक भी बड़ा अंतर उत्पन्न कर सकती थी, इसलिए एकाग्रता अत्यंत आवश्यक थी। मुझे मुख्यतः निरीक्षण और समझने का कार्य सौंपा गया। मैंने ध्यानपूर्वक हर प्रक्रिया को देखा और समझने का प्रयास किया। दोपहर में सहकर्मियों के साथ हुई अनौपचारिक बातचीत ने मुझे एक टीम का हिस्सा होने का एहसास कराया। उसी दिन यह भी समझ आया कि बैंक की नौकरी केवल 'दस से पांच' की ड्यूटी नहीं, बल्कि जनसेवा का माध्यम है।

सहकर्मियों का सहयोग मेरे लिए अत्यंत प्रेरणादायक रहा। उन्होंने धैर्यपूर्वक हर बात समझाई, जिससे मेरा आत्मविश्वास बढ़ा। दिन के अंत में जब सहकर्मी आनंद ने मुझे रहने और खाने की व्यवस्था में सहयोग का प्रस्ताव दिया, तो मन भावुक हो उठा। मुझे लगा कि मैंने अपने जीवन की एक नई यात्रा आरंभ कर दी है। इस दिन ने मुझे जिम्मेदारी, अनुशासन और समर्पण का महत्व सिखाया।

बाद में, 13 मई 1996 को उत्तर प्रदेश पीसीएस में चयनित होने के बाद, लगभग चौदह महीने की सेवा के पश्चात मैंने बैंक की नौकरी छोड़ दी। किंतु बैंक में बिताया गया पहला दिन आज भी मेरी स्मृतियों में ताजा है। उस दिन ने जो अनुभव और सीख दी, वह जीवन के हर पड़ाव पर मेरे साथ रही। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में बिताया गया समय मेरे व्यक्तित्व के निर्माण की नींव बना और उसी दिन ने मुझे आगे बढ़ने का साहस दिया।

# सभ्यता की अमूल्य धरोहरों को संरक्षण की जरूरत



प्रत्येक वर्ष 18 अप्रैल को विश्व धरोहर दिवस मनाया जाता है। इसे विश्व विरासत दिवस, वर्ल्ड हेरिटेज डे तथा आधिकारिक रूप से अंतर्राष्ट्रीय स्मारक एवं स्थल दिवस (इंटरनेशनल डे फोर मोन्यूमेंट्स एंड साइट्स) कहा जाता है। यह दिवस मानवता की साझा सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक धरोहरों के संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से मनाया जाता है। इन स्थलों का संरक्षण यूनेस्को विश्व धरोहर सम्मेलन, 1972 के अंतर्गत किया जाता है, जिसे यूनेस्को सदस्य देशों द्वारा स्वीकार किया गया एक महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय समझौता माना जाता है। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य विश्वभर के ऐतिहासिक स्मारकों, सांस्कृतिक स्थलों, पुरातात्विक अवशेषों, प्राकृतिक संपदाओं तथा मानव सभ्यता से जुड़ी अमूल्य विरासतों के संरक्षण के प्रति जनचेतना उत्पन्न करना है। वास्तव में धरोहर केवल पत्थरों से बनी इमारतें नहीं हैं, बल्कि वे हमारी संस्कृति, परंपरा, कला, ज्ञान, संघर्ष, इतिहास और सामूहिक पहचान की जीवंत प्रतीक हैं।


सुनील कुमार महला
लेखक

वर्तमान में 10 चयन मानदंड निर्धारित हैं, जिनमें से कम से कम एक को पूरा करना आवश्यक है। इनमें ऐतिहासिक महत्व, स्थापत्य कला, सांस्कृतिक प्रभाव, प्राकृतिक सौंदर्य, जैव विविधता तथा वैज्ञानिक महत्व जैसे पहलू सम्मिलित हैं। विश्व धरोहर मुख्यतः तीन प्रकार की होती है- पहली, सांस्कृतिक धरोहर, जिसमें स्मारक, मंदिर, मस्जिद, चर्च, किले, मूर्तियां, प्राचीन नगर, स्थापत्य कला, भाषा, संगीत, नृत्य और परंपराएं शामिल हैं। दूसरी, प्राकृतिक धरोहर, जिसमें पर्वत, नदियां, समुद्र, वन, वन्यजीव, जैव विविधता और अद्वितीय प्राकृतिक परिदृश्य आते हैं तथा तीसरी, मिश्रित धरोहर, जिनमें सांस्कृतिक और प्राकृतिक दोनों विशेषताएं विद्यमान होती हैं। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि यूनेस्को केवल स्थायी संरचनाओं या प्राकृतिक स्थलों को ही नहीं, बल्कि अमूर्त सांस्कृतिक विरासत को भी मान्यता देता है। भारत की योग परंपरा और कुंभ मेला इसके प्रमुख उदाहरण हैं।

विश्व स्तर पर सबसे अधिक यूनेस्को विश्व धरोहर स्थलों वाला देश इटली है, जिसके बाद चीन का स्थान आता है। भारत भी विश्व धरोहर स्थलों की दृष्टि से अग्रणी देशों में सम्मिलित है। यूनेस्को एक विशेष सूची 'वर्ल्ड हेरिटेज इन डेंजर' भी संचालित करता है, जिसमें उन स्थलों को शामिल किया जाता है, जो युद्ध, प्रदूषण, प्राकृतिक आपदा, अतिक्रमण, अत्यधिक पर्यटन, जलवायु परिवर्तन या उपेक्षा के कारण संकट में हों। यदि कोई स्थल संरक्षण मानकों का पालन न करे या उसका मूल स्वरूप गंभीर रूप से बदल जाए, तो उसे सूची से हटाया भी जा सकता है। उदाहरणस्वरूप ओमान का अरेबियन ओरिक्स अभयारण्य तथा जर्मनी की ड्रेसडेन एल्बे घाटी को सूची से हटाया जा चुका है। यहां यह उल्लेखनीय है कि अक्टूबर 2024 तक विश्वभर के 196 देशों में लगभग 1,223 विश्व धरोहर स्थल थे, जिनमें 952 सांस्कृतिक, 231 प्राकृतिक और 40 मिश्रित स्थल शामिल हैं। भारत जैसे प्राचीन और बहुसांस्कृतिक देश में इस दिवस का विशेष महत्व है। अप्रैल 2025 तक भारत में 43 विश्व धरोहर स्थल (34 सांस्कृतिक, 7 प्राकृतिक और 2 मिश्रित) तथा 62 स्थल संभावित सूची में सम्मिलित थे। भारत के प्रमुख धरोहर स्थलों में ताजमहल, आगरा किला, फतेहपुर सीकरी, अजंता-एलोरा गुफाएं, एलीफेंटा गुफाएं, खजुराहो समूह, सांची स्तूप, महाबोधि मंदिर, हम्पी, महाबलीपुरम, जंतर-मंतर, कुतुब मीनार, लाल किला, कोणार्क सूर्य मंदिर, नालंदा, भीमबेटका, सुंदरबन राष्ट्रीय उद्यान, काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान, पश्चिमी घाट तथा कंचनजंघा राष्ट्रीय उद्यान प्रमुख हैं।



विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर प्रतिवर्ष एक विशेष थीम घोषित की जाती है। वर्ष 2026 की थीम है-'संघर्षों और आपदाओं के संदर्भ में जीवित विरासत के लिए आपातकालीन प्रतिक्रिया' रखी गई है। इसका आशय यह है कि युद्ध, संघर्ष और प्राकृतिक आपदाओं के समय केवल भवनों और स्मारकों की ही नहीं, बल्कि जीवित विरासतों-जैसे लोक परंपराएं, सामाजिक ज्ञान, सांस्कृतिक पहचान और समुदाय आधारित परंपराएं की भी त्वरित सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। विश्व धरोहर दिवस केवल कैलेंडर की एक तिथि नहीं, बल्कि मानवता की साझा विरासत को सुरक्षित रखने का वैश्विक संकल्प है। यदि हम अपनी धरोहरों की रक्षा नहीं करेंगे, तो आने वाली पीढ़ियां अपने इतिहास, संस्कृति और पहचान से वंचित हो जाएंगी। अतः विकास के साथ-साथ विरासतों के संरक्षण, संवर्द्धन और सम्मान के लिए हमें दृढ़ संकल्पित होकर कार्य करना चाहिए।

| बाजार | संसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 78,493.54 | 24,353.55 |
| बढ़त | 504.86 | 156.80 |
| प्रतिशत में | 0.65 | 0.65 |

सोना 1,56,200 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,53,000 प्रति किलो

अमृत विचार
अयोध्या, शनिवार, 18 अप्रैल 2026
www.amritvichar.com

# पश्चिम एशिया में तनाव घटने से शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स 505 अंक चढ़ा

## सेंसेक्स 504.86 अंक उछलकर 78,493.54 पर और निफ्टी 156.80 अंक बढ़कर 24,353.55 पर बंद हुआ

मुंबई, एजेंसी

पश्चिम एशिया में तनाव कम होने और विदेशी निवेशकों की ताजा लिवाली से घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को चढ़कर बंद हुए। सेंसेक्स में 505 अंक की मजबूती दर्ज की गई जबकि निफ्टी 157 अंकों की बढ़त पर रहा। विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच कूटनीतिक समाधान की नई उम्मीद और इजराइल-लेबनान के बीच 10 दिन के युद्धविराम से वैश्विक निवेशकों का जोखिम उठाने का रुझान बेहतर हुआ है।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 504.86 अंक यानी 0.65 प्रतिशत उछलकर 78,493.54 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 564.77 अंक तक चढ़ गया था। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक निफ्टी 156.80 अंक यानी 0.65 प्रतिशत बढ़कर 24,353.55 अंक पर बंद हुआ।

शेयर बाजार में तेजी से निवेशकों की संपत्ति 4.84 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 4,65,64,461.51 करोड़ रुपये (5.02 लाख करोड़ डॉलर) हो गई। साप्ताहिक आधार पर बीएसई सेंसेक्स ने कुल 943.29 अंक यानी 1.21 प्रतिशत की तेजी दर्ज की जबकि एनएसई निफ्टी में कुल 302.95 अंक यानी 1.25 प्रतिशत की बढ़त रही।

व्यापक बाजार में छोटी कंपनियों का बीएसई स्मालकैप सेलेक्ट सूचकांक 1.76 प्रतिशत उछल गया जबकि मझोली कंपनियों का मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 1.31 प्रतिशत की बढ़त पर रहा। चौतरफा तेजी के बीच सभी क्षेत्रवार सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। एफएमसीजी (दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियां) खंड में 2.57 प्रतिशत, पूंजीगत उत्पाद खंड में 2.19 प्रतिशत, बिजली खंड में 1.95 प्रतिशत और उपयोगिता खंड में 1.51 प्रतिशत की तेजी रही।




- इजराइल-लेबनान में 10 दिन के युद्धविराम से निवेशकों का जोखिम उठाने का रुझान बेहतर

### ये रहे लाभ में

हिंदुस्तान यूनिलीवर, पावर ग्रिड, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, टेक महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज और टाइटन

### गिरावट वाले शेयर

सन फार्मा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो और एचसीएल टेक

### एक्सपर्ट्स की राय

लाइवलॉन्ग वेल्थ के शोध विश्लेषक और संस्थापक हरिप्रसाद के. ने कहा कि पश्चिम एशिया में तनाव घटने की उम्मीद ने घरेलू बाजार को मजबूती देने का काम किया। इससे कच्चे तेल की कीमतों में संभावित उछाल को लेकर चिंता कम हुई, जिसका असर मुद्रास्फीति और मुद्रा स्थिरता पर पड़ता है।

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि घरेलू बाजार पश्चिम एशिया संकट के समाधान की बढ़ती उम्मीद और एफआईआई के फिर से लिवाल बन जाने से बढ़त के साथ बंद हुए।

बीएसई पर सूचीबद्ध कुल 3,043 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए जबकि 1,284 शेयरों में गिरावट रही और 166 अन्य अपरिवर्तित रहे।

शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बृहस्पतिवार को 382.36 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 3.07 प्रतिशत गिरकर 96.34 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया, जिससे बाजार धारणा को समर्थन मिला।एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग सूचकांक नुकसान में रहे। यूरोपीय बाजार दोपहर के कारोबार में बढ़त में थे।

अमेरिकी बाजार बृहस्पतिवार को सकारात्मक रुख के साथ बंद हुए थे।इससे पहले, बृहस्पतिवार को सेंसेक्स 122.56 अंक गिरकर 77,988.68 अंक और निफ्टी 34.55 अंक फिसलकर 24,196.75 अंक पर बंद हुआ था।

## बिजनेस ब्रीफ

### नेटफ्लिक्स के निदेशक मंडल से हटेंगे चेयरमैन रीड हेस्टिंग्स

**न्यूयॉर्क।** ओटीटी मंच नेटफ्लिक्स के सह-संस्थापक और चेयरमैन रीड हेस्टिंग्स इस साल जून में अपना कार्यकाल समाप्त होने पर कंपनी के निदेशक मंडल से हट जाएंगे। कंपनी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। कंपनी ने बताया कि हेस्टिंग्स अब परोपकार कार्यों और अन्य गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने 1990 के दशक के अंत में अपने मित्र और सह-संस्थापक मार्क रैंडोल्फ से यह जिम्मेदारी संभालने के बाद 2023 तक 20 वर्षों से अधिक समय तक कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) के रूप में कार्य किया।

### पूर्वोत्तर में विस्तार करेगी फिनोलेक्स केबल्स

**गुवाहाटी।** बिजली और संचार केबल बनाने वाली कंपनी फिनोलेक्स केबल्स लि. पूर्वोत्तर क्षेत्र में अपनी उपस्थिति बढ़ाने की योजना बना रही है। कंपनी के एक प्रवक्ता ने कहा कि यह कदम सरकार के बुनियादी ढांचे और विद्युतीकरण पर दिए जा रहे जोर को देखते हुए उठाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह बाजार विस्तार दीर्घकालिक होगा और पूर्वोत्तर में बेहतर पहुंच कंपनी को क्षेत्र के अधिक हिस्सों में विस्तार करने में मदद कर रही है। कंपनी की कुल आय में पूर्वी क्षेत्र की हिस्सेदारी लगभग 15 प्रतिशत है, जबकि पूर्वोत्तर राज्यों का योगदान क्षेत्रीय बिक्री में लगभग 17 प्रतिशत है।

### ओम पावर के शेयर में 6% से अधिक की उछाल

**नई दिल्ली।** विद्युत अवसंरचना क्षेत्र की कंपनी ओम पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड के शेयर अपने 175 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले छह प्रतिशत से अधिक की बढ़त के साथ शुक्रवार को सूचीबद्ध हुए। कंपनी का शेयर 175 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले एनएसई पर 186 रुपये पर खुला, जो करीब छह प्रतिशत अधिक की उछाल को दर्शाता है। बीएसई पर इसने 181.10 रुपये पर कारोबार करना शुरू किया और बाद में बढ़कर 190.15 रुपये तक पहुंच गया।

### एनपीएसपीएल करेगी आंध्र में 2,550 करोड़ निवेश

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश सरकार ने चित्तूर जिले में कैथोड सामग्री विनिर्माण इकाई स्थापित करने के लिए एनपीएसपीएल स्पेशलिटी केमिकल्स की 2,550 करोड़ रुपये की परियोजना को मंजूरी दी है। इससे भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स और उन्नत सामग्री परिवेश को मजबूत बनाने में मदद मिलेगी। गुडुपल्ले मंडल में 105 एकड़ में विकसित होने वाला यह संयंत्र लिथियम आयन बैटरी में उपयोग किए जाने वाले एक प्रमुख उपकरणों का उत्पादन करेगा, जो इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी), उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स और ऊर्जा भंडारण प्रणालियों को शक्ति देता है।

## विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर फिर 700 अरब डॉलर के पार

मुंबई, एजेंसी

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10 अप्रैल को समाप्त सप्ताह के दौरान 3.82 अरब डॉलर बढ़कर 700.94 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह कहा। इससे पहले तीन अप्रैल को समाप्त सप्ताह में कुल भंडार 9.06 अरब डॉलर बढ़कर 697.12 अरब डॉलर रहा था। पश्चिम एशिया संघर्ष की शुरुआत से पहले इस साल 27 फरवरी को समाप्त सप्ताह के दौरान विदेशी मुद्रा भंडार 728.49 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। हालांकि, संघर्ष के कारण रुपये पर दबाव बढ़ा और आरबीआई को विदेशी मुद्रा बाजार में डॉलर की बिक्री के जरिये हस्तक्षेप करना पड़ा, जिससे लगातार कई हफ्तों तक भंडार में गिरावट देखी गई थी।



केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार 10 अप्रैल को समाप्त सप्ताह के लिए, विदेशी मुद्रा भंडार का एक प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां (एफसीए) 3.12 अरब डॉलर बढ़कर 555.98 अरब डॉलर पर रही। डॉलर के रूप में व्यक्त की जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर अमेरिकी मुद्राओं की तेजी या गिरावट के प्रभाव को भी शामिल किया जाता है।

### चांदी 5,700 रुपये लुढ़की, सोना 1,600 रुपये टूटा

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** घरेलू बाजार में कमजोर मांग के बीच शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में चांदी की कीमत 5,700 रुपये टूटकर 2.53 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गई, जबकि सोना 1.56 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत 5,700 रुपये यानी 2.2 प्रतिशत टूटकर 2,53,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रह गई। सर्राफा संघ ने कहा कि 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 1,600 रुपये यानी 1.01 % टूटकर 1,56,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) पर रहा।



## सीएम युवा स्वरोजगार योजना

## इटावा के बिलाल बने सफल उद्यमी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 10 लाख रुपये के ऋण से खड़ा किया प्रिंटिंग प्रेस, अब हर महीने 50-60 हजार कमाई
- पांच लोगों को दिया रोजगार, योगी सरकार की योजनाएं बना रहीं युवाओं को आत्मनिर्भर

**अमृत विचार:** प्रदेश में युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में चलाई जा रही योजनाएं अब जमीन पर असर दिखाने लगी हैं। योगी सरकार की महत्वाकांक्षी 'मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना' का लाभ लेकर इटावा के गाड़ीपुरा निवासी बिलाल हसन ने न सिर्फ खुद का कारोबार खड़ा किया, बल्कि अन्य लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा किए हैं।

बिलाल हसन ने जिला उद्योग केंद्र से जानकारी प्राप्त कर इस योजना के तहत 10 लाख रुपये का ऋण लिया और प्रिंटिंग प्रेस व फ्लेक्स का व्यवसाय शुरू किया। सरकारी सहायता और मार्गदर्शन से उन्होंने अपने कारोबार को सफलतापूर्वक स्थापित किया और अब इसे लगातार विस्तार दे रहे हैं। आज बिलाल हर महीने करीब 50 से 60 हजार रुपये की आय अर्जित कर रहे हैं। खास बात यह है कि उन्होंने अपने उद्यम के जरिए 5 अन्य लोगों को भी रोजगार दिया है, जिससे उनके परिवारों की आर्थिक स्थिति में भी सुधार आया है। प्रदेश में संचालित 'मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना' शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए एक मजबूत सहारा बनकर उभरी है।

योजना के तहत विनिर्माण क्षेत्र में अधिकतम 25 लाख रुपये और सेवा क्षेत्र में 10 लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जाता है। साथ ही परियोजना लागत के अनुसार अनुदान भी दिया जाता है, जिससे युवाओं के लिए व्यवसाय शुरू करना आसान हो जाता है। सरकार की इस पहल से प्रदेश में छोटे-छोटे उद्योग तेजी से स्थापित हो रहे हैं, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं और अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है।

## कंपनी कानून के तहत विवरण दाखिल करने की प्रक्रिया तर्कसंगत बनाएगी सरकार

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** कॉरपोरेट मामलों का मंत्रालय संबंधित पक्षों से सुझाव प्राप्त करने के बाद कंपनी कानून के तहत फॉर्म को एकीकृत करने सहित विवरण दाखिल करने की रूपरेखा को युक्तिसंगत बनाने की योजना बना रहा है। इसमें दस्तावेजों के एकीकरण सहित अन्य सुधारों पर विचार किया जा रहा है। मंत्रालय ने यह पहल हितधारकों से सुझाव लेने के बाद शुरू की है। मंत्रालय के अनुसार, भारतीय कॉरपोरेट कार्य संस्थान के माध्यम से विभिन्न शहरों में संबंधित पक्षों के साथ परामर्श प्रक्रिया जारी है, जिसका उद्देश्य कॉरपोरेट अनुपालन ढांचे में सुधार करना है। इस परामर्श का मुख्य उद्देश्य कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय में विवरण जमा करने की प्रक्रिया सरल बनाना, विभिन्न फॉर्म का एकीकरण, डेटा आधारित प्रणाली की ओर बढ़ना, सीधे प्रसंस्करण प्रणाली (एसटीपी) का विस्तार करना और एमसीए21 संस्करण 3 के तहत ऐसे उपयोगकर्ता संपर्क माध्यम को अपनाना है जिसमें जानकारी पहले से भरी हो और उपयोगकर्ता आसानी से संवाद के माध्यम से विवरण भर सके।




## UPI से गलत खाते में गया पैसा, आएगा वापस

कारोबार डेस्क

आज के डिजिटल युग में UPI ने जीवन को बहुत आसान बना दिया है। बैंक आपकी जेब और खाता उंगलियों में है, लेकिन यही सुविधा कभी-कभी बड़ी परेशानी तब बन जाती है, जब आपका पैसा गलती से किसी अनजान अकाउंट में चला जाता है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल क्या UPI से गलत भेजा गया पैसा वापस मिल सकता है या सदा के लिए गया? हां! पैसा वापस आ सकता है लेकिन सही समय पर सही कदम उठा लिए जाएं तो...




### 5 बिन्दुओं में समझें

- UPI में Undo ऑप्शन नहीं होता
- इसलिए तुरंत एक्शन लेना ज़रूरी
- बैंक और NPCI दोनों को शिकायत करें।
- ऐसे मामलों में 24 घंटे अत्यधिक महत्वपूर्ण होते हैं।
- जरूरत पड़े तो RBI और बैंकिंग लोकपाल तक जाएं

### पैसा तुरंत वापस क्यों नहीं आता

- UPI एक सहमति आधारित सिस्टम है अर्थात आपने स्वयं ही पिन डालकर या बायोमेट्रिक से ट्रांजेक्शन को एप्रूव किया है।
- इसलिए बैंक खुद से पैसा वापस नहीं ले सकता, लेकिन कानूनी और सिस्टम प्रोसेस से आपको पैसा वापस मिल सकता है।
- यह 3 बातों पर निर्भर करेगा। 1. आपने कितनी जल्दी शिकायत की। 2. बैंक और सिस्टम की तत्परता। 3. सामने वाले का रवैया कैसा है।

### आसानी से समझें

- Step 1: गोल्डन मिनट में क्या करें?
  -जैसे ही गलती पता चले, तुरंत सामने वाले को कॉल/मैसेज करें। यूपीआई में ऐप में नाम वेरिफाई करें। कई मामलों में सामने वाला पैसा खुद वापस कर देता है।
- Step 2: सबूत तैयार करें, तुरंत ये करें-
  -ट्रांजेक्शन स्क्रीनशॉट लें
  -ट्रांजेक्शन आईडी नोट करें।
  -तारीख और समय को नोट कर लें।
  **यही आपका सबसे बड़ा सबूत है**
- Step 3: बैंक को तुरंत सूचना दें
  -अपने बैंक को तुरंत अलर्ट करें। कस्टमर केयर पर कॉल करें या ब्रांच विज़िट करें। बैंक ट्रांजेक्शन ट्रेस करेगा। फिर दूसरे बैंक को रिक्वेस्ट भेजेगा। ध्यान रखें कि ये हमारी ज़िम्मेदारी नहीं कहें तो भी फॉलो करें।
- Step 4: NPCI पर शिकायत करें
  -NPCI वेबसाइट खोलें। UPI कंप्लेंट सेक्शन में जाएं। गलत ट्रांसफर ऑप्शन चुनें। इसके बाद डिटेल्स भरें। इसका फायदा ये है कि मामला सीधे सिस्टम में एस्केलेट हो जाता है।

### क्या होगा

- बैंक पर दबाव बनेगा। इससे समाधान जल्दी मिलेगा।
- ये पूरी प्रक्रिया फ्री होती है

**ध्यान रखें-** UPI इर्रिवर्सिबल होता है। पिन डालने पर ट्रांजेक्शन पूरा होता है। बैंक ऑटो रिवर्स नहीं कर सकता, लेकिन लीगल रिकवरी संभव है। रिपोर्टिंग में देरी से मुश्किल हो सकती है। नियम सख्त हैं। तुरंत एक्शन लें।

### और क्या करें

- हमेशा पेमेंट से पहले नाम चेक करें।
- बड़ी रकम भेजने से पहले एक टेस्ट करें।
- UPI हिस्ट्री रेगुलर चेक करें।
- बैंक हेल्पलाइन नम्बर सेव रखें।
- अगर 30 दिन में समाधान नहीं मिला तो RBI Ombudsman यानी रिजर्व बैंक लोकपाल में शिकायत करें।

### काम की बात

- UPI ने जीवन को आसान बनाया है लेकिन जिम्मेदारी भी बढ़ाई है। छोटी सी असावधानी आपकी मेहनत की कमाई को खतरे में डाल सकती है। सही समय पर सही कदम उठाएं और पैसा वापस पायें। बेहतर होगा कि ट्रांजेक्शन सतर्क रहकर करें और पैसा भेजने से पहले दो बार चेक करलें कि प्राप्तकर्ता सही है या नहीं।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# टीएमसी प्रत्याशी और दो अन्य नेताओं के ठिकानों पर इनकम टैक्स के छापे

कोलकाता, एजेंसी।

आयकर विभाग ने रासबिहारी विधानसभा सीट से चुनाव लड़ रहे तृणमूल कांग्रेस के विधायक देबाशीष कुमार के आवास और भवानीपुर निर्वाचन क्षेत्र से पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की उम्मीदवारी के प्रस्तावक मिराज शाह के आवास समेत शहर में कई स्थानों पर शुक्रवार को तलाशी अभियान चलाया।




तृणमूल ने आरोप लगाया कि 23 और 29 अप्रैल को मतदान से कुछ दिन पहले की गई छापेमारी का मकसद पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी को परेशान करना और डराना था। आयकर विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि आयकर अधिकारियों के विभिन्न समूहों ने सुबह करीब छह बजे कुमार के आवास, चुनाव कार्यालय और उनसे जुड़ी कई अन्य संपत्तियों पर तलाशी शुरू की और छापेमारी जारी है। एक साथ तलाशी अभियान के तहत, दक्षिण कोलकाता के एल्गिन रोड स्थित मिराज शाह के आवास पर भी तलाशी ली गई।

शाह का संबंध एक स्थानीय शिक्षण संस्थान से बताया जाता है और वह विभिन्न धर्मों के उन चार व्यक्तियों में से एक थे, जिन्होंने चुनाव नामांकन में तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो का नाम प्रस्तावित किया था। लगभग उसी समय आयकर विभाग ने देबाशीष कुमार के करीबी सहयोगी और तृणमूल नेता कुमार साहा के कालीघाट स्थित आवास पर भी छापा मारा था।

अधिकारी ने बताया कि ये छापे विधानसभा चुनावों से पहले शहर भर के कई स्थानों पर बिना हिसाब-किताब वाले, बिना ऑडिट किए गए धन के प्रवाह का पता लगाने के लिए चलाए गए एक व्यापक अभियान का हिस्सा थे। कुमार को कथित भूमि धोखाधड़ी मामले के संबंध में प्रवर्तन निदेशालय ने हाल में कई बार तलब किया था। उन्हें एक, तीन और नौ अप्रैल को सॉल्ट लेक स्थित सीजीओ कॉम्प्लेक्स में पूछताछ के लिए बुलाया गया था और वह एजेंसी के समक्ष पेश हुए थे।

## बंगाल : कई प्रत्याशियों की संपत्ति 5 साल में कई गुना बढ़ी, शुभेंदु की घटी

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की जंगीपुर सीट से तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार जाकिर हुसैन ने 2021 के विधानसभा चुनावों में 67 करोड़ रुपये की संपत्ति होने की घोषणा की थी और अब पांच साल बाद, 2026 के चुनावी हलफनामे में उन्होंने 133 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति का उल्लेख किया है। पांच सालों में हुसैन की संपत्ति लगभग दोगुना बढ़ी है। संपत्ति में इजाफे के मामले में वह अकेले नहीं है। भाजपा के पुरुलिया विधायक सुदीप कुमार मुखर्जी, जो इस सीट से दोबारा चुनाव लड़ रहे हैं, की संपत्ति 2021 के 45 लाख रुपये से बढ़कर 2026 में 11 करोड़ रुपये पहुंच गई है, यानी संपत्ति में 2,344 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उत्तर दिनाजपुर जिले के रायगंज से दोबारा चुनाव लड़ रहे तृणमूल कांग्रेस के कृष्ण कल्याणी की संपत्ति लगभग 5.8 करोड़ रुपये से बढ़कर 20 करोड़ रुपये से अधिक हो गई है। सबांग से तृणमूल उम्मीदवार मानस रंजन भुनिया ने 2021 के मुकाबले दोगुनी 15 करोड़ रुपये होने का उल्लेख किया है। इसके विपरीत, निवर्तमान विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी की चल संपत्ति में गिरावट दर्ज की गई है। नंदीग्राम सीट और भवानीपुर सीट पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को चुनौती दे रहे भाजपा नेता के 2026 के चुनाव शपथपत्र से पता चलता है कि उनकी आय 2020-21 में लगभग 8.13 लाख से बढ़कर 2024-25 में 17.38 लाख रुपये हो गई है। हालांकि, शुभेंदु ने अपनी चल संपत्ति लगभग 24.57 लाख रुपये घोषित की है, जो 2021 में दर्ज किए गए 59.31 लाख रुपये से कम है।

# देश को टुकड़ों में बांट देगा भाजपा का परिसीमन विधेयक : ममता बनर्जी

कूच बिहार (पश्चिम बंगाल), एजेंसी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार संसद में महिला आरक्षण कानून में प्रस्तावित संशोधन का इस्तेमाल परिसीमन विधेयक के लिए आवरण के रूप में कर रही है, जो देश को टुकड़ों में बांट देगा।

उन्होंने यहां एक चुनावी रैली में कहा कि तृणमूल कांग्रेस इस कदम का हर स्तर पर विरोध करेगी। लोकसभा में बृहस्पतिवार को संविधान का 131वां संशोधन विधेयक पेश किया गया जिसका उद्देश्य महिला आरक्षण कानून में संशोधन के साथ-साथ परिसीमन और केंद्र शासित प्रदेश (संशोधन) विधेयक में बदलाव करना है। इन विधेयकों के जरिए दिल्ली, पुडुचेरी और जम्मू-कश्मीर में संशोधित महिला आरक्षण कानून को लागू करने का प्रस्ताव है। संविधान संशोधन विधेयक के अनुसार, 2011 की जनगणना के आधार पर परिसीमन की प्रक्रिया के बाद 2029 के आम चुनाव से पहले महिला आरक्षण कानून को कार्यान्वित करने के लिए लोकसभा सीटों की संख्या मौजूदा 543 से बढ़ाकर अधिकतम 850 की जाएंगी। उन्होंने केंद्र सरकार पर विधेयक पेश करने को लेकर विधि विरुद्ध कार्य करने का आरोप लगाया।



रोड शो के दौरान अभिवादन स्वीकार करती मुख्यमंत्री ममता बनर्जी।

### ममता ने दुर्गापुर में किया रोडशो

**दुर्गापुर (बंगाल), एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य के विधानसभा चुनाव से पहले यहां दुर्गापुर में पार्टी के उम्मीदवार के समर्थन में रोडशो किया। इस दौरान लोगों ने सड़क के दोनों तरफ और बालकनी व छतों पर खड़े होकर टीएमसी प्रमुख का अभिवादन किया। बनर्जी ने स्टील मार्केट से लगभग दो किलोमीटर दूर भिरिंगी मोड़ तक पहुंचीं। इस दौरान दुर्गापुर और आसपास के निर्वाचन क्षेत्रों के टीएमसी उम्मीदवार उनके साथ थे।पार्टी समर्थकों ने दीदी-दीदी और जय बांग्ला के नारों के बीच फूल बरसाकर बनर्जी का अभिवादन किया।

### चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल में घटाए मतगणना केंद्र

**कोलकाता,एजेंसी।** चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में मतगणना केंद्रों की संख्या कम कर दी है और सभी 294 निर्वाचन क्षेत्रों के वोटों की गिनती 87 केंद्रों पर की जाएगी। चुनाव आयोग ने आयोग ने मतगणना स्थलों की विस्तृत जिलावार सूची उनके पतों सहित जारी की है। वर्ष 2016 के विधानसभा चुनावों में 90 केंद्रों पर मतगणना की गई थी, जिसे 2021 में बढ़ाकर 108 कर दिया गया था। 2026 में यह संख्या काफी कम हो गई है। राज्य के उत्तर 24 परगना में सबसे अधिक 33 विधानसभा क्षेत्र हैं जिसमें मतगणना आठ केंद्रों पर होगी।

## स्टालिन हर छोटी बात पर विरोध-प्रदर्शन शुरू कर देते हैं: भाजपा नेता नागेंद्रन

**इरोड, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन ने मुख्यमंत्री एमके स्टालिन पर केंद्र सरकार की हर पहल और नीति के प्रति विरोध का रुख अपनाने का शुक्रवार को आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हमारे मुख्यमंत्री हर छोटी-छोटी बात पर विरोध-प्रदर्शन शुरू कर देते हैं। इन पांच वर्षों में उन्होंने जनता के लिए कोई योजना नहीं बनाई, सिर्फ अपने परिवार के आराम का ख्याल रखा। वह बस यही कहते आ रहे हैं कि हमारे और दिल्ली के बीच प्रतिस्पर्धा है। नागेंद्रन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के तमिलनाडु दौरे से पहले इरोड में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मोदी 18 अप्रैल को कोयंबटूर में एक भव्य जनसभा को संबोधित करेंगे, जबकि शाह 19 अप्रैल को मोदक्कुरिची निर्वाचन क्षेत्र में रोड शो निकालेंगे।



रोड शो के दौरान अन्नाद्रमुक के पलानीस्वामी।

## जीतकर नशामुक्त करेंगे तमिलनाडु : पलानीस्वामी

**सलेम (तमिलनाडु), एजेंसी।** अन्नाद्रमुक के महासचिव ए.के. पलानीस्वामी ने शुक्रवार को कहा कि विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी के सत्ता में आने पर तमिलनाडु को नशामुक्त बनाया जाएगा। संगागिरि में चुनाव प्रचार के दौरान पलानीस्वामी ने कहा कि छात्र नशे के आदी हो चुके हैं और अब इस बुराई को खत्म करने का समय आ गया है। अन्नाद्रमुक के सत्ता में आते ही गांजे की बिक्री पूरी तरह से समाप्त कर दी जाएगी। हम तमिलनाडु को नशामुक्त राज्य में बदल देंगे।

उन्होंने आरोप लगाया कि तमिलनाडु में कानून व्यवस्था की स्थिति काफी खराब हो गई है और महिलाओं और आम जनता के लिए कोई सुरक्षा नहीं है। पलानीस्वामी ने कहा कि हालात इतने भयावह हो गए हैं कि दो साल के बच्चे भी सुरक्षित नहीं हैं और वे यौन हिंसा और हत्या का शिकार हो रहे हैं। अगर तमिलनाडु में महिलाओं को सुरक्षित रखना है तो अन्नाद्रमुक को सत्ता में लाना होगा। उन्होंने कहा कि जनता की सुरक्षा का जिम्मा संभालने वाले पुलिसकर्मी भी मौजूदा सरकार में सुरक्षित नहीं हैं।

पलानीस्वामी ने कहा कि पिछले छह महीनों में ही छह पुलिसकर्मियों की हत्या कर दी गई है। पलानीस्वामी ने आरोप लगाया कि नशाखोरों द्वारा हत्या, लूटपाट और यौन हिंसा की घटनाएं हर दिन होती हैं। अन्नाद्रमुक प्रमुख ने कहा कि 525 चुनावी वादे करने के बावजूद द्रमुक उनमें से एक चौथाई भी पूरे नहीं कर पाई है।

वर्ल्ड ब्रीफ

## नेपाल: भारतीय डॉक्टरों के आईवीएफ शिविर पर रोक

**काठमांडू।** नेपाल सरकार ने दो भारतीय चिकित्सकों को काठमांडू के एक होटल में इन विट्रो फर्टिलाइजेशन (आईवीएफ) परामर्श शिविर आयोजित करने से रोक दिया है। नियामक निकाय 'नेपाल मेडिकल काउंसिल' (एनएमसी) ने बृहस्पतिवार को यह कदम इसलिए उठाया क्योंकि पाया गया कि दोनों चिकित्सकों ने चिकित्सा शिविर के लिए उससे कोई अनुमति नहीं ली है। एनएमसी के रजिस्ट्रार डॉ. सतीश कुमार देव ने से कहा, हमने भारतीय चिकित्सकों को हमारी अनुमति के बिना स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने से रोकने के लिए जिला प्रशासन कार्यालय से भी सहायता मांगी थी। विदेशी चिकित्सकों को नेपाल में किसी भी स्वास्थ्य शिविर या सेवा का संचालन से पहले अपनी डिग्री परिषद में पंजीकृत करानी होती है और सेवा के लिए अनुमोदन लेना होता है।

## खैबर पख्तूनख्वा में गैस पाइपलाइन में विस्फोट, आठ मरे

**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा के एक औद्योगिक क्षेत्र में बृहस्पतिवार को गैस पाइपलाइन में विस्फोट होने से आठ लोगों की मौत हो गई। पाकिस्तान में आपातकालीन सेवा मुहैया कराने वाले 'रेस्क्यू 1122' के एक अधिकारी के मुताबिक यह घटना हरिपुर जिले के हत्तर इंडस्ट्रियल एस्टेट में हुई। यह विस्फोट ग्रैंड ट्रंक रोड के पास एक कारखाने के निकट हुआ, जहां गैस पाइपलाइन में हुए जोरदार धमाके के बाद भीषण आग लग गई। निकट स्थित एक मकान भी आग की चपेट में आ गया। इस घटना में आठ लोगों की मौत हो गई। हरिपुर के जिला पुलिस अधिकारी ने बताया कि आग के तेजी से फैलने के बीच चार महिलाओं और छह बच्चों को बचा लिया गया है। कई महिलाएं और बच्चे गंभीर रूप से झुलस गए हैं और बचाव कार्य जारी है।

## संधू को दिल्ली का उपराज्यपाल बनाने पर ट्रंप ने दी बधाई



**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने राजनयिक तरनजीत सिंह संधू को दिल्ली का उपराज्यपाल नियुक्त किए जाने पर शुक्रवार को बधाई दी और उनके सफल कार्यकाल की कामना की। ट्रंप ने 'ट्रुथ सोशल' पर कहा, दिल्ली का नया उपराज्यपाल बनाए जाने पर तरनजीत संधू को बधाई! एक अनुभवी राजनयिक और अमेरिका में भारत के पूर्व राजदूत के रूप में उन्होंने अमेरिका एवं भारत के बीच संबंधों को मजबूत करने के प्रति हमेशा गहरी प्रतिबद्धता दिखाई। संधू 2020 से 2024 तक अमेरिका में भारत के राजदूत रहे। ट्रंप ने कहा, दिल्ली की प्रगति का नेतृत्व करने और वैश्विक संबंधों को आगे बढ़ाने में उनकी सफलता की कामना करता हूं। संधू को पांच मार्च को दिल्ली का उपराज्यपाल नियुक्त किया गया था। भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) से सेवानिवृत्त होने के बाद संधू 2024 के लोकसभा चुनाव से कुछ महीने पहले भाजपा में शामिल हो गए थे। भाजपा ने उन्हें अमृतसर से लोकसभा का उम्मीदवार बनाया था, लेकिन वह चुनाव हार गए थे।

# अमेरिका-ईरान के बीच दूसरे दौर की वार्ता के लिए पाकिस्तान में शुरू हुई तैयारियां

### देर शाम सक्रिय हुए अधिकारी, इस्लामाबाद-रावलपिंडी में अर्द्धसैनिक बलों के हजारों जवान तैनात

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

होर्मुज जलडमरूमध्य को व्यापारिक नौवहन के लिए खोलने के फैसले के एलान से पहले पाकिस्तान में बड़े पैमाने पर अमेरिका और ईरान के बीच होने वाली महत्वपूर्ण वार्ता के दूसरे दौर की मेजबानी की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। बृहस्पतिवार शाम से सुरक्षा अधिकारी अचानक सक्रिय हो गए। इस्लामाबाद के अधिकारियों के अनुसार, इस्लामाबाद के साथ पड़ोस के शहर रावलपिंडी में भी दूसरे प्रांतों से हजारों पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों के जवानों की तैनाती का सिलसिला शुरू हो गया है।

पाकिस्तान में आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि दोनों पक्षों को फिर से वार्ता की मेज पर लाने के लिए तेज कूटनीतिक गतिविधियां शुरू की गई हैं। अधिकारियों के मुताबिक पाकिस्तान के असैन्य और सैन्य नेताओं की वार्ता के परिणाम पर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं बताया गया है, लेकिन बृहस्पतिवार शाम से अचानक तैयारियां शुरू कर दी गईं। इस्लामाबाद और रावलपिंडी में सुरक्षाकर्मियों की तैयारियों को इसी नजरिए से देखा जा रहा है। आमतौर पर इस्लामाबाद प्रशासन बड़े सुरक्षा इंतजामों के समय प्रांतों से कानून-व्यवस्था बनाए रखने में मदद मांगता है। पहले दौर की वार्ता के दौरान इस्लामाबाद में 10,000 से अधिक सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए थे।

अमेरिका और ईरान ने सप्ताहांत में पाकिस्तान में ईरान में संघर्ष समाप्ति के लिए प्रत्यक्ष वार्ता की थी, लेकिन यह 21 घंटे चली यह बातचीत बिना किसी समझौते के समाप्त हो गई थी। दोनों देशों की ओर से दो सप्ताह के अस्थायी युद्धविराम का पालन जारी रखने से पाकिस्तान को मध्यस्थता फिर से शुरू करने का अवसर मिला।

सुलह कराने के गुप्त प्रयासों के तहत ही पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ बुधवार को तीन देशों की यात्रा पर रवाना हुए, जबकि उसी दिन फील्ड मार्शल आसिम मुनीर तेहरान पहुंचे। प्रधानमंत्री शरीफ सऊदी अरब और कतर के नेताओं से चर्चा के बाद बृहस्पतिवार रात तुर्किये पहुंचे, जबकि फील्ड मार्शल ने ईरान में 24 घंटे से अधिक समय बिताकर वहां के राजनीतिक और सैन्य नेताओं से मुलाकात की। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तान की मध्यस्थता कोशिशों की भरपूर सराहना की है और उसके प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ तथा फील्ड मार्शल मुनीर की बार-बार प्रशंसा करते हुए उन्हें बेहद सक्षम बताया है।



बेरूत में इजराइली हमले से क्षतिग्रस्त हुई इमारत और वाहनों को देखता एक लेबनानी नागरिक।

### परिवहन कंपनियों को संदेश, यातायात प्रतिबंधों के लिए तैयार रहें, स्कूल और बाजार भी बंद करने की तैयारी

इस्लामाबाद और रावलपिंडी जिलों के अधिकारियों ने परिवहन कंपनियों से संपर्क कर उन्हें सूचित किया है कि अन्य शहरों से आने वाले या दोनों शहरों से जाने वाले यातायात को भारी प्रतिबंधों का सामना करना पड़ सकता है। सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक संदेश के अनुसार, लागू होने के बाद ये प्रतिबंध अगले सप्ताह के अंत तक जारी रह सकते हैं। संदेश में नागरिकों से भी आग्रह किया गया है कि वे अगले सप्ताह अनावश्यक यात्रा से बचें या पहले से ही अच्छी तरह योजना बना लें। अधिकारियों ने बताया कि सड़क यातायात कम करने के लिए दोनों शहरों में शैक्षणिक संस्थान बंद किए जा सकते हैं और हवाईअड्डे के आसपास के बाजार भी बंद हो सकते हैं।

## इजराइल ने लेबनान में फंसाया पेच, कहा- 10 दिन का युद्धविराम अस्थायी

**तेल अवीव।** ईरान और अमेरिकी की शांति वार्ता की पहल के बीच इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने हिजबुल्ला के साथ शुक्रवार से शुरू हुए 10 दिवसीय युद्ध विराम को अस्थायी करार दिया है। काट्ज ने स्पष्ट किया कि इजराइली सेना लेबनान में अपने कब्जे वाले किसी भी क्षेत्र से पीछे नहीं हटेगी और वहां अपने शेष उद्देश्यों को भी पूरा करेगी। काट्ज ने एक बयान में कहा, आईडीएफ ने जिन क्षेत्रों को साफ किया है और जिन पर कब्जा किया है, वे उसके नियंत्रण में रहेंगे। लेबनान में जमीनी सैन्य कार्रवाई और पूरे लेबनान में हिजबुल्ला के खिलाफ किए गए हमलों ने कई उपलब्धियां हासिल की हैं, लेकिन वे अभी पूरी नहीं हुई हैं। इजराइली रक्षा मंत्री ने कहा, हम हिजबुल्ला के खिलाफ युद्ध के बीच लेबनान के अंदर हैं, जहां वर्तमान में 10 दिनों का अस्थायी संघर्ष विराम है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सैन्य या कूटनीतिक माध्यमों से हिजबुल्ला के हथियारों को नष्ट करने का लक्ष्य बरकरार है और इजराइल इसे पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। काट्ज ने स्वीकार किया कि ट्रंप की सीधी भागीदारी और लेबनान सरकार पर दबाव के माध्यम से एक महत्वपूर्ण कूटनीतिक अवसर बना है। इजराइली रक्षा मंत्री ने कहा कि दक्षिणी लेबनान में लिटानी नदी तक बनाए गए नए सुरक्षा क्षेत्र में अभी कई सशस्त्र आतंकवादी मौजूद हैं। लेबनान और इजराइल इस मुद्दे को कूटनीतिक रूप से सुलझाने का प्रयास करेंगे, अन्यथा सैन्य कार्रवाई फिर से शुरू की जाएगी।

- कब्जाए क्षेत्र नहीं छोड़ेगी सेना, हिज्बुल्ला के हथियारों को नष्ट करने का लक्ष्य बरकरार

## कर्नाटक : सड़क हादसे में एक ही परिवार के नौ लोगों की मौत

**यादगिर, एजेंसी**

- बस से टकराकर कार में लगी आग, मरने वालों में तीन महिलाएं और चार बच्चे

कर्नाटक में यादगिर जिले के सुरपुर तालुका में शुक्रवार को एक निजी बस से भिड़ंत के बाद कार में आग लगने से एक ही परिवार के नौ सदस्यों की मौत हो गई। यह दुर्घटना सुरपुर तालुका में शांतापुरा क्रॉस के पास हुई। मरने वालों में तीन महिलाएं और चार बच्चे थे।

पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान कृष्णा नायक (52) और उनकी पत्नी अनंत काला (45), शरणप्पा (36) और उनकी पत्नी निसर्गा (30), उनके बच्चे सिद्धार्थ (3), आद्विक (5), और श्रीनिधि (1.5) और शशिकला (30) और उनके बेटा चंदन (8) के रूप में हुई है। शशिकला का दूसरा बेटा विराट (10) बाल-बाल बच गया। प्रारंभिक जांच और प्रत्यक्षदर्शियों से बात करने के बाद पुलिस ने बताया कि आशंका है कि कार का टायर फट गया, जिसके बाद वह बेकाबू होकर निजी बस से जा टकराई।



दुर्घटना के बाद बस-कार से उठतीं आग की लपटें।

### टक्कर के बाद कार में लगी आग

बस से टक्कर के बाद कार में आग लग गई। पुलिस ने बताया कि कार में पांच बच्चों समेत 10 लोग सवार थे। दो बच्चों समेत चार लोग मौके पर जिंदा जल गए। उन्होंने कहा कि इन सभी को यादगिर चिकित्सा विज्ञान संस्थान ले जाया गया जहां इनमें से नौ को मृत घोषित कर दिया गया जबकि एक मात्र जिंदा बचे विराट का इलाज किया जा रहा है।

## अमेरिका में बढ़ी महंगाई पर उठे सवाल तो ट्रंप ने आंकड़ों को बताया फर्जी

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पश्चिम एशिया में ईरान के साथ जारी युद्ध के कारण बढ़ती ऊर्जा कीमतों पर घिरने लगे हैं। लास वेगास में उन्होंने एक कार्यक्रम के दौरान अपना का बचाव किया, साथ ही इस महंगाई को फर्जी बताया।



अमेरिकी श्रम विभाग की रिपोर्ट में पिछले महीने महंगाई में 0.9 प्रतिशत की बढ़ोतरी दिखाई गई है, जो चार वर्षों में सबसे बड़ा उछाल है। ट्रंप ने इस रिपोर्ट की सत्यता पर सवाल उठाते हुए इसे ईंधन और ऊर्जा की कीमतों में अस्थायी वृद्धि का परिणाम बताया और फर्जी महंगाई करार दिया। आम जनता के लिए खर्चों को वहन करने योग्य बनाना ट्रंप के 2024 के राष्ट्रपति अभियान का मुख्य आधार था। अब मध्यावधि चुनावों में भी जीवनयापन की लागत से जुड़ी चिंताएं बड़ी भूमिका निभा सकती हैं।

## कर्नाटक : हत्या के मामले में कांग्रेस विधायक को उम्रकैद

**बेंगलुरु, एजेंसी**

बेंगलुरु की एक अदालत ने शुक्रवार को भाजपा नेता योगेश गौड़ा की हत्या मामले में कांग्रेस विधायक विनय कुलकर्णी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने इस मामले में दोषी पाए गए 16 अन्य लोगों के लिए भी आजीवन कारावास की सजा मुकर्रर की है।

सांसदों और विधायकों से जुड़े मामलों की सुनवाई करने वाली विशेष अदालत के न्यायाधीश संतोष गजानन भट ने बुधवार को आपराधिक साजिश और हत्या सहित आईपीसी की संबंधित धाराओं के तहत कुलकर्णी और अन्य को दोषी ठहराया था। सीबीआई ने 16 अप्रैल को कुलकर्णी के लिए बिना किसी छूट के आजीवन कारावास की मांग की, वहीं विधायक के वकील ने उनकी सामाजिक सेवाओं, राजनीतिक पृष्ठभूमि और बच्चों तथा परिवार के अन्य सदस्यों के प्रति उनकी जिम्मेदारियों का हवाला देते हुए न्यूनतम सजा का अनुरोध किया।

भाजपा नेता और धारवाड़ जिला पंचायत के पूर्व सदस्य योगेश गौड़ा की 15 जून 2016 को धारवाड़ में हत्या कर दी गई थी। कुलकर्णी उस समय मंत्री थे।



- भाजपा नेता की हत्या में दोषी करार 16 अन्य आरोपी भी काटेंगे उम्रकैद

भाड़े के हमलावरों ने धारवाड़ के सप्तपुर स्थित जिम में गौड़ा पर हमला किया और उनकी बेरहमी से हत्या कर दी थी। गौड़ा के परिवार और अन्य लोगों की मांगों के बाद, तत्कालीन भाजपा सरकार ने 2019 में इस मामले को सीबीआई को सौंप दिया था।

सीबीआई ने 2020 में पूरक आरोपपत्र दाखिल किया, जिसमें कुलकर्णी को मुख्य षड्यंत्रकर्ता बताया गया। इसमें कहा गया कि कुलकर्णी धारवाड़ में गौड़ा को अपना राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी मानते थे और भाजपा नेता को खत्म करने के लिए उन्होंने भाड़े के हमलावरों का सहारा लिया था। सजा सुनाए जाने के बाद कुलकर्णी को विधायक पद के लिए अयोग्य घोषित किए जाने का अनुमान है।

## असम के चिरांग में वन विभाग के कार्यालय पर भीड़ का हमला, वाहनों में आग लगाई

**कोकराझार/गुवाहाटी, एजेंसी**

असम के चिरांग जिले में वन विभाग के अधिकारियों ने आरक्षित वन भूमि पर कब्जे के आरोप में कई लोगों को हिरासत में ले लिया और महिलाओं के साथ मारपीट की। इसके बाद शुक्रवार को उग्र भीड़ ने रनिखाता रेंज कार्यालय पर हमला कर दिया। भूटान सीमा के पास इस कार्यालय में भीड़ ने तोड़फोड़ कर कई सरकारी वाहनों को आग के हवाले कर दिया।

भीड़ के हमले में कई वनकर्मी घायल हो गए। पुलिस और अतिरिक्त सुरक्षाबलों की तैनाती के बाद स्थिति काबू में आई। सुरक्षा बलों ने लाठीचार्ज कर भीड़ को तितर-बितर किया। इसमें कई प्रदर्शनकारी भी घायल हो गए। वन विभाग के कार्यालय से हथियार और गोला-बारूद लूटे जाने की भी बात कही जा रही है लेकिन अधिकारियों ने इसकी पुष्टि करने के बजाय जांच करने की बात कही है।

भीड़ ने कार्यालय के साथ आवासीय परिसर में भी तोड़फोड़ की। अधिकारियों के मुताबिक, यह तनाव बृहस्पतिवार को उस समय शुरू हुआ जब वनकर्मियों ने सिखना ज्व्हवलाओ राष्ट्रीय उद्यान के अंतर्गत आने वाले रिपु चिरांग आरक्षित वन क्षेत्र में अवैध कटाई और जमीन साफ करने के आरोप में कुछ लोगों को हिरासत में लिया था। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि वनकर्मियों ने एक दिन पहले कई महिलाओं से भी मारपीट की।

### जमीन से कब्जा हटाने के नाम पर महिलाओं से मारपीट पर भड़के लोग, हथियार भी लूटे



चिरांग में वन विभाग कार्यालय में आग लाने के बाद तोड़फोड़ करते प्रदर्शनकारी।

## श्रीलंका प. एशिया संघर्ष से सर्वाधिक प्रभावित

**कोलंबो।** श्रीलंका पश्चिम एशिया संकट के कारण एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सबसे अधिक प्रभावित होने वाले देशों में शामिल है। इस संबंध में संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) की ओर से प्रकाशित यह रिपोर्ट बृहस्पतिवार को जारी की गई। इसमें इस बात का प्रारंभिक आकलन किया गया है कि जारी संघर्ष वैश्विक व्यापार, ऊर्जा बाजार और वित्तीय तंत्र को किस तरह अस्थिर कर रहा है।

## सीजेआई ने नए एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड को दी चेतावनी- एआई से न कराएं कानूनी कार्य

**नई दिल्ली।** सीजेआई सूर्यकांत ने शुक्रवार को विधि पेशे के नैतिक दायित्वों पर जोर देते हुए नए एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड (एओआर) को एआई या अन्य बाहरी पक्षों को कानूनी कार्य आउटसोर्स करने के खिलाफ सख्त चेतावनी दी।

संविधान के अनुच्छेद 145 के तहत सुप्रीम कोर्ट की ओर से बनाए गए नियमों के अनुसार केवल उन्हीं अधिवक्ताओं को शीर्ष अदालत में किसी पक्ष की ओर से पैरवी करने का अधिकार है जिन्हें एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड के रूप में नामित किया गया है। सुप्रीम कोर्ट वकीलों को एओआर के रूप में नामित करने से पहले उनकी परीक्षा आयोजित करता है।



- प्रवेशन समारोह को किया संबोधित

सीजेआई ने नए एओआर को उनके प्रवेशन समारोह में संबोधित करते हुए कहा कि वे न केवल बार के सदस्य हैं बल्कि न्यायालय के औपचारिक अधिकारी भी हैं, जिन पर न्यायपालिका उनकी कर्मठता के लिए बहुत अधिक निर्भर करती है और उन पर जताया गया भरोसा वह आधारशिला है जिस पर उन्हें अपनी प्रतिष्ठा का निर्माण करना चाहिए। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने एओआर से सभी कानूनी कार्य व्यक्तिगत रूप से करने का आग्रह करते हुए एआई या अन्य बाहरी तृतीय पक्षों को संबंधित कार्य आउटसोर्स करने के खिलाफ चेतावनी दी।

## चुनावी गर्मी के बीच भीषण लू की चपेट में आया तमिलनाडु

**चेन्नई, एजेंसी**

ऐसे में जबकि तमिलनाडु में पहले चरण का विधानसभा चुनाव नजदीक है, गर्मी का प्रकोप तेजी से बढ़ने से राज्य के कई हिस्से भीषण लू की चपेट में आ गए हैं। कई इलाकों में पारा 106 डिग्री फारेनहाइट तक पहुंच गया है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में तापमान में और वृद्धि होने की आशंका जताई है।

मौसम विभाग ने अनुमान जताया कि पश्चिमी घाट, दक्षिणी तटीय क्षेत्रों और डेल्टाई जिलों में 23 अप्रैल तक हल्की बारिश हो सकती है, जबकि बाकी हिस्सों



में मौसम शुष्क बना रहेगा। पिछले दो हफ्तों के दौरान तापमान में लगातार बढ़ोतरी देखी गई है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य के दस जिलों में तापमान 100 डिग्री फारेनहाइट के पार रहा, जबकि करूर परमथी में

- राज्य के 10 जिलों में 100 डिग्री फॉरेनहाइट के पार पहुंचा तापमान, अगले सप्ताह और बढ़ेगी गर्मी

इस मौसम का सबसे अधिक 106.2 डिग्री फारेनहाइट तापमान दर्ज किया गया। आने वाले दिनों में पारा दो से चार डिग्री तक और बढ़ने की संभावना है। बढ़ती गर्मी को देखते हुए स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लोगों को पानी की कमी (डिहाइड्रेशन) से बचने की सलाह दी है। डॉक्टरों ने पर्याप्त मात्रा में पानी, फलों का रस, नारियल पानी और छाछ पीने तथा दोपहर 12 बजे से तीन बजे के बीच यात्रा से बचने का सुझाव दिया है।

## इंडोनेशिया में हुई हेलीकॉप्टर दुर्घटना में आठ लोगों की मौत

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के बोर्नियो द्वीप पर बागानों के बीच उड़ान भर रहा एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उसमें सवार आठ लोगों की मौत हो गई। इंडोनेशियाई अधिकारियों ने बताया कि पश्चिम कालीमंतन प्रांत के मेलावी जिले से बृहस्पतिवार को उड़ान भरने के पांच मिनट बाद पीटी मैथ्यू एयर नुसंतारा के स्वामित्व वाले एयरबस एच130 से संपर्क टूट गया। वह कुबु राया जिले में स्थित ताड़ के तेल के एक बागान की ओर जा रहा था। परिवहन मंत्रालय के अनुसार, खोजकर्ताओं ने सेकाडाऊ जिले के घने जंगलों में मलबे का पता लगाया है।

रक्षा तैयारी

### शीर्ष सैन्य कमांडरों के सम्मेलन में दिया गया जोर, मानव रहित हवाई प्रणालियों को बताया गया सबसे जरूरी

## दुनिया में चल रहे सैन्य संघर्षों का सबक, आत्मनिर्भर हो सेना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सेना के शीर्ष कमांडरों के सम्मेलन में दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में चल रहे सैन्य संघर्षों और ऑपरेशन सिंदूर के अनुभवों के आधार पर सेना को हर तरह से सशक्त बनाने तथा उसकी जरूरतों को देश में ही पूरा करने के लिए रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर बल दिया गया। सैन्य नेतृत्व ने मानव रहित हवाई प्रणालियों और ड्रोन रोधी प्रणालियों के उपयोग सहित संचालन क्षमता बढाने की जरूरत पर भी जोर दिया।

रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी



एक वक्तव्य में कहा कि सेना के कमांडरों के 13 अप्रैल से शुरू हुए चार दिन के सम्मेलन की अध्यक्षता सेना प्रमुख ने की और इसमें शीर्ष सैन्य नेतृत्व ने भाग लिया। सम्मेलन को कैबिनेट सचिव, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष, रक्षा सचिव, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड के अध्यक्ष तथा नौसेना प्रमुख सहित सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों ने संबोधित किया। भविष्य के लिए तैयार बल बनने के दृष्टिकोण के अनुरूप, सेना ने वर्ष 2026 को "नेटवर्किंग और डेटा केंद्रितता" का वर्ष घोषित किया है। सम्मेलन में आधुनिकीकरण, युद्ध अभियानों में प्रौद्योगिकी के समावेशन, सिद्धांत और प्रशिक्षण आवश्यकताओं के साथ-साथ नेटवर्किंग और डेटा केंद्रितता से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई, ताकि परिचालन तत्परता को बढ़ाया जा सके और उभरती सुरक्षा चुनौतियों का सामना किया जा सके।

### बदलते भूराजनीतिक परिदृश्य का दिया हवाला

विशिष्ट वक्ताओं ने बदलते भूराजनीतिक परिदृश्य और उभरती वैश्विक, क्षेत्रीय तथा आंतरिक सुरक्षा गतिशीलताओं पर प्रकाश डाला। वैश्विक संघर्षों से प्राप्त अनुभवों के संदर्भ में, वक्ताओं ने भारत के रणनीतिक और सुरक्षा हितों की सुनिश्चित रक्षा के लिए सशक्त शक्ति की आवश्यकता पर जोर दिया, साथ ही अंतर-मंत्रालयी समन्वय, नागरिक और सैन्य संस्थानों के बीच बेहतर तालमेल तथा जटिल सुरक्षा चुनौतियों के लिए समन्वित राष्ट्रीय प्रतिक्रिया के लिए संपूर्ण राष्ट्र दृष्टिकोण पर बल दिया।

ऑपरेशन सिंदूर से प्राप्त अनुभवों के आधार पर तथा वर्तमान वैश्विक परिचालन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, वरिष्ठ सैन्य नेतृत्व ने मानव रहित हवाई प्रणालियों और उनके प्रतिरोधी प्रणालियों के उपयोग सहित परिचालन क्षमता आवश्यकताओं पर भी ध्यान केंद्रित किया। चर्चाओं के दौरान मौजूदा आपूर्ति श्रृंखला संकट को देखते हुए रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को मजबूत करने और दीर्घकालिक रणनीतिक सुदृढ़ता सुनिश्चित करने के लिए स्वदेशी उत्पादन क्षमताओं को तेजी से बढ़ाने की जरूरत पर बल दिया गया।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज आत्मविश्वास बढ़ा रहेगा। किसी नए काम की शुरुआत कर सकते हैं, लेकिन जल्दबाजी में गलती करने से बचना जरूरी है।

**वृष** — आज थोड़ा शांत रहकर काम करने की जरूरत है। किसी भी फैसले में जल्दबाजी न करें। खर्च बढ़ सकता है, बजट पर ध्यान रखें।

**मिथुन** — आज नए मौके पाने का दिन है। दोस्तों या संपर्कों से फायदा मिल सकता है। कोई नई योजना शुरू करने का मौका मिलेगा।

**कर्क** — आज मेहनत का फल जरूर मिलेगा। काम का दबाव बढ़ सकता है। परिवार का सहयोग संतुलन बनाए रखेगा।

**सिंह** — आज भाग्य आपका साथ देगा। कुछ नया करने का मन करेगा। आत्मविश्वास मजबूत रहेगा और लोग आपकी बात मानेंगे।

**कन्या** — आज थोड़ा संभलकर चलने की जरूरत है। अचानक कोई स्थिति बदल सकती है। किसी भी निर्णय में जल्दबाजी से बचें।

**तुला** — आज संबंधों के मामले में सुधार देखने को मिलेगा। नए सहयोग या साझेदारी के मौके मिल सकते हैं, जो आगे चलकर लाभ देंगे।

**वृश्चिक** — आज काम का बोझ बढ़ सकता है। दिनभर भागदौड़ रहेगी। मेहनत का परिणाम धीरे-धीरे आपके पक्ष में आएगा।

**धनु** — आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। जीवन में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे। कोई रचनात्मक काम आपको आगे बढ़ा सकता है।


**मकर** — आज परिवार से जुड़े मामलों पर ध्यान देना होगा। कोई जरूरी फैसला लेना पड़ सकता है। कामकाज सामान्य रहेगा।

**कुंभ** — आज संपर्क से लाभ मिलने का दिन है। छोटी यात्राएं या मीटिंग्स सफल रहेंगी। नई योजनाओं पर काम शुरू कर सकते हैं।

**मीन** — आज धन से जुड़े मामलों पर ध्यान देना जरूरी है। आय और खर्च दोनों बढ़ सकते हैं। सोच-समझकर फैसले लें।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 18 अप्रैल, शनिवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा 14.10 तक तत्पश्चात द्वितीया।

**दिशाशूल**-पूर्व, **ऋतु**- वसंत। **चन्द्रबल**- मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ। **ताराबल**-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। **नक्षत्र**-अश्विनी 09.42 तक तत्पश्चात भरणी।

### सुडोकू - 122 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 8 | 6 | 5 | 3 | 2 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 9 | 8 | 6 | 5 |
| 6 | 2 | 5 | 1 | 8 | 7 | 4 | 3 | 9 |
| 1 | 3 | 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 |
| 4 | 8 | 6 | 9 | 7 | 5 | 1 | 2 | 3 |
| 2 | 5 | 9 | 3 | 1 | 8 | 6 | 4 | 7 |
| 5 | 7 | 2 | 8 | 4 | 1 | 3 | 9 | 6 |
| 8 | 9 | 4 | 7 | 3 | 6 | 5 | 1 | 2 |
| 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 2 | 7 | 8 | 4 |

### सुडोकू -123

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 8 | | 2 | 5 | |
| | 5 | | | 1 | | | 4 | |
| 6 | | | 5 | | | | | |
| | | 2 | | 6 | | 9 | | |
| | 1 | | | | | 8 | 6 | |
| 8 | | 9 | | 2 | | 4 | | |
| | | | 3 | | 9 | | | 6 |
| | 3 | | | 7 | | | 8 | |
| | | 4 | | 5 | | | | |



> पैट कमिंस चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ सनराइजर्स हैदराबाद के साथ घरेलू मैच से ठीक एक दिन पहले शुक्रवार को अपनी टीम के साथ जुड़ेंगे है। लेकिन वह जयपुर में राजस्थान रॉयल्स के साथ होने वाले मैच के लिए 25 अप्रैल से ही उपलब्ध होंगे।
> –डेनियल विटोरी, मुख्य कोच, हैदराबाद

# स्टेडियम

अयोध्या, शनिवार, 18 अप्रैल 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## IPL 2026

### आज के मुकाबले

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु **बनाम** दिल्ली कैपिटल्स
**समय** - दोपहर 3:30 बजे

सनराइजर्स हैदराबाद **बनाम** चेन्नई सुपर किंग्स
**समय** - शाम 7:30 बजे

### ऑरेंज कैप



- विराट कोहली बेंगलुरु–228 रन
- हेनरिक क्लासेन हैदराबाद–224 रन
- रजत पाटीदार बेंगलुरु–222 रन

### पर्पल कैप

- प्रसिद्ध कृष्णा गुजरात – 11 विकेट
- अंशुल कंबोज चेन्नई – 10 विकेट
- प्रिंस यादव लखनऊ– 9 विकेट



# टाइटंस ने केकेआर को 180 रनों पर समेटा, ग्रीन ने खेली आकर्षक पारी

## आईपीएल-2026 : गुजरात के लिए कैगिसो रबाडा ने तीन विकेट लिए

**अहमदाबाद, एजेंसी**

कैमरून ग्रीन ने लय में वापसी करते हुए 79 रनों की जुझारू पारी खेली, लेकिन गुजरात टाइटंस ने शुक्रवार को आईपीएल मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स को 180 रन पर समेट दिया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी केकेआर की शुरुआत खराब रही और टीम ने पहले चार ओवरों में ही तीन विकेट गंवा दिए। कैगिसो रबाडा (29 रन पर तीन विकेट) और मोहम्मद सिराज (23 रन पर दो विकेट) की तेज गेंदबाजी जोड़ी ने नई गेंद से कहर बरपाते हुए शीर्ष क्रम को ध्वस्त कर दिया, जबकि अशोक शर्मा (45 रन पर दो विकेट) और प्रसिद्ध कृष्णा (32 रन पर एक विकेट) ने अच्छा साथ दिया। ऑस्ट्रेलिया के हरफनमौला ग्रीन ने शुरुआती झटकों के बाद पारी को संभाला और 55 गेंदों में सात चौकों और चार छक्कों की मदद से 79 रन बनाए। उन्होंने रोवमैन पॉवेल (27) के साथ चौथे विकेट के लिए 55 रन और अनुकूल रॉय (नौ) के साथ पांचवें विकेट के लिए 60 रन की साझेदारी की। ग्रीन ने खासतौर पर राशिद खान के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाते हुए पांच चौके और चार छक्के जड़े, हालांकि अफगान स्पिनर ने पारी की आखिरी गेंद पर उन्हें विकेटकीपर के हाथों कैच करा दिया।



शॉट लगाते कोलकाता नाइट राइडर्स के बल्लेबाज कैमरून ग्रीन। एजेंसी

ग्रीन को किस्मत का भी साथ मिला। वह शुरुआत में पगबाधा की अपील से बचे और फिर 14वें ओवर में राशिद की लगातार गेंदों पर उन्हें दो जीवनदान मिले। इस ओवर की दूसरी गेंद पर बटलर स्टंपिंग का मौका चूक गए, जबकि अगली गेंद पर बाउंड्री पर वाशिंगटन सुंदर ने कैच टपका दिया। दोनों मौकों पर गेंद चार रनों के लिए चली गई। ग्रीन उस समय 58 रन पर खेल रहे थे। एक छोर से विकेटों के लगातार पतन के कारण आखिरी ओवरों में ग्रीन तेजी से रन बनाने में नाकाम रहे।

इससे पहले मोहम्मद सिराज ने पहले ही ओवर में अजिंक्य रहाणे को खाता खोले बिना आउट कर केकेआर को झटका दिया। इसके बाद रबाडा ने शानदार आउटस्विंगर पर अंगकृष रघुवंशी (आठ) को विकेटकीपर के हाथों कैच कराया। सत्र का पहला मैच खेल रहे टिम सीफर्ट (19) ने कुछ आकर्षक शॉट लगाए, लेकिन रबाडा की शॉर्ट गेंद पर ग्लेन फिलिप्स ने उनका शानदार कैच लपका।

रिंकू सिंह का खराब फॉर्म इस मैच में भी जारी रहा। वह एक रन बना कर आउट हुए जबकि रमनदीप सिंह ने आठ गेंदों में 17 रन का योगदान दिया। पॉवेल ने कुछ समय तक आक्रामक बल्लेबाजी की, लेकिन अशोक शर्मा ने उन्हें धीमी गेंद पर आउट कर ग्रीन के साथ 55 रन की साझेदारी तोड़ दी।

## अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पंजाब किंग्स | 5 | 4 | 0 | 1 | 9 | 1.067 |
| 2. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 5 | 4 | 1 | 0 | 8 | 1.503 |
| 3. | राजस्थान रॉयल्स | 5 | 4 | 1 | 0 | 8 | 0.889 |
| 4. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 5 | 2 | 3 | 0 | 4 | 0.576 |
| 5. | दिल्ली कैपिटल्स | 4 | 2 | 2 | 0 | 4 | 0.322 |
| 6. | गुजरात टाइटंस | 4 | 2 | 2 | 0 | 4 | -0.029 |
| 7. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 5 | 2 | 3 | 0 | 4 | -0.804 |
| 8. | चेन्नई सुपर किंग्स | 5 | 2 | 3 | 0 | 4 | -0.846 |
| 9. | मुंबई इंडियंस | 5 | 1 | 4 | 0 | 2 | -1.076 |
| 10. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 5 | 0 | 4 | 1 | 1 | -1.383 |

## डगआउट में फोन का इस्तेमाल करना रॉयल्स के मैनेजर भिंडर पर पड़ा भारी

- बीसीसीआई ने लगाया एक लाख रुपये का जुर्माना
- भ्रष्टाचार रोधी नियमों के उल्लंघन का लगाया आरोप

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने राजस्थान रॉयल्स के टीम मैनेजर रोमी भिंडर पर डगआउट में फोन के इस्तेमाल को लेकर भ्रष्टाचार रोधी नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है और बोर्ड के कारण बताओ नोटिस का संतोषजनक जवाब न देने पर उन्हें चेतावनी भी जारी की है। यह जानकारी बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने शुक्रवार को पीटीआई को दी। यह उल्लंघन 10 अप्रैल को गुवाहाटी में राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेले गए आईपीएल मैच के दौरान हुआ था। इसके बाद शरद कुमार के नेतृत्व वाली बीसीसीआई की भ्रष्टाचार रोधी इकाई (एसीयू) ने भिंडर को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा। सैकिया ने बताया कि एसीयू भिंडर के जवाब से संतुष्ट नहीं थी, जिसके बाद उन्हें दोषी पाया गया। आईपीएल खिलाड़ियों एवं मैच अधिकारियों के क्षेत्र (पीएमओए) प्रोटोकॉल के अनुसार, डगआउट में फोन का इस्तेमाल वर्जित है, जबकि ड्रेसिंग रूम में इसकी अनुमति है। उन्होंने कहाशरद कुमार के नेतृत्व वाली टीम ने भिंडर के जवाब की जांच की और उन्हें दोषी पाया। नोटिस पर उनका जवाब संतोषजनक नहीं था। सैकिया ने कहा उन्हें प्रोटोकॉल का उल्लंघन



करने का दोषी पाया गया है। चूंकि यह पहली बार का अपराध है, इसलिए उन पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है और चेतावनी जारी की गई है। आईपीएल ने एक बयान में कहा गलती को स्वीकार करते हुए भिंडर ने बिना शर्त माफी मांग ली है। भिंडर के करीबी सूत्रों ने बताया कि वह स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे हैं और उन्हें लंबी दूरी तक चलने तथा सीढ़ियां चढ़ने में दिक्कत होती है। सूत्र ने कहा, डगआउट में फोन का इस्तेमाल सख्त मना है और आईपीएल में लंबे समय से जुड़े होने के कारण, मुझे यकीन है कि भिंडर इस बात से अवगत थे। यह अनजाने में भी हो सकता था, लेकिन बीसीसीआई ने इस मामले को उचित तरीके से निपटा दिया है।

## हाईलाइट

### पोंटिंग ने अर्शदीप के प्रदर्शन को बताया असाधारण

**नई दिल्ली।** पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने अर्शदीप सिंह के खराब दौर की अटकलों को खारिज करते हुए मुंबई इंडियंस के खिलाफ टीम की सात विकेट की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले इस बाएं हाथ के तेज गेंदबाज की कार्यशैली की सराहना की। अर्शदीप ने बृहस्पतिवार को अपने शुरुआती स्पैल में शानदार गेंदबाजी करते हुए रयान रिकेल्टन और सूर्यकुमार यादव को आउट किया और फिर आखिरी ओवरों में शेरफेन रदरफोर्ड को पवेलियन भेजा। आईपीएल के मौजूदा सत्र में अर्शदीप की शुरुआत चुनौतीपूर्ण रही है।

### बल्लेबाजों पर हर पारी में 230 रन बनाने का दबाव : हेजलवुड


**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने कहा है कि आईपीएल में बड़े स्कोर बनाने की बढ़ती होड़ गेंदबाजों के पक्ष में भी जा सकती है, क्योंकि बल्लेबाजों पर लगातार आक्रामक शुरुआत करने का दबाव रहता है। अगर गेंदबाज कुछ ओवरों तक रन रोकने में सफल रहते हैं, तो इससे बल्लेबाजों की लय और एकाग्रता बिगड़ सकती है। आईपीएल में अब तक खेले गए 24 मैचों में से 21 बार 200 रन का आंकड़ा पार किया जा चुका है और अक्सर बल्लेबाज गेंदबाजी आक्रमण की जमकर धुलाई करते नजर आते हैं। दर्शकों के लिए यह शानदार है कि गेंदें स्टैंड्स में जा रही हैं, पर गेंदबाजों के नजरिए से दबाव कम होता है क्योंकि बल्लेबाजों से अच्छी शुरुआत की उम्मीद होती है।

# दिल्ली के खिलाफ अपना दबदबा बरकरार रखने उतरेगा आरसीबी

**बेंगलुरु, एजेंसी**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र में एक ऐसी टीम है जिसने खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है और वह शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ यहां होने वाले मैच में भी अपना दबदबा बनाए रखने की कोशिश करेगी।

आरसीबी की टीम में अभी तक सारा ध्यान विराट कोहली पर केंद्रित रहा है और इस दिग्गज बल्लेबाज ने भी अपने प्रशंसकों को निराश नहीं किया है। उन्होंने अब तक टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाए हैं और ऑरेंज कैप उनके पास है। लेकिन कोहली भी यह स्वीकार करेंगे कि आरसीबी की बल्लेबाजी अब पूरी तरह से उन पर निर्भर नहीं है। कप्तान रजत पाटीदार, देवदत्त पडिक्कल, फिल साल्ट और टिम डेविड ने इस सत्र में अपनी तूफानी बल्लेबाजी से विशेष छाप छोड़ी है और वे दिल्ली के खिलाफ इसे जारी रखना चाहेंगे।



अभ्यास सत्र के दौरान विराट कोहली।

पाटीदार ने छक्के जड़ने की अपनी काबिलियत का शानदार नमूना पेश किया है। वह पांच मैच में 21 छक्के लगाकर शीर्ष पर काबिज हैं। अन्य बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन से कोहली को अपना नैसर्गिक खेल खेलने की छूट मिली है। इसके विपरीत दिल्ली के बल्लेबाज अभी तक जूझते रहे हैं।

### टीम

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु :** रजत पाटीदार (कप्तान), विराट कोहली, टिम डेविड, जैकब बेथेल, रोमारियो शेफर्ड, जोश हेज़लवुड, नुवान तुषारा, देवदत्त पडिक्कल, जितेश शर्मा, क्रुणाल पंड्या, रसिख डार, भुवनेश्वर कुमार, जॉर्डन कॉक्स, सुयश शर्मा, वेंकटेश अय्यर, स्वप्निल सिंह, जैकब डफी, कनिष्क चौहान, अभिनंदन सिंह, मंगेश यादव, फिल साल्ट, सात्विक देसवाल, विक्की ओस्तवाल, विहान मल्होत्रा।

**दिल्ली कैपिटल्स :** अक्षर पटेल (कप्तान), केएल राहुल, करुण नायर, डेविड मिलर, पथुम निसांका, साहिल पारख, पृथ्वी साव, अभिषेक पोरेल, ट्रिस्टन स्टब्स, समीर रिजवी, आशुतोष शर्मा, विप्रज निगम, अजय मंडल, त्रिपुराना विजय, माधव तिवारी, औकिब डार, नीतीश राणा, मिचेल स्टार्क, टी नटराजन, मुकेश कुमार, दुष्मंथा चमीरा, लुंगी एनगिडी, काइल जैमीसन, कुलदीप यादव।

# हिंगे-साकिब फिर कमाल दिखाने को बेताब

- सनराइजर्स हैदराबाद की चेन्नई सुपर किंग्स से भिड़ंत आज

**हैदराबाद, एजेंसी**

प्रफुल्ल हिंगे और साकिब हुसैन जैसे होनहार तेज गेंदबाजों को मैदान में उतारने के बाद संतुलित नजर आ रही सनराइजर्स हैदराबाद की टीम शनिवार को यहां चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में नए आत्मविश्वास के साथ मैदान पर उतरेगी।

अनुभवी गेंदबाज हर्षल पटेल और जयदेव उनादकट की जगह टीम में शामिल किए गए इस युवा जोड़ी ने आते ही शानदार प्रदर्शन किया और पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स का स्कोर पहले तीन ओवरों के अंदर ही पांच विकेट पर नौ रन कर दिया। इससे रॉयल्स को इस सत्र की पहली हार का सामना करना पड़ा।

विदर्भ के 24 वर्षीय तेज गेंदबाज हिंगे ने शुरू में वैभव सूर्यवंशी, ध्रुव जुरेल और लुआन-ड्रे प्रिटोरियस जैसे बल्लेबाजों को आउट किया। उन्होंने चार ओवर में 34 रन देकर चार विकेट लिए। बिहार के रहने वाले 21 वर्षीय हुसैन ने भी अपने पदार्पण मैच में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने बीच के ओवरों में गेंदबाजी से प्रभावित किया और चार विकेट लिए जिससे राजस्थान 216 रन का पीछा करते हुए 159 रन पर आउट हो गया। इन दोनों युवा गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से सनराइजर्स के तेज गेंदबाजी आक्रमण को मजबूती मिली है। इससे उस टीम को बेहतर संतुलन मिला है जो अभिषेक शर्मा, ट्रैविस हेड, ईशान किशन और क्लासेन जैसे बल्लेबाजों पर ही निर्भर थी।



सनराइजर्स हैदराबाद के गेंदबाज साकिब हुसैन व प्रफुल्ल हिंगे।

### संजू की फॉर्म में वापसी से चेन्नई को राहत

संजू सैमसन के टी20 विश्व कप वाली फॉर्म में वापसी करने से सीएसके को कुछ राहत मिली है। उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ नाबाद शतक जड़ा और उसके बाद कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ जीत में 48 रन बनाए। गायकवाड़ के फॉर्म में न होने के कारण सीएसके उन्हें मध्यक्रम में भेजने और युवा आयुष म्हात्रे को पारी के शुरुआत करने के लिए भेजने पर विचार कर सकता है। आयुष ने अपनी पिछली चार पारियों में दो अर्धशतक लगाकर प्रभावित किया है। सीएसके की टीम ने लगातार दो मैच जीतकर अच्छी वापसी की है।

### टीम

**सनराइजर्स हैदराबाद :** ईशान किशन (कप्तान), अभिषेक शर्मा, अमित कुमार, सलिल अरोड़ा, ब्रायडन कार्स, पैट कमिंस, हर्ष दुबे, क्रेन्स फुलेट्रा, ट्रैविस हेड, प्रफुल्ल हिंगे, हेनरिक क्लासेन, लियाम लिविंगस्टोन, ईशान मलिंगा, कामिंदु मेंडिस, नीतीश कुमार रेड्डी, हर्षल पटेल, डेविड पायने, साकिब हुसैन, शिवम मावी, शिवांग कुमार, रविचंद्रन स्मरण, ओंकार तरमाले, उनादकट, अनिकेत वर्मा।

**चेन्नई सुपर किंग्स :** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), डेवाल्ड ब्रेविस, एमएस धोनी, उर्विल पटेल, संजू सैमसन, शिवम दुबे, आयुष म्हात्रे, श्रेयस गोपाल, जेमी ओवरटन, अंशुल कंबोज, गुरजापनीत सिंह, नूर अहमद, अकील हुसैन, प्रशांत वीर, कार्तिक शर्मा, मैथ्यू शॉर्ट, अमन खान, सरफराज खान, मैट हेनरी, राहुल चाहर, जैकरी फॉल्क्स, स्पेंसर जॉनसन, रामकृष्ण घोष और मुकेश चौधरी।

**उबेर कप**

**डेनमार्क में भारत के अभियान को लगा करारा झटका**

# चोटिल त्रिसा के कारण महिला युगल जोड़ी फाइनल से हटी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत की त्रिसा जॉली की टखने की चोट के कारण उनकी और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी ने आगामी उबेर कप फाइनल्स से हटने का फैसला किया। इससे डेनमार्क में भारत के अभियान को करारा झटका लगा। भारत 24 अप्रैल से तीन मई तक डेनमार्क के होर्सेन्स में होने वाले थॉमस और उबेर कप फाइनल्स में हिस्सा लेगा।

भारतीय युगल कोच बी सुमित रेड्डी ने पीटीआई से कहा दुखद है कि बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के लिए रवाना होने से महज दो तीन दिन पहले त्रिसा का टखना मुड़ गया। ट्रेनिंग के दौरान यह दुर्घटना हुई जब उनका पैर उनकी जोड़ीदार के पैर पर पड़ गया।

उन्होंने कहा वह अभी आराम कर रही हैं और 'रिहैबिलिटेशन' करेंगी। यह बड़ी चोट नहीं है, चार हफ्तों में यह ठीक हो जाना चाहिए। वह मई के अंत में होने वाले सिंगापुर ओपन में वापसी की कोशिश करेंगी। त्रिसा के कंधे की वजह से पिछले महीने भी यह भारतीय जोड़ी स्विस ओपन से हट गई थी। बासेल में पहले दौर के शुरूआती गेम में यह जोड़ी चीनी ताइपे की हु लिंग फांग और झेंग यु चिएह की जोड़ी से पिछड़ रही थी जिसके बाद उन्हें रिटायर होना पड़ा। सुमित ने कहा युगल में इस तरह की मामूली चोट होती रहती हैं। उसे (त्रिसा) को पहले कंधे की समस्या हुई थी लेकिन अब यह ठीक है। भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) ने उनकी जगह अब श्रुति मिश्रा और प्रिया कोंजेंगबाम को चुना है जिनकी विश्व रैंकिंग 48 है। यह जोड़ी उस भारतीय टीम का हिस्सा थी जिसने 2024 में बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। वहीं सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी थॉमस कप फाइनल्स की तैयारी के लिए पहले ही डेनमार्क के लिए रवाना होंगे। सुमित ने कहावे टूर्नामेंट से कुछ दिन पहले डेनमार्क में ट्रेनिंग करना चाहते हैं। वे कल रवाना होंगे। विश्व रैंकिंग पर चौथे स्थान पर काबिज सात्विक और चिराग की जोड़ी ने भी मार्च में स्विस ओपन क्वार्टरफाइनल से हटने का फैसला किया था। ऐसा सात्विक की कंधे की चोट के कारण हुआ था। इस जोड़ी ने इस हफ्ते के शुरू में बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में भी हिस्सा नहीं लिया था।



गायत्री गोपीचंद व त्रिसा जॉली।

### अल्काराज और जोकोविच मैड्रिड ओपन में नहीं खेलेंगे

**मैड्रिड।** विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज और नोवाक जोकोविच के क्ले कोर्ट सत्र के प्रमुख टूर्नामेंट मैड्रिड ओपन से हटने के कारण बड़ा झटका लगा है। अल्काराज ने कहा कि उन्हें इस टूर्नामेंट से हटने का 'दुख' है और वह लगातार दूसरे वर्ष मैड्रिड ओपन में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। यह टूर्नामेंट सोमवार से शुरू होना है। अल्काराज हाल ही में दाहिनी कलाई की चोट से जूझ रहे हैं। उन्होंने बुधवार को बार्सिलोना ओपन से भी नाम वापस ले लिया था। इससे पहले विश्व के चौथे नंबर के खिलाड़ी नोवाक जोकोविच भी कंधे की चोट के कारण मैड्रिड ओपन से हट चुके हैं।

### मेसी ने बार्सिलोना का एक निचली लीग क्लब खरीदा

**मैड्रिड।** एफसी बार्सिलोना के पूर्व फॉरवर्ड लियोनेल मेसी ने स्पेन के पांचवें दर्जे के क्लब यूएई कोर्नेला को खरीदने का काम पूरा कर लिया है। अर्जेंटीना के इस दिग्गज खिलाड़ी ने, जो एमएलएस टीम इंटर मियामी के लिए खेलते हैं, बार्सिलोना के बाहरी इलाके में स्थित इस क्लब का 100 प्रतिशत मालिकाना हक हासिल कर लिया है।

यूएई कोर्नेला फिलहाल आरएफईएफ थर्ड डिवीजन के ग्रुप 5 से ऊपर उठने की कोशिश कर रहा है; पिछले सीजन में यह आरएफईएफ सेकंड डिवीजन से नीचे खिसक गया था। 1951 में स्थापित इस क्लब ने एक बयान जारी करते हुए कहा कि मेसी का आना क्लब के इतिहास में एक नए अध्याय की शुरुआत है, जिसका मकसद खेल को बढ़ावा देना है।

# एस्टन विला यूरोपा लीग के सेमीफाइनल में

**बर्मिंघम, एजेंसी**

ओली वाटकिंस ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा जिससे एस्टन विला ने बोलोग्ना को 4-0 से हराकर यूरोपा लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया जहां उसका मुकाबला नॉटिंघम फॉरेस्ट से होगा।

एस्टन विला ने इस तरह से 7-1 के कुल स्कोर से जीत हासिल करते हुए तीन सत्र में दूसरी बार यूरोपीय प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाई। वाटकिंस ने पिछले सप्ताह इटली में एस्टन विला की क्वार्टरफाइनल के पहले चरण में 3-1 की जीत में दो गोल किए थे। उन्होंने दूसरे चरण में 16वें मिनट में गोल किया जो इस क्लब की तरफ से उनका 100वां गोल था। एस्टन विला की तरफ से एमिलियानो बुएंडिया, मॉर्गन रोजर्स और एजरी कोंसा ने भी गोल किए।



एक अन्य मैच में फॉरेस्ट ने पोर्टो को 1-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। पिछले हफ्ते पुर्तगाल में हुए दोनों टीम 1-1 से बराबरी पर रही थी। इस तरह से फॉरेस्ट ने कुल मिलाकर 2-1 से जीत दर्ज की।फ्रीबर्ग ने सेल्टा विगो को 3-1 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। जर्मनी की टीम ने पिछले सप्ताह क्वार्टर फाइनल के पहले चरण में 3-0 की जीत के बाद 6-1 के कुल स्कोर के साथ पहली बार किसी यूरोपीय प्रतियोगिता के अंतिम चार में जगह बनाई। फ्रीबर्ग का अगला मुकाबला ब्रागा से होगा।